■ वर्ष-22 ■ अंक-48
■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00

दिल्ली (राष्ट्रीय संस्करण)

■ शुक्रवार ■ 4 अप्रैल 2025

चैत्र शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत्-2082

E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

# दैनिक समय जगत

दिल्ली, भोपाल, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

देश की राजधानी से प्रकाशित होकर विभिन्न प्रदेशों में प्रसारित

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in

## माँ कालरात्रि



**एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।**
**लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥**
**वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टक भूषणा।**
**वर्धन्मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी॥**

श्री दुर्गा का सप्तम रूप श्री कालरात्रि हैं। ये काल का नाश करने वाली हैं, इसलिए कालरात्रि कहलाती हैं। नवरात्रि के सप्तम दिन इनकी पूजा और अर्चना की जाती है। इस दिन साधक को अपना चित्त भानु चक्र (मध्य ललाट) में स्थिर कर साधना करनी चाहिए। संसार में कालो का नाश करने वाली देवी 'कालरात्री' ही है। भक्तों द्वारा इनकी पूजा के उपरांत उसके सभी दुःख, संताप भगवती हर लेती है। दुश्मनों का नाश करती है तथा मनोवांछित फल प्रदान कर उपासक को संतुष्ट करती हैं।



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग की समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में समीक्षा की।

### प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में सरकार सुशासन के मूल भाव को कर रही साकार

# कुशल वित्तीय प्रबंधन से ही संभव है विकास : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में डबल इंजन की सरकार जनहितैषी संकल्पों के साथ अग्रसर है। उद्योग-व्यापार से लेकर खेलों तक राज्य में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार के मार्गदर्शन और नीति आयोग के निर्देशों के अनुरूप प्रत्येक विभाग में सुशासन के मूल भाव के साथ गतिविधियों की मॉनिटरिंग जारी है। राज्य सरकार के हर विभाग ने अपने-अपने क्षेत्र में श्रेष्ठतम कार्य करने का संकल्प लिया है। राज्य सरकार कुशल वित्तीय प्रबंधन के आधार पर अपनी पुरानी देनदारी चुका कर, नई दृष्टि से विकास के पैमानों पर आगे बढ़ रही है।विकास के साथ औद्योगिक गतिविधियों और जन हितैषी कार्यों का विस्तार इन्हीं दृढ़संकल्पों की परिणीती है। राज्य सरकार, प्रदेशवासी और अधिकारी- कर्मचारी एकजुट होकर एक भावना के साथ प्रगति पर अग्रसर हों, इसी मंशा के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने इस वर्ष बजट में कोई नया टैक्स नहीं लगाया, बावजूद इसके गत वर्ष की तुलना में बजट में 16 प्रतिशत की वृद्धि की गई। कुशल वित्तीय प्रबंधन और सभी के सहयोग से सरकार हर क्षेत्र में अपने तय लक्ष्यों को प्राप्त कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि राज्य सरकार ने शासकीय कर्मचारियों के हित में लगभग 10-15 वर्ष तक पुराने भत्तों की राशि बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके लिए वर्ष 2025-26 के बजट में राशि आवंटित की गई है, जिससे सरकार पर करीब 1500 करोड़ रुपए का व्यय भार आएगा। उन्होंने कहा कि सरकार कुशल वित्तीय प्रबंधन के आधार पर ही अपने अधिकारी-कर्मचारियों की बेहतरी का ध्यान रख पा रही है। उन्होंने कहा कि विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में प्रदेश को प्राप्त हो रही उपलब्धियों का श्रेय अधिकारी-कर्मचारियों को जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि पूरे देश में मध्यप्रदेश एकमात्र ऐसा राज्य है, जिसने अपनी 7-8 साल पुरानी सारी देनदारी चुकाने का कार्य किया। हमारी सरकार ने एमएसएमई और हैवी इंडस्ट्रीज सहित सभी प्रकार की इकाइयों को गत एक वर्ष में लगभग 5 हजार 225 करोड़ रुपए की राशि देने का काम किया है।



हमारी सरकार नवीन पहलों के माध्यम से उद्योगों के लिए निरंतर सकारात्मक वातावरण बना रही है। राज्य सरकार विकास के लिए प्रदेश से जुड़ने वाले उद्योगों से किये गये अपने सभी संकल्पों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कुशल वित्तीय प्रबंधन के आधार पर सभी केंद्रीय कोयला कंपनियों की देनदारियों का शत-प्रतिशत भुगतान कर दिया है। जेनरेशन कंपनी के चारों ताप विद्युत गृहों के कुशल प्रबंधन के फलस्वरूप अब तक का सर्वाधिक 11.73 लाख मैट्रिक टन कोयले का भंडारण किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने अरविंद जोशी के निधन पर जताया शोक

**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने माधवाश्रम न्यास गौशाला के संस्थापक व पूर्ण अध्यक्ष अरविंद जोशी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अरविंद जोशी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सरकार्यवाह एवं वर्तमान में अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश भैयाजी जोशी के बड़े भाई थे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने परिजन के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए, बाबा महाकाल से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को दु:ख की इस घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## बंगाल की खाड़ी में सबसे लंबी कोस्टल लाइन हमारी: जयशंकर

### बिम्सटेक में शामिल होने थाईलैंड पहुंचे विदेश मंत्री



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर इस समय बिम्सटेक में हिस्सा लेने के लिए थाईलैंड में हैं. इस दौरान जयशंकर ने राजधानी बैंकॉक में बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के पूर्वोत्तर को भारत से जोड़ने वाले चिकन नेक वाले बयान और खुद को इस क्षेत्र के समंदर का एकमात्र गार्जियन बताने पर मुंहतोड़ जवाब दिया है। जयशंकर ने बांग्लादेश के मोहम्मद यूनुस को आईना दिखाते हुए कहा कि भारत बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बिम्सटेक के संबंध में अपनी जिम्मेदारी से अवगत है. बंगाल की खाड़ी में भारत की सबसे लंबी तटरेखा भी है, जो लगभग 6,500 किलोमीटर है। उन्होंने कहा कि हमारे पास बंगाल की खाड़ी में लगभग 6500 किलोमीटर की सबसे लंबी तटरेखा है. हमारा पूर्वोत्तर क्षेत्र सड़कों, रेलवे, जलमार्ग, ग्रिड और पाइपलाइनों के नेटवर्क के साथ बिम्सटेक के लिए कनेक्टिविटी केंद्र के रूप में उभर रहा है. इसके अलावा त्रिपक्षीय राजमार्ग का पूरा होना भारत के उत्तर पूर्व को प्रशांत महासागर तक जोड़ देगा, जो एक वास्तविक गेम-चेंजर है. हम इस बात के प्रति सचेत हैं कि इस बड़े भूगोल में वस्तुओं, सेवाओं और लोगों के सुचारू प्रवाह के लिए हमारा सहयोग और सुविधा एक आवश्यक शर्त है. इस भूरणनीतिक कारक को ध्यान में रखते हुए हमने पिछले दशक में बिम्सटेक को मजबूत करने के लिए बढ़ती ऊर्जा और ध्यान समर्पित किया है।

### यूनुस ने चीन को दिया निवेश का न्यौता

चीन दौरे पर गए बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने चीन की धरती पर कहा था कि इस क्षेत्र के समंदर का एक मात्र गार्जियन ढाका है. चीन को अपने देश में निवेश करने का न्योता देते हुए यूनुस ने कथित तौर पर भारत की मजबूरियां गिनाई थी और चीन को लुभाते हुए कहा था कि उसके पास बांग्लादेश में बिजनेस का बड़ा मौका है। मोहम्मद यूनुस ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों का जिक्र करते हुए कहा था कि भारत के पूर्वोत्तर राज्यों, जिन्हें सेवन सिस्टर्स कहा जाता है. वे चारों ओर से भूमि से घिरे हुए देश हैं, भारत का लैंड लॉक्ड क्षेत्र हैं. उनके पास समुद्र तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं है. इस पूरे क्षेत्र में जो समंदर है उसका एक मात्र गार्जियन बांग्लादेश है. चिकन नेक, जिसे सिलीगुड़ी कॉरिडोर के नाम से भी जाना जाता है. यह लगभग 20-22 किलोमीटर चौड़ा और 60 किलोमीटर लंबा क्षेत्र है. ये वही रास्ता है जो भारत की मुख्य भूमि को इसके पूर्वोत्तर राज्यों (जिन्हें सेवन सिस्टस भी कहा जाता है) से जोड़ता है। सवाल उठता है कि इसे चिकेन नेक क्यों कहते हैं? दरअसल इसका नाम चिकन नेक इसलिए पड़ा क्योंकि यह मुर्गी की गर्दन की तरह पतला है. 22 चरू चौड़ा ये रास्ता मेनलैंड इंडिया को पूर्वोत्तर भारत से जोड़ता है. इसकी वजह से यह भौगोलिक और सामरिक दृष्टि से संवेदनशील है. यह कॉरिडोर नेपाल, बांग्लादेश, भूटान और चीन जैसे पड़ोसी देशों से घिरा हुआ है, जिसके कारण इसका महत्व और भी बढ़ जाता है।

### एमपी -छत्तीसगढ़ समेत 12 राज्यों में आंधी-बारिश और ओले का अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आने वाली हवाओं के चलते देशभर में मौसम बदल गया है। पिछले हफ्ते हीटवेव से जूझ रहे कई राज्यों अगले कुछ दिनों तक बारिश और बादल की वजह से तापमान घट जाएगा। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक गुरुवार को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र समेत 12 राज्यों में आंधी- बारिश और ओले गिर सकते हैं। यहां 40-50 किमी. प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। यूपी, बिहार, बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु, केरल, कनार्टक, आंध्र प्रदेश, कोंकण, गोवा और नॉर्थ ईस्ट के सातों राज्यों में बारिश का अलर्ट है।

## स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष की यात्रा कराएंगे ऐलन मस्क



**वॉशिंगटन।** अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को धरती पर लाने वाले अरबपति एलन मस्क की स्पेसएक्स कंपनी ने 31 मार्च को अपना नया मिशन फेम 2 लॉन्च किया। इस मिशन के दौरान एक स्पेसक्राफ्ट पहली बार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर पृथ्वी के ऑर्बिट के ऊपर से गुजरेगा। इस यात्रा के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों को मिलने वाले दृश्य को लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया जिसे देखकर हर कोई हैरान रह गया। स्पेसएक्स का फेम 2 मिशन 31 मार्च 2025 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। इस मिशन में चार अंतरिक्ष यात्री जिन्हें नौसिखिया कहा जा सकता है को पोलर ऑर्बिट में भेजा गया। मिशन के शुरू होने के केवल 10 मिनट बाद ही स्पेसक्राफ्ट ने निचली पृथ्वी कक्षा में अपनी यात्रा शुरू की। फाल्कन 9 लॉन्च व्हीकल से अलग होने के बाद, रेजिलिएंस नामक स्पेसक्राफ्ट ने अपनी यात्रा जारी रखी और मिशन के उद्देश्यों को पूरा किया। इस मिशन के जरिए स्पेसएक्स ने एक नए अध्याय की शुरुआत की है जो न केवल अंतरिक्ष यात्रियों के लिए रोमांचक है बल्कि पृथ्वी के शानदार दृश्यों को देखने का एक अनोखा अवसर भी प्रदान करता है। स्पेसएक्स द्वारा पोस्ट किए गए इस वीडियो को एलन मस्क ने भी अपने एक्स अकाउंट पर साझा किया। वीडियो में अंतरिक्ष के अद्भुत नजारे के साथ पृथ्वी का खूबसूरत दृश्य देखा जा सकता है। वीडियो को देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब अंतरिक्ष यात्री ऑर्बिट के ऊपर से गुजरते हैं तो पृथ्वी को किस नजर से देखते हैं। यह दृश्य वाकई में आंखें खोलने वाला है। मिशन के दौरान पृथ्वी के उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों के आसपास का नजारा जो पहले कभी नहीं देखा गया था।

## अब झीलों और नदियों में भी घटने लगी ऑक्सीजन

### 7.7 प्रतिशत ऑक्सीजन लॉस हुई दर्ज




**वाशिंगटन।** आने वाले समय में झील,नदियां और समुद्र अपना अस्तित्व खो दें तो हैरान होने की जरुरत नहीं है। चीनी एकेडमी ऑफ साइंसेज की नई स्टडी कुछ इसी तरह का इशारा कर रही है। जिसमें कहा गया है कि झीलों और नदियों से ऑक्सीजन खत्म हो रही है।1980 से 2017 के बीच झीलों की सतह के पानी में 5.5 प्रतिशत और गहरे पानी में 18.6 प्रतिशत तक ऑक्सीजन की कमी दर्ज की गई है। यह गिरावट नदियों और समुद्रों में भी देखी गई है, लेकिन कुछ झीलों में ऑक्सीजन स्तर समुद्रों से नौ गुना तेजी से गिरा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर यह ट्रेंड जारी रहा तो आने वाले दशकों में झीलों का पारिस्थितिकी तंत्र गंभीर खतरे में पड़ सकता है। इस कमी के पीछे कई वजहें हैं, जिनमें ग्लोबल वार्मिंग सबसे अहम है। 2003 से 2023 के बीच 85प्रतिशत झीलों में हीटवेव्स की संख्या बढ़ी है। पानी का तापमान बढ़ने से उसमें ऑक्सीजन घुलने की क्षमता कम हो जाती है, जिससे ऑक्सीजन स्तर में गिरावट आती है। इस प्रक्रिया के कारण 7.7प्रतिशत ऑक्सीजन लॉस दर्ज किया गया है। दूसरी बड़ी वजह एल्गल ब्लूम यानी शैवाल का तेजी से फैलना है। खेतों में इस्तेमाल होने वाले कीटनाशकों और पशुओं के मल से झीलों में नाइट्रोजन और फॉस्फोरस की मात्रा बढ़ गई है, जिससे शैवाल पनप रहे हैं। ये शैवाल झीलों की ऑक्सीजन सोखकर डेड जोन बना रहे हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक, एल्गल ब्लूम्स ने कुल 10प्रतिशत ऑक्सीजन लॉस में योगदान दिया है।

### भारत में 4,515 जरूरतमंद बच्चों को मिला परिवार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अनुसार, भारत में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान बच्चों को गोद लेने की संख्या रिकॉर्ड 4,515 रही, जो बीते 12 वर्षों में सबसे अधिक है। इसमें से 4,155 बच्चों को घरेलू स्तर पर अपनाया गया, जिससे देश में कानूनी गोद लेने की बढ़ती स्वीकार्यता दिखाई देती है। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) ने प्रभावी पहचान अभियान के तहत 8,598 नए बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया में शामिल किया, जिससे और अधिक जरूरतमंद बच्चों को परिवार मिल सके। गोद लेने की प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाने के लिए राज्य सरकारों के सहयोग से 245 नई एजेंसियां स्थापित की गईं। कारा ने बताया कि अक्टूबर 2024 से जनवरी 2025 तक गोद लेने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया और 16 राज्यों में दत्तक माता-पिता के साथ बैठकें आयोजित कीं।

### वक्फ संशोधन विधेयक को कई नेताओं ने बताया ऐतिहासिक और सुधारवादी कदम



**नई दिल्ली।** लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि मेरा मानना है कि इन संशोधनों के बाद विधेयक को एक ऐसा ढांचा और स्वरूप दिया गया है, जो गरीब मुसलमानों के पक्ष में है। यह उन लोगों के अधिकारों की बात करता है जो अभी भी मुस्लिम समुदाय में हाशिए पर हैं, चाहे वे पिछड़ी मुस्लिम जातियों से हों या मुस्लिम महिलाएं हों। ये संशोधन उन्हें मुख्यधारा में जोड़ने में लाभकारी होगा। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने 2013 में तुष्टीकरण के कारण जो गलतियां की थीं, उन्हें सुधार दिया गया है। इससे गरीबों और महिलाओं का समावेश सुनिश्चित हुआ है। हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में वक्फ बोर्ड समृद्ध होगा। यह भूमि हड़पने के बारे में नहीं है, बल्कि गरीबों के लिए भूमि अधिकार सुरक्षित करने के बारे में है।भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि हम संतुष्ट हैं कि वक्फ विधेयक पारित होने के साथ एक ऐतिहासिक फैसला हुआ है। इस संशोधन से अब गरीबों, विधवाओं, अनाथ बच्चों, महिलाओं और अन्य लोगों को लाभ मिलेगा।


### बिल का विरोध | सीएम स्टालिन ने कहा, तमिलनाडु लड़ेगा और हासिल करेगा सफलता

# वक्फ संशोधन बिल को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी डीएमके

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुरुवार को लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित होने की कड़ी निंदा की और घोषणा की कि डीएमके इस विधेयक को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। विधानसभा में बोल रहे सीएम स्टालिन ने कहा, तमिलनाडु लड़ेगा और इस लड़ाई में सफलता भी हासिल करेगा।

लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पारित होने के विरोध में डीएमके विधायकों ने विधानसभा सत्र के दौरान काली पट्टियां बांधकर विरोध दर्ज कराया। स्टालिन ने सदन को याद दिलाया कि 27 मार्च को तमिलनाडु विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें वक्फ संशोधन विधेयक को वापस लेने का आग्रह किया गया था। इस प्रस्ताव में कहा गया था कि यह विधेयक धार्मिक सद्भाव को कमजोर करता है और अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। सीएम स्टालिन ने कहा, कि देश भर में अधिकांश राजनीतिक दलों ने इस विधेयक का विरोध किया, फिर भी इसे लोकसभा में पारित कर दिया गया, जो अत्याधिक निंदनीय है। हालांकि यह सदन से पारित हो गया है, लेकिन इसके खिलाफ बड़ी संख्या में वोटों को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

### सीएम स्टालिन ने की विधेयक को पारित करने के समय और तरीके की आलोचना



सीएम स्टालिन ने इस तथ्य पर जोर दिया कि 232 सदस्यों ने विधेयक का विरोध किया था, जो कि कोई मामूली आंकड़ा नहीं है। उन्होंने आगे कहा, कि विपक्ष और भी मजबूत हो सकता था। इस कानून को पूरी तरह से वापस लिया जाना चाहिए। सीएम स्टालिन ने विधेयक को पारित करने के समय और तरीके की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, कि देश के अधिकांश राजनीतिक दलों के विरोध की अनदेखी करते हुए, रात 2 बजे इस तरह के संवेदनशील कानून को पेश करना और पारित करना भारत के संविधान पर सीधा हमला है और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने का प्रयास है। उन्होंने दोहराया कि डीएमके वक्फ (संशोधन) विधेयक को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी और तमिलनाडु इस कानून के खिलाफ अपनी कानूनी और राजनीतिक लड़ाई जारी रखेगा। लोकसभा ने 12 घंटे की लंबी बहस के बाद गुरुवार, 3 अप्रैल को तड़के विधेयक पारित कर दिया। कुल 288 सदस्यों ने इसके पक्ष में मतदान किया, जबकि 232 ने इसका विरोध किया। व्यापक विरोध के बावजूद, विपक्षी सदस्यों द्वारा पेश किए गए सभी संशोधनों को ध्वनि मत से खारिज कर दिया गया।

### अब जापान में आया तेज भूकंप

**टोक्यो।** ऐसा लगता है कि इस वक्त पूरी दुनिया में भूकंप की बाढ़ सी आ रही है। आए दिन कहीं न कहीं भूकंप के झटके लग रहे हैं। म्यांमार अभी भूकंप के झटकों से उबर तक नहीं सका था कि जापान में भी धरती डोल उठी। 2 अप्रैल की शाम जापान के क्यूशू क्षेत्र में 6.0 तीव्रता का भूकंप आया। म्यांमार में आए 7 से अधिक मैग्नीट्यूड वाले भूकंपों के बाद यह सबसे तगड़ा भूकंप रहा। हालांकि, अभी तक इससे बड़े पैमाने पर नुकसान की खबर नहीं है। एक दिन पहले ही जापान सरकार ने एक भीषण भूकंप की चेतावनी दी थी। जापानी सरकार के अनुसार, प्रशांत तट के पास 9 तीव्रता का विशाल भूकंप (मेगा भूकंप) आ सकता है, जिससे लाखों लोगों की मौत हो सकती है और अर्थव्यवस्था को 181 खरब डॉलर का नुकसान हो सकता है।

# पुष्प वर्षा कर किया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन का स्वागत

– नरेन्द्र दमेले –

**समय जगत, मऊरानीपुर।** विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी सामाजिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस द्वारा नगर में निकाली गई विशाल पथ संचलन यात्रा का सराफा बाजार में वरिष्ठ समाजसेवी एवं श्री लक्ष्मण दास दमेले न्यास के अध्यक्ष गोपाल दास दमेले के संयोजन में में व्यापारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया। अभिनंदन स्वागत भारत माता के लगाएं जयकारे। कार्यक्रम मै प्रमुख रूप से सुनील गुप्ता जगमोहन भोडेले सुरेंद्र सरावगी मनीष बिलैया सुखराम सोनी संतोष वर्मा रमेश चंद्र सोनी संतोष गुप्ता लक्ष्मीकांत आर्य रमेश चंद्र लोहिया विजय बिलैया दयाराम रावत दिलीप दमेले



ओमप्रकाश पोद्दार लकी लोहिया राम गुलाम सोनी सत्येंद्र गुप्ता रामविलास शर्मा ओमप्रकाश कटारे दीपू अग्रवाल राजू बजाज अमित कटारे राजू गुप्ता अमन साउंड सर्विस दीपू सोनी प्रकाश चंद सोनी संतोष रठा अशोक सोनी दौलत कुशवाहा सौरभ पोद्दार सुरेश सोनी सोनू दमेले दिनेश सोनी विपुल अग्रवाल उमेश सोनी आयुष अग्रवाल उज्जवल दमेले मनोहर विश्वकर्मा संदीप सोनी अक्षत दमेले रवि आर्य ध्रुव पाटकर रवि सोनी कृष सोनी रामकिशोर कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

## प्रयास सभी के लिए की नव निर्वाचित कार्यकारिणी और नवीन सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**समय जगत, झांसी।** प्रयास सभी के लिए की वर्ष 2025-26 की नव निर्वाचित कार्यकारिणी और नवीन सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह राधिका मंडपम विवाह घर में संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेडा के निर्देशन, अध्यक्ष वैदेही शरण सरावगी की अध्यक्षता, मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे के मुख्य आथित्य, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे नीरज भटनागर के विशिष्टआथित्य, अशोक पासी व नवीन श्रीवास्तव के संयोजन में आयोजित हुआ। मां सरस्वती की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदे मातरम् गायन के साथ शुरू हुए शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम के प्रारंभ में मंचासीन अतिथियों, अन्य संस्थाओं से पधारे पदाधिकारियों एवं नवीन सदस्यों का तिलक लगाकर ब माल्यार्पण कर स्वागत किया। उसके बाद मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त विमल कुमार दुबे ने प्रयास की नव निर्वाचित कार्यकारिणी के निर्विरोध अध्यक्ष बने रामबाबू शर्मा, महा मंत्री इंजीनियर के डी गुप्ता, कोषाध्यक्ष एडवोकेट दिनेश वर्मा को व विशिष्ट अतिथि नीरज भटनागर ने महिला विंग अध्यक्ष ऋतु पुरवार, सचिव सरिता अग्रवाल व अन्य कार्यकारिणी सदस्यों को दायित्व की शपथ दिलाई। तत्पश्चात संस्था के निवर्तमान अध्यक्ष वैदेही सरावगी ने पूरे वर्षभर किए गए सेवा कार्यों का ब्यौरा दिया व नवीन सदस्यों को नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामबाबू शर्मा ने युगल रूप से प्रयास के सेवा कार्यों के प्रति उत्तरदायित्व की शपथ दिलाई। संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेडा ने स्वागत भाषण में कहा कि प्रयास सभी के लिए के मूल सिद्धांत संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण पर आधारित वर्ष पर्यंत चलने वाले विविध कार्यक्रमों के कारण आज प्रयास की अपने सेवा कार्यों के लिए विशिष्ट पहचान हैं। सदस्यों का अनुशासन और संगठनात्मक कार्यशैली प्रयास परिवार को विशिष्ट बनाती हैं। मंचासीन मण्डलायुक्त विमल कुमार दुबे ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी एवं नवीन सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि चरित्र निर्माण से राष्ट्र निर्माण के सिद्धांत पर चल रहे प्रयास के सभी कार्यक्रमों में सबसे महत्वपूर्ण संस्था देश एवं समाज के प्रति संगठनात्मक उत्तरदायित्व का बोध कराती हैं। कार्यकारिणी सदस्यों को सम्मानित करते हुए विशिष्ठ अतिथि नीरज भटनागर ने कहा कि वर्ष पर्यंत किए कार्यक्रमों की लम्बी सूची देखकर लगता है कि शायद ही कोई सप्ताह खाली गया होगा जब कि संस्था का कोई सेवा कार्य ना हुआ हो इसके लिये संस्था को बहुत बहुत बधाई। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष सुनील खरे ने पूरे प्रयास परिवार से मिले सहयोग के लिए आभार जताते हुए संस्था को अपनी विशिष्ट पहचान के लिए सदस्यों के सक्रिय सहयोग को श्रेय दिया। कार्यक्रम में नितिन सरावगी पिंटू, विशाल गुप्ता, राजीव जैन ऋशर, तरुण कंथरिया, राजेन्द्र अग्रवाल रज्जू, अलका गेडा, रेखा लोहिया, कुमकुम गुप्ता, रेखा शर्मा, शारदा सुनील खरे, सपना सुजीत अग्रवाल, चेतना प्रभाष खंडेलवाल, संगीता दिनेश वर्मा, मधु अशोक पासी, निशा नवीन श्रीवास्तव, सुनीता संजय खरे एडवोकेट, नमिता सुनील गुप्ता बब्बल, माया राजेंद्र पटवारी, ज्योति अनिल श्रीवास्तव एडवोकेट, अनीता दिनेश चौरसिया, अनिता अरूण खरे, निधि विवेक अग्रवाल, श्वेता बृजेश बडोनिया, साधना लखन पटवारी, कविता नवीन माहेश्वरी, मीना एच् ?न शर्मा, सीमा अनूप अग्रवाल, सरिता अशोक अग्रवाल पीएनबी, ऋतु सुभाष पुरवार, कुसुम संजय जैन कर्नल, सीमा महेश चंद मिश्रा, संचिता राजेश गुप्ता, हर्षिता देवेश मिश्रा, निशा अम्बिका श्रीवास्तव, पूजा देवेन्द्र अग्रवाल गुडडू, सी वी राय तरुण, राधा केदारनाथ पहारिया, रेनू पवन नैयर, शशि पवन अग्रवाल, ज्योति अशोक ओम्हरे, अनिता अजीत अग्रवाल, अनीता नरेंद्र मुखरैया, रामप्यारी एम एल मिश्रा, मुक्ता मनोज अरोरा, इंदु महेंद्र दीवान, अनु गिरीश दीवान, नीरू रवि पाण्डे, संध्या मनीष सेठ गलीचा, शोभा सुशील तिवारी, इंदिरा राम कुमार अग्रवाल यूको, सरोज मनोज त्रिवेदी, सतीश साहनी, वी पी नायक, गीता हरविंद कुमार, हेमलता रामकुमार यादव, आरती सुंदर ग्वाला, हेमलता राजेंद्र शर्मा, अर्चना देवेंद्र गुप्ता ऋशर, प्रज्ञा प्रदीप गुप्ता रानीपुर, शशि बलराम गुप्ता, विपुल विवेक अरोरा मौजूद रहे।

## सरसेंडा में नवीन बिल्डिंग का एम एल सी ने किया उद्घाटन



**समय जगत, गुरसराय।** विकासखंड बामौर के ग्राम सरसेडा में उच्च प्राथमिक विद्यालय की नवीन बिल्डिंग का हुआ उद्घाटन।मुख्य अतिथि रमा आर पी निरंजन ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर बोलते हुये रमा निरंजन एम एल सी ने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा के प्रति संवेदनशील है। सभी को अच्छी शिक्षा मिले। शिक्षा उन्नति के द्वार खोलती है।शिक्षा विभाग से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विपुल शिवसागर, खंड शिक्षा अधिकारी श्याम प्रकाश यादव, वरिष्ठ नेता पुष्पेंद्र भडोकर, कैलाश निरंजन, पुष्पेंद्र प्रधान, सत्येंद्र प्रधान, ज्योति प्रकाश प्रधान, मन्नू प्रधान, कमलेश प्रधान, सुमित सोनी, रोहित ठाकुर, सुशांत घोष, ऋषभ पटेल, आलोक प्रजापति, मानवेंद्र पटेल, पियूष कोटेदारआदि उपस्थित रहे।

अंत में आभार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश पटेल ने किया।

## वनवासी कल्याण आश्रम ने किया केन्द्र सरकार का अभिनंदन

**झांसी।** दो अप्रेल को लोक सभा में वक्फ बोर्ड के प्रावधानों में सुधार के संदर्भ में चर्चा शुरू हुई और देर रात बिल 288 मतों से पारित हुआ। वनवासी कल्याण आश्रम ने कुछ समय पूर्व जेपीसी के समक्ष देश भर के विभिन्न स्थानों पर अपना पक्ष रखते हुए ज्ञापन दिएं थे। उसी के कारण जेपीसी ने अपनी रिपोर्ट में सरकार से यह सिफ़ारिश की कि वक़्फ़बिल में जनजातियों की ज़मीन की सुरक्षा के प्रावधान करें। वनवासी कल्याण आश्रम ने गत 15 दिनों के सतत प्रयासों का यह परिणाम है कि कानून एवं अल्पसंख्यक विभाग के माननीय मंत्री श्री किरेन रिजिजू ने लोक सभा में यह घोषणा की कि जनजातियों की ज़मीन; संविधान की पाँचवी और छठी अनुसूची की जनजाति भूमि वक़्फ़ के दायरे से बाहर रहेगी।

## 40 वर्ष पुरानी पंजाब नेशनल बैंक का हुआ नवीनीकरण मंडल प्रमुख ने फीता काटकर किया उद्घाटन

अजय शुक्ल अज्जू

**समय जगत, पूँछ।** नगर की एकमात्र इकलौती पंजाब नेशनल बैंक जो की 40 वर्ष पूर्व स्थापित की गई थी शाखा प्रबंधक अवधेश यादव के प्रयास से बैंक अब एकदम वातानुकूलित होने के साथ-साथ बैंक के भवन को शहरों की तरह सुसज्जित कर दिया गया है ग्राहकों के बैठने की समुचित व्यवस्था एवं बैंक उपभोक्ताओं को बेहतर से बेहतर सुविधा देने के लिए शाखा प्रबंधक से लेकर बैंक कर्मचारी पूरी तरह से सक्रिय दिखाई दिए बैंक के नवीनीकरण के बाद आज पंजाब नेशनल बैंक झांसी मंडल के प्रमुख राजीव बंसल के द्वारा फीता काटकर बैंक का उद्घाटन किया गया इस मौके पर मंडल प्रमुख राजीव बंसल ने कहा कि उपभोक्ताओं की संतुष्टि ही हमारा प्रमुख लक्ष्य उन्होंने कहा कि पहले बैंक में जगह कम होने के कारण उपभोक्ता परेशान होते थे काफी भीड़ नजर आती थी अब बैंक के भवन का नवीनीकरण करने के



बाद इसका विस्तार किया गया है बैंक अधिकारियों के साथ उपभोक्ताओं को भी बैंक कर्मचारियों का एवं शाखा को बढ़ाने में सहयोग करना चाहिए उद्घाटन मौके पर शाखा प्रबंधक अवधेश यादव राही गोस्वामी देवेंद्र गौतम मोहित अग्रवाल गौरव पटेल अभिषेक निहारिका राम प्रकाश फौजी बुध सिंह यादव अतर सिंह राजपूत प्रधान सिकंदरा सुरेश यादव हेमंत यादव अजय पाल यादव उदय यादव राम राजा राजपूत मिथिलेश गुप्ता सुनील राजपूत ओमप्रकाश कन्देले गुड्डन परिहार रवी कनकने सचिन गुप्ता नरेंद्र सविता नीरज लखेरा सहित बैंक उपभोक्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### आम सूचना

मैं अनिता पत्नी बलीराम शिंदे निवासी ग्राम - गोधोली, पोस्ट - गोधोली, तहसील- खानापुर, जिला- बेलगावी, पिन- 591301, राज्य - कर्नाटक, मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम अनिता दर्ज है। सही नाम अनिता बलीराम शिंदे है। समान दर्ज हो।

## बुन्देलखंड मुक्ति मोर्चा की आगामी बैठक 20 को बराठा में : रामगोविन्द तिवारी



**समय जगत, झांसी।** बुन्देलखण्ड मुक्ति मोर्चा की एक आपात बैठक केन्द्रीय कार्यालय सिविल लाईन में श्री राम गोविन्द तिवारी, केन्द्रीय संगठन मंत्री बुन्देलखण्ड मुक्ति मोर्चा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक को सम्बोधित करते हुये केन्द्रीय महामंत्री दिनेश भार्गव ने कहा कि बुन्देलखण्ड मुक्ति मोर्चा पृथक बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण के लिए निरंतर सर्घषरत है साथ ही साथ बुन्देलखण्ड के शिक्षामाफियाओं के खिलाफ भी आंदोलन कर रहा है क्योंकि पूर्व की सरकारों में शिक्षा माफियाओं ने बुन्देलखण्ड के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थाओं पर अनाधिकृत रूप से कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर कब्जा कर रहा है। हमें बुन्देलखण्ड की जनता का काफी सहयोग मिल रहा है एक ओर तो अधिक से अधिक लोग पृथक राज्य निर्माण आंदोलन से सीधा जुड़ रहे है तो दूसरी ओर शिक्षण संस्थाओं को शिक्षामाफिया मुक्त करने के लिए विभिन्न संगठन अपने अपने तरीके से हमारा सहयोग कर रहे है। हाल ही में कुछ संगठनों ने अखबरों में पर्चे रखकर शिक्षामाफियाओं के कृत्यों से जनता जर्नादन को अवगत कराने का कार्य किया है जिसके लिए यह संठगन वधाई के पात्र हैं। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में श्री राम गोविन्द तिवारी ने कहा कि अगली बैठक 20 अप्रैल 2025 को बराठा (पारीछा) में आयोजित की जायेगी।

बैठक में सर्वश्री इं0 अखिलेश त्रिपाठी, ग्यासी लाल केन्द्रीय अध्यक्ष (अनु0जाति जनजाति मोर्चा), नाथूराम रायकवार के0अध्यक्ष (पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ), कुलाण पचौरी, डा0 वंदना कुशवाहा, नीलेश त्रिपाठी, अरविन्द सक्सेना उपाध्यक्ष (बुद्धिजीवि प्रकोष्ठ), राजीव अग्रवाल, अरविन्द बादल, लल्लन भाई, हरि बाबू रायकवार, राकेश कश्यप, प्रदीप कप्तान, भरत कश्यप, विशाल दीक्षित, नीलेश झा, एम0पी0 सैनी आदि उपस्थित रहें।

बैठक का संचालन अनिल कुमार पाठक (महानगर अध्यक्ष) ने किया एवं अंत में सभी का आभार बुन्देलखण्ड मुक्ति मोर्चा (युवा प्रकोष्ठ) के केन्द्रीय महामंत्री इं0 रितेश साहू ने व्यक्त किया।

## पी एम श्री कम्पोजिट विद्यालय दिगारा में किया गया करियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग का आयोजन



**समय जगत, झांसी।** स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की नई शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्र छात्राओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से आज पी एम श्री कम्पोजिट विद्यालय दिगारा विकास खण्ड बड़ागांव में करियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।उस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवेश में पड़ने वाले छात्र-छात्राओं को उनकी क्षमता अभिरुचि के अनुरूप विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में जागरूक करना, मार्गदर्शन प्रदान करना, रोजगार के अवसरों से जोड़ना एवं करियर के चयन करने में सहायता प्रदान करना है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु आज विद्यालय में वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ नीरज खेड़ा एवं कंप्यूटर अभियंत्रिकी के वरिष्ठ इंजीनियर श्री योगेंद्र सोनकर जी द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ संवाद स्थापित किया। विद्यालय के छत छात्राओं को विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में जानकारी प्रदान की गई एवं उनकी अभिरुचि को जानते हुए वह किस तरह से अपनी रुचि के अनुसार रोजगार प्राप्त करने के लिए तैयारी की सकते हैं उसका भी मार्ग प्रशस्त किया गया। छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्नों के समाधान आमंत्रित अतिथियों के द्वारा किए गए। योगेंद्र सोनकर जी ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में उच्चतम योग्यता को ग्रहण करते हुए पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। डॉ नीरज खेड़ा ने छात्र-छात्राओं को विज्ञान एवं चिकित्सा के क्षेत्र में करियर को चुनने के लिए किस तरह से योजना बद्ध तरीके से तैयारी करनी चाहिए इसके बारे में सरलता से जानकारी प्रदान की एवं बिना किसी मानसिक बोझ के पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ बृजेश दीक्षित ने किया। अतिथियों का स्वागत श्रीमती मंजू दीक्षित एवं आभार श्रीमती शुभा वर्मा द्वारा किया गया।

### आम सूचना

मैं बलीराम शिंदे पुत्र मारूती शिंदे निवासी ग्राम - गोधोली, पोस्ट - गोधोली, तहसील- खानापुर, जिला- बेलगावी, पिन- 591301, राज्य - कर्नाटक। मेरी पुत्री का नाम मानसी दर्ज है। सही नाम मानसी बलीराम शिंदे है। समान दर्ज हो।

### आम सूचना

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरा छोटा पुत्र अनन्त मेरे साथ अच्छी तरह से रहता है, मुझे अब कोई परेशानी नहीं है। अतः दिनांक 10.09.2020 की आमसूचना निरस्त मानी जाये।

**प्रार्थी**
**लक्ष्मीकांत पुरोहित**
**पुत्र श्री रामसेवक पुरोहित**
**निवासी-254, राजपूत नगर पिछोर, थाना नवाबाद - जिला झाँसी। मो0नं0- 9795862528**

### आम सूचना

मैं हेमन्तो दास पुत्र तपेस्वर दास निवासी ग्राम सिंगिमारी कोच गांव, पोस्ट- काचारीसन, तहसील- बरसाला, जिला- सोणितपुर, पिन- 784117, राज्य - असम। मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम हेमन्तो दास दर्ज है सही नाम हेमन्ता दास है। समान दर्ज हो।

### Change Of Name

I, Kaniz Begum W/o Bashir Ahamad, Passport No. M6303447, Add- H.No- 407, Near Jai Bharat School, Bhattagaon, Jhansi - 284127, have changed my name to Kaniz Begam.

## हिन्दूवादी नेता अंचल अड़जरिया के हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग

### पुलिसकी शिथिलता पर जताया रोष

**समय जगत, झांसी।** हिंदूवादी नेता और राष्ट्रभक्त संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अंचल अड़जरिया पर विगत पांच रोज पहले कुछ लोगों द्वारा प्राण घातक हमला किया गया था परंतु नाम दर्ज रिपोर्ट होने के बाद भी अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी न होने के कारण अंचल ने पुलिस प्रशासन पर पक्षपात करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है।



थाना नवाबाद क्षेत्र की बैंकर्स कॉलोनी निवासी अंचल अड़जरिया ने आज प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए कहां की मुझ पर प्राण घातक हमला हुआ और मैंने आरोपियों के नाम सहित रिपोर्ट दर्ज कराई घटना के 5 दिन बीत गए हैं परंतु अभी तक किसी तरह की पुलिस ने कार्यवाही नहीं की है। उन्होंने विस्तार से घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि विगत 28 मार्च शाम को एक कार्यक्रम के सिलसिले में वह सीपरी बाजार निवासी अपने मित्र राजेंद्र दुबे के साथ किसी काम से लहर की देवी मंदिर गए थे और शाम को 7 बजे जब मंदिर से लौट रहे थे तो कुछ ही दूरी पर अत्री गार्डन के सामने एक सफेद रंग की कार जिसमें चार लोग बैठे थे उन्होंने एक्टिवा में टक्कर मार दी जिसकी वजह से वह नीचे गिर गए तभी चार लोग उतरे और अंचल के साथ मारपीट करने लगे और उन्हें अपनी कार में डालकर मारपीट करते हुए ले गए और पहुंच नहर के पास पहुंचे जहां पर पहले से चार और लोग मौजूद थे सभी ने मिलकर अंचल के साथ बुरी तरह से मारपीट की और उनकी सोने की अंगूठियां, नगदी, मोबाइल फोन लूट लिये सभी लोग अंचल को मरणो अवस्था छोड़कर चले गए ।अंचल किसी तरह थाने पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी परंतु पुलिस ने घटना के एक दिन बाद विनोद अवस्थी व उनके पुत्र विश्रांत अवस्थी व विकास अवस्थी, रवि यादव ,सारस्वत पंडित के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली।अब तक किसी की भी गिरफ्तारी न होने से नाराज अंचल ने पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। अपराधियों के हौंसले बुलंद है खुलेआम घूम रहे हैं दोबारा घटना ंतपज कर सकते हैं पिछले 4 वर्षो से लगातार सुरक्षा की मांग की जा रही है क्योंकि लव जिहाद धर्मातरण गोकशी मोदी योगी के खिलाफअभद्र टिप्पणी करने वालों के खिलाफ अनेकों मुकदमे लिखाए हैं वा कई में गवाह है अंचल की व परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

### गणगौर पूजा का भव्य आयोजन, महिलाओं ने विधि-विधान से की पूजा

**झाँसी।** जे. सी. आई. झांसी उड़ान द्वारा गणगौर पूजा का भव्य आयोजन विंग चेयर पर्सन निधि अग्रवाल की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें संगठन की सभी महिला सदस्यों ने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। इस आयोजन के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में श्रृंगार कर श्रद्धा और उत्साह के साथ माँ गौरी की पूजा की।


### आम सूचना

मैं, Salouchana नं 14930402YHav Vicky की माता हूँ। मैंने, अपना नाम Salouchana जन्मतिथि 08-03-1964 से बदलकर Salochna जन्मतिथि 01-01-1967 कर लिया है जो कि आधार कार्ड के अनुसार सत्य व सही है। सामान्य दर्ज करे।

### आम सूचना

मैं, Devika नं 15485681H Dfr Tarendra की पत्नी हूँ। मैंने, अपना नाम Devika से बदलकर Devika Amrute कर लिया है जो कि आधार कार्ड के अनुसार सत्य व सही है। शपथ पत्र संख्या 46AA 267758 दिनांक 29-03-2025 सामान्य दर्ज करे।

### आम सूचना

मैं, Taposhi Shill नं 15697268H Nk Raju Shill कि पत्नी हूँ मेने अपना नाम Taposhi Shill जन्मतिथि 10-05-1993 से बदलकर नाम Tapashi Shill जन्मतिथि 19-09-1996 कर लियाहै जो कि आधार कार्ड के अनुसार सत्य व सही है, सामान्य दर्ज करे। शपथ पत्र संख्या 46AA 267756 दिनांक 29-03-2025.

### आम सूचना

I, No 15235522L Hav Pasupathi G that my daughter name has been erroneously entered as Heerosh P.V in my service record his correct name isHudhayachandhira P.V hence it may be entered accordingly.

### आम सूचना

I, No 15618779N Hav Manjunatha K S Address:- Bandige, VTC: Adagodi, Po: Mathikai, Sub District:Hosanagara, District: Shimoga, State: Karnataka, Pin – 577452. That, I, havechanged my name from Manjunatha KS To Manjunatha K S vide affidavit no 46AA 267754 date 29-03-2025 Jhansi.


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बामौर, झांसी

**पत्रांक 11 /बी-2/आंकिक/क्षे0पं0/निविदा आमंत्रण/2024-25** **दिनांक 01.04.2025**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना आमंत्रण**

महामहिम राज्यपाल की ओर से पंचम राज्य वित्त आयोग एवं केन्द्रीय वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि से प्रस्तावित निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ई-टेण्डर के माध्यम से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जानी है। ऐसे निविदादाता जिनकी फर्म का रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र के रुप में जी0एस0टी0 नं0 सहित ई-टेण्डर के लिए पंजीकृत होंगे तथा जिनके डिजिटल सिग्नेचर उपलब्ध होंगे यही निविदादाता फर्मे ई-टेण्डरिंग प्रणाली में टेण्डर ढाल सकेगे। निविदा सम्बन्धी विवरण एवं निविदा प्रपत्र का प्रारुप यू0पी0 ई-टेण्डर की वेबसाइट **http;etender.up.nic.in** पद पर निर्धारित अवधि में उपलब्ध होंगे। उक्त ई-टेण्डर के निविदा प्रपत्र (अहस्तान्तरणीय) का मूल्य धरोहर राशि (ई0एम0डी0) का विवरण निम्न तालिका में दिया जा रहा है।

| क्रं. सं. | मद का नाम | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत लाख रू में | धरोहर राशि 10 %ही मान्य होगी (लाख में) | निविदा मूल्य+ स्टेशनरी+चार्ज जी.एस.टी.चार्ज | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड) | ग्राम पंचायत कुरैठा में मद सामुदायिक नावली सरकार मेला स्थल की बाउण्ड्रीवाल का निर्माण | 20.74 | 2.074 | 3540.00 | तीन माह |
| 2 | पंचम राज्य वित्त आयोग | ग्राम पंचायत कुरैठा में गुरसरांय कोटरा रोड पर स्थित नावली सरकार मन्दिर के पास वीर शिरोमणि श्री महाराणा प्रताप सिंह स्मृति द्वार का निर्माण कार्य | 13.69 | 1.369 | 3540.00 | तीन माह |
| 3 | | ग्राम पंचायत कुरैठा में गुरसरांय कोटरा रोड पर स्थित तालाब के नावली सरकार वाले किनारे पर आर0सी0सी0 रिटेंनिग वाल का निर्माण कार्य। | 39.72 | 3.972 | 3540.00 | तीन माह |

उपरोक्त तालिका में दिए गये विवरण के अनुसार निविदा प्रपत्र शुल्क रु0 3000.00 (रु0 तीन हजार मात्र) 18% GST शुल्क (नान रिफण्डेबल) नेशनलाइज्ड / शिड्यूल्ड बैंक का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो खण्ड विकास अधिकारी बामौर झांसी के पक्ष में देय हो एवं उपरोक्तानुसार निविदित्त सामग्री हेतु बिड प्रतिभूति राशि (ई0एम0डी0) का नेशनलाइज्ड बैंक का फिक्स्ड डिपोजिट रसीद (एफ0डी0आर0) / बैंक गारण्टी, जो खण्ड विकास अधिकारी बामौर झासी के पक्ष में बन्धक हो, के रुप में निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक प्रत्येक दशा में विकास खण्ड बामौर झांसी कार्यालय में जमा करना होगा।

ई-निविदा का नियत तिथि एवं समय-

| क्र. सं. | विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाइन निविदा प्रपत्र उपलब्ध होन की तिथि एवं समय | 03.04.2025 को अपराह्न 01.00 बजे से |
| 02 | ऑनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि | 03.04.2025 से 16.04.2025 को अपराह्न 02.00 बजे तक |
| 03 | ऑनलाइन निविदा प्रपत्र (तकनीकि बिड) खोलने की तिथि एवं समय | 16.04.2025 को सांय 04.00 बजे |

**गौरव कुमार**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**बामौर, झांसी**

# लॉजिस्टिक कंपनी के वेयरहाउस में लगी भीषण आग, करोड़ों रुपये का सामान जलकर राख

**गुरुग्राम।** सेक्टर-10 थाना के अंतर्गत सरस्वती एन्क्लेव क्षेत्र स्थित एक लॉजिस्टिक कंपनी के वेयरहाउस में बीते मंगलवार की देर रात लगभग 11.30 बजे भीषण आग लग गई। आगजनी की यह घटना उस समय हुई जब वेयरहाउस के कर्मचारी टी-ब्रेक में चाय पीने के लिए बाहर आए थे। चाय पीने के बाद जब कर्मचारी वापस वेयरहाउस पहुंचे तो अचानक आग की लपटे देखकर बाहर निकले। कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वेयरहाउस में ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग तेजी से फैलने लगी। वेयरहाउस में कपड़े, जूते, परफ्यूम व शराब रखी होने के कारण आग ने भयंकर रूप ले लिया था। वेयरहाउस में आग की ऊंची-ऊंची लपटे दूर से ही देखी जा रही थीं। गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ, जबकि करोड़ों रुपये का सामान जल गया। लगभग 12 घंटे में वेयरहाउस में लगी आग को बुझाया जा सका। वेयरहाउस में आग लगने की सूचना मिलते ही गुरुग्राम के फायर स्टेशन की कई



दमकल गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। लेकिन आग बेकाबू होने के कारण झज्जर व नूंह के फायर स्टेशनों से भी दमकल गाड़ियों को मंगवाना पड़ा। लगभग दो दर्जन दमकल गाड़ियों से फायरकर्मियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि वेयरहाउस में घरेलू उत्पादों के साथ ही जूते, परफ्यूम, कपड़े व शराब की काफी मात्रा होने के कारण आग तेजी से फैलती गई। भीषण आग के कारण वेयरहाउस की टीनशेड से बनी छत भी गिर गई। इस कारण आग पर काबू पाने में दमकल कर्मचारियों को परेशानी भी हुई। सेक्टर-37 स्थित फायर स्टेशन के अधिकारी जय नारायण ने बताया कि रात 11.39 बजे वेयरहाउस में आग लगने की जानकारी मिली थी। सूचना मिलते ही मौके पर दमकल गाड़ियों को भेज दिया गया। वेयरहाउस में काफी सामान होने के कारण आग तेजी से फैली। वहीं, छत गिरने के बाद मौके पर सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया, ताकि स्थिति को नियंत्रण में रखा जा सके। वहीं, आग से उठ रहे धुएं के कारण आग पर काबू पाने में दमकल कर्मियों को कड़ी मशक्कत का सामना करनी पड़ी। वहीं, वेयरहाउस मालिक के अनुसार यहां पर अलग-अलग कंपनियों का करोड़ों रुपये का सामान रखा हुआ था। सारा सामान जलकर राख हो गया। लगभग 90 हजार वर्ग फीट में बने वेयरहाउस में लगी आग से उठ रहे धुएं से आसपास के घरों रहने वाले परिवारों और कंपनियों में नौकरी करने वाले कर्मचारियों को परेशानी हुई। फायर स्टेशन के अधिकारी जय नारायण ने बताया कि लगभग आठ घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया था, लेकिन जांच करने के दौरान टीन शेड हटाते ही एक बार फिर से आग लग गई। आग पर दोबारा काबू पाने के लिए दमकल कर्मचारियों को फिर से मशक्कत करनी पड़ी। वेयरहाउस में रखी शराब की पेटियों में भी रुक-रुककर आग लग रही थी और बोतलें गर्म होकर फट रही हैं। बुधवार की दोपहर तक ही आग बुझाई जा सकी। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं लगा है। आग लगने का प्रारंभिक कारण शॉर्ट सर्किट ही माना जा रहा है। जांच करने के बाद ही कारण पता चल सकेगा।

## सड़क हादसे में दूल्हे के नाना की हुई मौत

### पिता और जीजा की हालत गंभीर

**नई दिल्ली।** हापुड़ के सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव से सिखेड़ा में अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से 90 वर्षीय करण सिंह निवासी न्यू पोस्ट ऑफिस थाना व कस्बा पाकबाड़ा जनपद मुरादाबाद की मौत हो गई। जबकि मृतक के दामाद व रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है। जबकि मृतक के शव को पुलिस ने पंचनामा पोस्टमार्टम के लिए भेजा कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जनपद मुरादाबाद के पाकबड़ा स्थित न्यू पोस्ट ऑफिस निवासी गौरव ने बताया कि वह गुरुग्राम में प्राइवेट कंपनी में जॉब करते हैं। बुधवार की रात को उनकी बारात जनपद गाजियाबाद में गई थी। गुरुवार की सुबह को बारात लेकर अपने घर वापस लौट रहे थे। एक कार में उनके पिता मदन पाल ,नाना करण सिंह तथा जनपद मिर्जापुर निवासी उसके जीजा पवन कुमार दूसरी कार से घर लौट रहे थे। जैसे ही सिंभावली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव से सिखेड़ा के निकट पहुंचे तो कार को पीछे से आए अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें उसके 90 वर्षीय नाना करण सिंह की मौत हो गई। बकि उसके पिता और जीजा घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पुलिस पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरा आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरु कर दी है।

## सार-समाचार

### बलात्कार के आरोपी को मिली 20 साल की सजा

**फरीदाबाद।** आदर्श नगर थाना क्षेत्र से 17 साल की किशोरी को ले जाकर दुष्कर्म करने वाले आशुतोष को जिला अदालत ने 20 साल कैद की सजा सुनाई है। पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हेमराज मित्तल की अदालत ने उसे दोषी करार देते हुए सजा पर फैसला सुनाया। पैनल अधिवक्ता रविंद्र गुप्ता ने बताया कि अदालत ने दोषी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। आदर्श नगर थाने में 17 साल की किशोरी के पिता ने बेटी के अपहरण की एफआईआर 3 अप्रैल 2022 को दर्ज कराई थी। पीड़िता 10वीं की छात्रा थी और 2 अप्रैल 2022 को दोपहर के समय घर से चली गई थी। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने 18 अप्रैल 2022 को किशोरी को यूपी इटावा के यशवंत नगर से मुक्त कराया। साथ ही उसे अपने साथ रखने वाले यूपी इटावा के खितौड़ा निवासी 22 साल के आशुतोष को गिरफ्तार किया। किशोरी ने बताया कि आरोपी के बहकावे में आकर वो चली गई थी। फिरोजाबाद पहुंचने पर उसे आशुतोष मिला और अपने एक दोस्त के घर ले गया। वहां नाश्ता कर दोनों यशवंत नगर में आरोपी के पहले से लिए गए किराये के कमरे पर रहने लगे। किशोरी के अनुसार आरोपी ने यहां उससे दुष्कर्म किया। किशोरी ने विरोध जताया तो आरोपी ने उसे व परिवार को मारने की धमकी दी। किशोरी के बयान के बाद केस में पॉक्सो एक्ट की धारा जोड़ी गई। आरोपी के खिलाफ चालान तैयार कर अदालत में पेश किया गया। जिसमें 16 गवाह बनाए गए। सरकारी अधिवक्ता सुरेश चौधरी ने गवाहों की गवाही कराई। अब अदालत ने दोषी को सजा पर फैसला सुनाया है।

### 15 दिन में पूरा हो जाएगा मोहना रोड का वैकल्पिक मार्ग

**बल्लभगढ़।** मोहना रोड पर एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। जिसके चलते मोहना रोड पर बड़े वाहनों की एंट्री पूर्ण रूप से बंद कर दी गई है। वहीं दूसरी ओर वाहनों को आवागमन करने में कोई परेशानी ना हो उसके लिए पंजाबी धर्मशाला से मलेरना रोड तक वैकल्पिक मार्ग का निर्माण कार्य पहले पूरा हो चुका है। वहीं अब मलेरना रोड से आकाश सिनेमा तक के वैकल्पिक मार्ग का कार्य शुरू कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग की ओर से एलिवेटेड रोड का कार्य तेजी से चल रहा है। निमार्ण कार्य के दौरान लोगों को जाम की समस्या से जूझना ना पड़े उसके लिए छोटे वाहन चालकों के लिए पंजाबी धर्मशाला से आकाश सिनेमा तक जाने वाले नाले के साथ 700 मीटर लंबा वैकल्पिक मार्ग बनाने की योजना थी। जिसमें से लोक निमार्ण विभाग की ओर से पंजाबी धर्मशाला से मलेरना रोड तक वैकल्पिक मार्ग का कार्य पहले पूरा कर दिया गया था। अब मलेरना रोड से आकाश सिनेमा तक लाल मिट्टी डालने का कार्य पूरा कर दिया गया है। वहीं अब उस मिट्टी के ऊपर इंटरलॉकिंग टाइल्स का कार्य आने वाले 15 दिनों के अंदर पूरा कर दिया जाएगा। जिसके बाद लोगों को आवागमन करने में कोई परेशानी नहीं होगी। बल्लभगढ़ में आगरा–मथुरा रोड से मुंबई–वडोदरा एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाले एलिवेटेड रोड को बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। यह रोड करीब 214 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है। इस रोड के बनने के बाद लोगों को मोहना रोड पर लगने वाले जाम की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। करीब 2.75 किलोमीटर लंबा यह पुल मोहना रोड से होकर गुजरेगा। यह दशहरा मैदान से शुरू होकर मोहना रोड स्थित आदर्श नगर थाने के पास उतरेगा।

### 80.12 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले 13 आरोपी हुए गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** देश के विभिन्न राज्यों के लोगों के साथ 80.12 करोड़ रुपये की साइबर ठगी करने वाले 13 आरोपियों को गुरुग्राम पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी लोन फ्रॉड, शेयर मार्केट में निवेश, डेबिट कार्ड बनवाने, व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल से ब्लैकमेल करके व गूगल से फर्जी कस्टमर केयर के नंबर के माध्यम से धोखाधड़ी की वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपियों से 10 मोबाइल व छह सिम कार्ड बरामद किए हैं। ये आरोपी बीते जनवरी, फरवरी व मार्च माह के दौरान गिरफ्तार किए गए हैं। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी, साइबर अपराध) प्रियांशु दीवान ने बताया कि इन मोबाइल फोन की इंडियन साइबर क्राइम कोर्डिनेशन सेंटर से जांच कराने पर आरोपियों के देशभर में लगभग 80.12 करोड़ रुपयों की ठगी करने की 8,369 शिकायतें और 327 मामले दर्ज मिले हैं। इनमें से 18 मामले हरियाणा में दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम के साइबर अपराध थाना पूर्व में तीन मामले और साइबर अपराध थाना दक्षिण में तीन मामले दर्ज हैं।

## पुलिस ने हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** स्वरूप नगर में सात वर्षीय बच्ची की हत्या के मामले में उसके पिता के दोस्त रंजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने टीवी रिमोट को लेकर हुए झगड़े के बाद बच्ची की हत्या कर दी थी। स्वरूप नगर थाना पुलिस ने उसे नरेला औद्योगिक क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। उत्तर-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि रंजीत मूल रूप से बिहार का निवासी है और स्वरूप नगर के भट्टा रोड क्षेत्र में रहता है। वह फैक्टरी में मजदूरी करता है। पुलिस को रविवार को जे-ब्लॉक, खड्डा कॉलोनी में लोगों की भीड़ जमा होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची टीम ने एक घर में बच्ची को जमीन पर अचेत अवस्था में पाया और उसके शरीर पर चोट के निशान थे। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यौन उत्पीड़न के कोई संकेत नहीं मिले, लेकिन पोस्टमॉर्टम के लिए शव को सुरक्षित रख लिया गया। पूछताछ में रंजीत ने अपराध स्वीकार कर लिया। घटना वाले दिन रंजीत ने बच्ची के पिता के साथ शराब पी थी। फिर वह (आरोपी) घर से चला गया, लेकिन कुछ देर बाद वापस आकर टीवी देखने लगा, जबकि बच्ची पिता के मोबाइल पर गेम खेल रही थी। पुलिस उपायुक्त के अनुसार इसी दौरान बच्ची ने रिमोट से उसे परेशान कर दिया, जिससे गुस्से में आकर उसने बच्ची को मारा। बच्ची बेहोश हो गई और मुंह से खून निकलने लगा। रंजीत ने फिर रॉड से गले पर वार किया, जिससे मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि इसके बाद रंजीत ने शव कपड़ों में लपेटकर बिस्तर के नीचे छिपा दिया और पिता का मोबाइल लेकर भाग गया।

## डीएलएफ क्षेत्र में 2500 मकानों का कटेगा सीवर-पानी का कनेक्शन

**गुरुग्राम।** टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की प्रवर्तन टीम की तरफ से डीएलएफ फेज एक से पांच में अवैध निर्माण और मकानों में संचालित की जा रही व्यावसायिक गतिविधि वाले मकानों पर कार्रवाई की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। उपायुक्त गुरुग्राम की तरफ से चार अप्रैल से धरातल पर सीलिंग और तोड़फोड़ कार्रवाई के प्लान को भी मंजूरी दे दी गई है। गुरुग्राम के इतिहास में डीएलएफ जैसी पॉश कॉलोनी में यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई होगी। इसमें 2500 मकानों के सीवर व पानी के कनेक्शन कटेंगे। प्रवर्तन टीम की तरफ से अब तक 4500 से अधिक मकानों को कारण बताओ नोटिस और लगभग 2500 मकानों को रेस्टोरेशन यानि खुद सुधार के आदेश दिए जा चुके हैं। डीटीपीई अमित मधोलिया की तरफ से लोगों से अंतिम अपील है कि चार अप्रैल से पहले अपने मकानों को रिस्टोर कर लें अन्यथा मौके पर कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा, जिसके लिए विभाग किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा। डीटीपीई ने बताया कि अब तक की कार्रवाई में इन मकानों




के ओसी रद्द करने और सीवर, पानी, बिजली कनेक्शन काटने की भी डीटीपी प्लानिंग को सिफारिश की जा चुकी है। ऐसे में इन मकानों पर अब कार्रवाई तय है। यह कार्रवाई हाईकोर्ट के 13 फरवरी के आदेश के तहत की जा रही है। चार अप्रैल से शुरू हो रही कार्रवाई के लिए विभाग की तरफ से चार टीमों का गठन किया गया है जो कि पांचों फेज में लगातार और एक साथ कार्रवाई करेंगे। यह कार्रवाई किसी भी फेज से शुरू हो सकती है। इसके लिए एन्फोर्समेंट टीम के अधिकारियों, पुलिस प्रशासन, डयूटी मजिस्ट्रेट ने पूरी तरह से कमर कस ली है। कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहेगा। डीटीपीई ने बताया कि यह कार्रवाई हाइकोर्ट के आदेश और हरियाणा अर्बन डेवलपमेंट एक्ट के नियमों के तहत की जा रही है। जिन मकानों के ओसी रद्द किए जा चुके है, हरियाणा बिल्डिंग कोड के नियमों के तहत उन इमारतों के बिजली, पानी, सीवर कनेक्शन काटे जाएंगे। यह कार्रवाई टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के निदेशक, गुरुग्राम के उच्च प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में की जा रही है। बिना विभाग की अनुमति के यदि तोड़फोड़ और सीलिंग कार्रवाई के साथ कोई छेड़छाड़ की जाती है तो मकान मालिक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

## महापौर मालती राय ने पेश किया बढ़े टैक्स का बजट

**समय जगत, भोपाल।** भोपाल नगर निगम का महापौर मालती राय ने। बजट पेश किया। महापौर मालती राय ने इस बार पिछली बार के मुकाबले 300 करोड़ रुपये ज्यादा यानी 3611 करोड़ और 79 लाख 75 हजार रुपये का बजट पेश किया है. वहीं, इस बार प्रॉपर्टी टैक्स भी बढ़ाया गया है. इसके अलावा अब पानी पीना भी महंगा हो जाएगा. नगर निगम परिषद में पेश किए निगम के बजट के दौरान सदन में जमकर हंगामा हो गया। महापौर मालती राय ने प्रॉपर्टी टैक्स में 10 प्रतिशत और पानी व ठोस अपशिष्ट टैक्स में 15 प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा की, जिससे लाखों उपभोक्ता



प्रभावित होंगे। बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 400 करोड़, हेरिटेज गेट के निर्माण के लिए 30 करोड़ और सड़कों के सुधार के लिए 30 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया। बैठक के दौरान एमआईसी मेंबर की निधि को लेकर कांग्रेस और बीजेपी पार्षदों में हंगामा भी हुआ। वही नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने बताया कि महापौर राय ने भोपाल नगर निगम का बजट पेश किया है जो भोपाल के विकास पर आधारित है। इस बजट से बेशक भोपाल सबरेगा,खूबसूरत होगा। यह बजट स्वागत योग्य है।

## मैहर पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ की बड़ी कार्यवाही

**समय जगत, मैहर।** पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस के द्वारा धार्मिक नगरी मैहर में शराब बंदी के आदेश के बाद से लगातार अवैध शराब की पैकारी करने वाले तस्करों के विरूध्द कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में पुलिस के द्वारा हैल्प लाईन नंबर भी जारी किये गए हैं। जिनके माध्यम से कहीं पर भी अवैध शराब बिक्री की सूचना मिलने पर पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 02/04/25 को पुलिस के द्वारा बाईक रैली के माध्यम से कई स्थानों पर दबिश दी गई थी, इसके साथ ही आम जनता से भी अपील की गई है कि शराब बिक्री की जानकारी होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। इसी क्रम में सूचना मिलने पर पुलिस के द्वारा अवैध शराब के कारोबारियों पर बडी कार्यवाही करते हुए 93 लीटर शराब जप्त की गई है। दिनाँक 03/04/25 को प्रभात गश्त के दौरान कोतवाली पुलिस को एक सफेद रंग की बिना नम्बर की बुलेरो गाडी में सोनवारी से डेल्हा तरफ



शराब के परिवहन की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम के द्वारा रेड कार्यवाही की गई तो बोलेरो वाहन में शराब के कुल 13 कार्टून पाये गए, जिसमें से 02 कार्टून में 8 PM, 10 कार्टून में गोवा एवं 01 कार्टून में प्रिंस कंपनी की देशी शराब पाई गई। पुलिस के द्वारा उक्त शराब एवं घटना में प्रयुक्त वाहन जप्त करते हुए आरोपी रामाधार यादव पिता रामककिशुन यादव उम्र 51 साल निवासी नारायणपुर थाना आमस जिला गया बिहार हाल सरलानगर रोड मैहर को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण के अन्य दो आरोपी मौके से फरार हो गए जिनकी तलाश जारी है। प्रकरण के सभी आरोपियों के विरूध्द धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबध्द किया गया है। गिरफ्तार आरोपी से उक्त शराब के संबंध में पूछताछ बाद न्यायालय पेश किया गया। रामाधार यादव पिता रामककिशुन यादव उम्र 51 साल निवासी नारायणपुर थाना आमस जिला गया बिहार हाल सरलानगर रोड मैहर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 13 कार्टून में कुल 93.240 बल्क लीटर अबैध शराब कीमती करीबन 53,200 रुपये एवं घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन कीमती 05 लाख रूपये जब्त की गई है। कार्यवाही में निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी थाना प्रभारी कोतवाली, सहायक उप निरीक्षक नंदलाल रावत, अनिल त्रिपाठी, प्रधान आर राघवेंद्र सिंह, ऋषभ छारी, आरक्षक शिवम तिवारी, संजय तिवारी, राजेंद्र सिंह, हिमांशु साकेत की सराहनीय भूमिका रही।

## शेयर ट्रेडिंग का झांसा देकर महिला से की 2.20 लाख की ठगी


**साहिबाबाद।** थानाक्षेत्र के मोहननगर स्थित पार्श्वनाथ पेराडाइज सोसायटी निवासी मोना वर्मा से ट्रेडिंग का झांसा देकर साइबर ठगों ने 2.20 लाख रुपये की ठगी कर ली। मामले में साइबर सेल की जांच के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही जिन खातों में रकम स्थानांतरित हुई है, उनकी जांच भी शुरू कर दी गई है। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि मोना वर्मा को साइबर ठगों ने 20 मार्च को व्हाट्सएप पर लिंक भेजा था। इसमें विज्ञापन के जरिए ठगों ने उन्हें शेयर ट्रेडिंग के झांसे में लिया और पांच-सात हजार रुपये मुनाफे का लालच दिया। दर्ज मुकदमे में मोना ने पुलिस को बताया कि ठगों ने उन्हें टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा और निवेश कराने लगे। इसके बाद बड़े मुनाफे का झांसा देकर दो बार में अपने निजी और सरकारी बैंक खाते से 2.20 लाख रुपये स्थानांतरित करा लिए। असल रकम और मुनाफा न मिलने पर उन्हें साइबर ठगी का पता चला। तब उन्होंने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत की। इसकी जांच रिपोर्ट के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि साइबर टीम ने जो तथ्य अपनी रिपोर्ट में शामिल किए हैं उनके आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। बैंक से भी जानकारी मांगी गई है।

## गाजियाबाद पुलिस की नई ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

### दो दिन नहीं होगी वाहनों की एंट्री

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मोदीनगर में पुलिस ने नई ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। इस एडवाइजरी के चलते मोदीनगर में दो दिन भारी वाहनों का प्रवेश नहीं होगा। साथ ही डायवर्जन लागू होगा।

महामाया देवी मेले को लेकर एडवाइजरी जारी की गई है। सीकरी खुर्द स्थित प्राचीन और पौराणिक महामाया देवी मेले में सप्तमी और अष्टमी को श्रद्धालुओं की उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्जन का प्लान जारी किया है। अपर पुलिस उपायुक्त यातायात की ओर से जारी प्लान में 4 अप्रैल रात 8 बजे से लेकर 6 अप्रैल मेले की समाप्ति तक भारी वाहनों को यहां प्रतिबंधित किया गया है। गाजियाबाद और मेरठ में कुल पांच स्थानों पर रूट डायवर्ट रहेगा। गाजियाबाद से मेरठ की ओर जाने वाले भारी वाहनों को गाजियाबाद में हापुड चुंगी की ओर से भेजा जाएगा। इसके साथ ही मोदीनगर जाने वाले वाहनों को मुरादनगर




गंगनहर पटरी मार्ग से भेजा जाएगा। ईस्टर्न पेरीफेरल से दुहाई उतरकर मेरठ जाने वाले वाहनों को डासना से दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे होते हुए भेजा जाएगा। मेरठ से गाजियाबाद की ओर आने वाले वाहनों को मेरठ के मोहिउद्दीनपुर स्थित खरखौदा रोड से हापुड़ होते हुए भेजा जाएगा। भोजपुर की ओर से भारी वाहन मोदीनगर में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। सीकरी महामाया देवी चैत्र नवरात्र मेला प्रथम नवरात्रि से शुरू होकर नवमी तक चलता है। मेले में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलावा दिल्ली एनसीआर के साथ साथ राजस्थान और हरियाणा व उत्तराखंड से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालू पहुंचते है। प्रशासन ने इस बार मेले में बीस लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना व्यक्त की है। मेले में सबसे ज्यादा भीड़ षष्ठी से लेकर अष्टमी दोपहर तक रहती है। छठवें नवरात्र की शाम से श्रद्धालुओं को रैला उमड़ता है जो अष्टमी दोपहर तक रहता है। इस दौरान कई लाख की संख्या में श्रद्धालू मेले में पहुंचते है। इस बार तृतीय तिथि का क्षय होने के कारण षष्ठमी में 3 अप्रैल को है। 3 अप्रैल की शाम से श्रद्धालुओं को जनसैलाब उमड़ना शुरू हो जाएगा। मगर यातायात पुलिस ने 4 अप्रैल से यातायात डायवर्जन का प्लान तैयार किया। इससे पुलिसकर्मियों और श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। अपर पुलिस उपायुक्त यातायात का कहना है कि स्थानीय अधिकारियों से इस विषय में चर्चा की जाएगी।

## संपादकीय

# विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत बढ़ी राजनीतिक सरगर्मियां

बिहार विधानसभा के चुनाव इसी साल होने हैं। अमित शाह ने अपने बिहार के दौरे में एक बात तो स्पष्ट कर दी कि चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। पर यह बात कि चुनाव जीतने के बाद सीएम भी उन्हें ही बनाया जाएगा इस पर प्रकाश नहीं डाला। हालांकि पटना के बापू सभागार में सहकारिता विभाग के एक कार्यक्रम मे गृहमंत्री ने कहा कि 2025 में बिहार में मोदी जी और नीतीश जी के नेतृत्व में बिहार में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनाइये और भारत सरकार को बिहार के विकास का एक और मौका दीजिए। शाह ने यह भी कहा कि बिहार को बदलने में नीतीश कुमार की अहम भूमिका रही है। शाह की इन बातों की सीधा अर्थ है कि नीतीश को किनारे लगाने के बारे में नहीं सोचा जा रहा है। दूसरे शब्दों में नीतीश के नाम पर कोई विवाद नहीं है। पर मोदी जी और नीतीश जी दोनों का नाम लेने और दूसरे खुलकर यह न कहने कि चुनाव जीतने पर नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनेगी, लोगों में संदेह बरकरार रह गया। हालांकि मोदी का नाम पीएम होने के नाते लेने का कोई दूसरा अर्थ नहीं लगाना चाहिए। पर राजनीति संभावनाओं का खेल है इसलिए हर बात के कई अर्थ निकाले जाते हैं। वैसे बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, बिहार के दो उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और पार्टी विधायकों और सांसदों की बैठक में अमित शाह ने घोषणा की कि चुनाव काल में नीतीश कुमार एनडीए के कप्तान होंगे। जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार पिछले 20 सालों से राज्य के मुख्यमंत्री हैं और भाजपा और लोक जनशक्ति पार्टी चुनाव से पहले उनका 100 फीसदी समर्थन करना मजबूरी रही हैं। भाजपा को बिहार की राजनीति में फिर से नीतीश कुमार का चेहरा आगे करना होगा। राज्य में हुए 2020 के विधानसभा चुनावों में, भाजपा ने वास्तव में जीत हासिल की थी। भाजपा ने 243 सदस्यीय विधानसभा में 110 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 74 विधायक चुने थे। जनता दल (यूनाइटेड) ने 115 सीटों पर चुनाव लड़ा और केवल 43 विधायक जीते। महाराष्ट्र की तरह भाजपा पटना में भी मुख्यमंत्री पद के लिए दावा कर सकती थी, लेकिन भाजपा ने उदारता से नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद दे दिया, जिनके पास कम विधायक हैं। इस घटना को पांच साल हो चुके हैं। विधानसभा चुनाव के बाद पहले से ही इस बात को लेकर तर्क दिए जा रहे हैं कि नीतीश कुमार को महाराष्ट्र की तरह एकनाथ शिंदे जैसी भूमिका निभानी होगी या नहीं। बिहार में वैसे भी तमाम सर्वेक्षणों में तेजस्वी की लोकप्रियता में तेजी से बढ़ोत्तरी होना बताया जा रहा है।


# पड़ोसियों की तिकड़मों से सबक सीखे भारत, हिंदुत्व की पकड़े राह?

## नजरिया

**वैसे तो इतिहास ने पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी और नरेंद्र मोदी को सर्वाधिक मौका दिया, लेकिन संतुलित राष्ट्रवाद और अटल राष्ट्रीयता की कसौटी पर ये लोग खरे नहीं उतरे। यह कड़वा सच है कि इनके तमाम किंतु-परंतु से स्थितियां और अधिक उलझती गईं। विभिन्न सुलगते हुए प्रादेशिक-राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय और मानवीय विषयों पर भारतीय राजनेताओं, नौकरशाहों, न्यायविदों, संपादकों, समाजसेवियों और अपने-अपने पेशे में दक्ष लोगों के जो नीतिगत अंतर्विरोध हैं, वह राष्ट्रहित में तो कतई नहीं है। वहीं कुछ लोगों का स्पष्ट मानना है कि इन अंतर्विरोधों का असली स्रोत हमारे संविधान में अंतर्निहित है, जो विदेशी फूट डालो, राज करो की नीतियों का देशी स्वरूप मात्र है। अजीब विडंबना है कि समकालीन माहौल में चिन्हित सवैधानिक त्रुटियों को बदलने के लिए जिस राजनीतिक कद के व्यक्ति को आगे आना चाहिए, वह अभी तक आगे नहीं आ पाया है। वैसे तो इतिहास ने पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी और नरेंद्र मोदी को सर्वाधिक मौका दिया, लेकिन संतुलित राष्ट्रवाद और अटल राष्ट्रीयता की कसौटी पर ये लोग खरे नहीं उतरे। यह कड़वा सच है कि इनके तमाम किंतु-परंतु से स्थितियां और अधिक उलझती गईं। इससे हमारे पड़ोसी देशों का दुस्साहस बढ़ता गया और आज का भारत अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए चीन-अमेरिका-रूस जैसे विदेशी ताकतों पर निर्भर है। वहीं, इनकी स्वार्थपरक बदनीयती से भारत और भारतीयता दोनों वैश्विक चक्रव्यूह में उलझ चुकी है और इस्लामिक चक्रव्यूह में बुरी तरह से फंसती जा रही है।**

**कमलेश पांडे**

लिहाजा, भारत के पास अब तीन ही विकल्प बचे हैं- पहला, वह विभिन्न चुनौतियों के वक्त खरी उतरी रूसी मित्रता को और मजबूत बनाए। दूसरा, चीनी चालबाजियों के खिलाफ स्पष्ट दृष्टिकोण अपनाए। और तीसरा, इस्लाम विरोधी अमेरिकी गठबंधन में यदि शामिल होना है तो रूस-चीन से बेपरवाह होकर सिर्फ अमेरिका से मजबूत रिश्ते बनाए और विभाजित भारत में हिंदुत्व की भावना को मजबूत बनाए। वहीं, यदि कोई धर्मनिरपेक्षता की बात करे तो यूनिफिकेशन ऑफ इंडिया की बात उठाए, फिर धर्मनिरपेक्षता अपनाए। क्योंकि इससे चीनी दाल पाकिस्तान-बांग्लादेश में नहीं गल पाएगी। ऐसा इसलिए कि अंतर्विरोधों से भरा हुआ व्यक्ति, परिवार, समाज व राष्ट देर-सबेर नष्ट हो जाता है। मैं नहीं चाहता कि कतिपय अंतर्विरोधों से भरा हुआ गुलाम भारत और उसके बाद अस्तित्व में आया आजाद भारत भी अपने अमृतकाल यानी न्यू इंडिया के जमाने में 2047 के बाद भी उन्हीं स्थितियों-परिस्थितियों से गुजरे, जो इसकी 800 सालों की गुलामी और मर्मांतक राष्ट्र-विभाजन की मौलिक वजह समझी गई हैं। इसलिए मौलिक व ऐतिहासिक परिवर्तन तभी संभव होगा, जब राजनेता-नौकरशाह-न्यायविद, सैन्य हुक्मरान और अपने-अपने पेशे के दक्ष लोग जाति-धर्म मुक्त होकर एक सशक्त और उदार भारत की नींव रखना चाहेंगे, जहां हिन्दू हितों से कोई समझौता नहीं हो। जैसे कि पाकिस्तान व बंगलादेश में मुस्लिम हितों से कोई समझौता नहीं किया जाता है। गुजरते दशकों में या आजकल अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और मीडिया में चीन-बांग्लादेश-पाकिस्तान की जारी तिकड़मों से भारत को सबक लेना चाहिए और नेपाल, भूटान, म्यांमार, श्रीलंका, मालदीव, अफगानिस्तान आदि की भी नकेल कसते हुए भारत के समग्र हित को साधने की स्पष्ट रणनीति तैयार करनी चाहिए। यह सबकुछ तभी सम्भव होगा जब हमारी सरकार हिंदुत्व की मजबूत राह पकड़ेगी और चीनी शह पर खलता प्रदर्शित कर रहे पड़ोसियों को जमीनी हकीकत से रूबरू करवाएगी। इसके लिए साम, दाम, दंड, भेद की नीतियों की जरूरत भी पड़े तो उसे अपनाने में हमारी सरकार को नहीं हिचकना चाहिए। इस बात में कोई दो राय नहीं कि विविधता हमारी खूबसूरती है, लेकिन यही बात धर्मनिरपेक्षता पर तब लागू होगी जब पाकिस्तान-बांग्लादेश का विलय भारत में हो जाए। जबतक जर्मनी और इटली की तरह इंडिया




का भी एकीकरण नहीं हो जाता, तब तक हिंदुस्तान हिंदुओं का मुल्क है और समकालीन चीनी, पाकिस्तानी, बांग्लादेशी तिकड़मों का जवाब भी हिंदूवादी रणनीति के जरिए ही दिया जा सकता है। इस बात में किसी को संशय नहीं होना चाहिए, क्योंकि वेद में स्पष्ट कहा गया है कि संशयात्मा विनश्यति। यानी जिसके मन में संशय हो, उसका विनाश निश्चित है। इस नजरिए से केंद्रीय और विभिन्न राज्यों की सत्ता में मजबूत हुई भाजपा और उसकी मार्गदर्शक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विभिन्न मौकों पर अडिग हिंदुत्व को लेकर जो संशय दिखाए जा रहे हैं, उससे भविष्य में कांग्रेस मजबूत होगी और भाजपा की दुर्गति कांग्रेस से ज्यादा हो सकती है। क्योंकि भारतीय मतदाता बहुत ही मंजे हुए निर्णय लेते हैं। आखिर पारसी वधू पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी वाली गलतियां भी वैश्य बहादुर मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी दुहराएंगे तो फिर कांग्रेस और भाजपा में क्या अंतर रह जाएगा? शायद अंतर है भी नहीं, क्योंकि सत्ता में आते ही सुविधाभोगी नौकरशाही और उद्योगपतियों का गिरोह कतिपय अंतरराष्ट्रीय संधियों/मजबूरियों जनित लाभ-हानि का वास्ता देकर राजनीतिक ह्रदय परिवर्तन करवाने में सफल हो जाते हैं! हालांकि, इससे समय तो कट जाता है लेकिन भारत और भारतीयता के लिहाज से दूरदर्शितापूर्ण फैसले नहीं लिए जा पाते। अन्यथा आजादी के आठवें दशक भारत को आंख दिखाने लायक पाकिस्तान और बंगलादेश बचते ही नहीं और आसेतु हिमालय में पैर जमाने के बारे में कोई भी स्वप्न चीन को ही डराता। लेकिन आज, आज देश में हर जगह पर जो गृह युद्ध या जातीय/क्षेत्रीय उन्माद नजर आता है, वह भी कहीं नहीं नजर आता! आपने देखा-सुना होगा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस गत माह 26 से 29 मार्च 2025 तक चीन के दौरे पर थे। इससे पहले उनका पाकिस्तानी प्रेम भी छलक चुका था, जो चीन को रिझाने की पहली शर्त थी। आखिर वह भी तो है पूर्वी पाकिस्तान का ही अंश। उसका नाम बांग्लादेश भले ही हो, लेकिन पाकिस्तान-बंग्लादेश के खिलाफ भारत के राजनेता हमेशा शॉफ्ट रहे, ताकि भारतीय मुसलमान उन्हें वोट देते रहें। मसलन, यदि यही नीति सही है तो भारत का प्रधानमंत्री 1947 में मोहम्मद जिन्ना को बना दिया जाता और 2025 में भी शाहनवाज हुसैन एक चतुर प्रधानमंत्री हो सकते हैं? और यदि ऐसा नहीं किया जा सकता तो फिर पाकिस्तान-बंगलादेश से हमदर्दी किस बात की। क्या कांग्रेस और भाजपा के सियासी तुष्टीकरण के लिए हिंदुत्व की बलि दी जा सकती है, यक्ष प्रश्न है? यदि भारत में रहने वाले लोग विदेशी भाषा बोलें तो उन देशद्रोहियों को यहां रहने का क्या हक है? लेकिन यह सबकुछ हो रहा है? आपने देखा होगा कि 26-27 मार्च को राष्ट्रपति शी चिनफिंग से उनकी द्विपक्षीय बातचीत के दौरान कई महत्वपूर्ण करार तो हुए ही, साथ ही कार्यवाहक प्रधानमंत्री मो. यूनुस, जो नॉबेल पुरस्कार विजेता भी हैं, ने यह भी कहा कि चीन का विकास बांग्लादेश के लिए प्रेरणादायक है। दोनों देशों के साझा बयान में बांग्लादेश में तीस्ता प्रोजेक्ट के लिए चीनी कंपनियों को भी न्योता दिया। स्मरण रहे कि पिछले साल जून 2024 में भी पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना चीन गई थीं और भारत द्वारा अंदरखाने में आंख तरेरने के बाद उस दौरे को अधूरा छोड़कर वह बांग्लादेश लौट आई थीं। ततपश्चात उन्होंने कहा था कि वह चाहती है कि प्रोजेक्ट भारत की ओर से पूरा हो। उसके बाद उनके साथ जो कुछ हुआ, रहस्यमय बात है! वहीं, अब हालात बिल्कुल अलग है, क्योंकि शेख हसीना के जाने के बाद से बांग्लादेश-भारत के संबंध बहुत सहज नहीं रहे हैं। उधर, पाकिस्तानी दखलंदाजी भी बांग्लादेश में बढ़ी है, जो आईएसआई की साजिश की सफलता का परिचायक है। सवाल है कि जिस पाकिस्तान-बांग्लादेश में कभी अमेरिकी दिलचस्पी रही और अब चीनी दिलचस्पी बढ़ रही है, यह भारतीय नेताओं के आपसी कलह, नौकरशाही की अदूरदर्शिता का तकाजा नहीं तो क्या है? रूस यदि यूक्रेन में, इजरायल यदि फिलिस्तीन में अपने हितों की वकालत करते हुए बमबारी करवा सकते हैं तो भारत का हाथ रोकने को कोई नहीं आएगा? बशर्ते कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसा कोई स्पष्टवादी और दूरदर्शी राजनेता प्रधानमंत्री की गद्दी पर बैठ जाए। वहीं, शी जिनफिंग-मो. यूनुस के बीच हुई बैठक से जुड़े एक और बयान को लेकर भी भारत की ओर से बहुत सकारात्मक तरीके से नहीं देखा जा रहा है। क्योंकि यूनुस के फेसबुक पर मौजूद इस कथित बयान में मो. यूनुस चीन के सामने भारत के उत्तर-पूर्व के 7 बहन राज्यों का जिक करते हुए कह रहे हैं कि भारत के पास समुद्र तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं है। क्योंकि बांग्लादेश उस क्षेत्र में समुद्र का एकमात्र गार्जियन है। यही वजह है कि चीन-बांग्लादेश की ये नजदीकी कई लिहाज से भारत के लिए चिंता का सबब है। जहां एक ओर तीस्ता नदी विकास परियोजना से भारत की सुरक्षा सम्बन्धी चिंताएं जुड़ी हुई हैं। वहीं दूसरी ओर नॉर्थ-ईस्ट के मद्देनज़र बांग्लादेश का चीन को प्रस्ताव भी खतरे की घंटी जैसा है। आपको यह भी बता दें कि जनवरी 2025 में ही यूनुस सरकार ने भारत के चिकन नेक के नाम से मशहूर सिलिगुड़ी कॉरिडोर के पास रंगपुर में पाकिस्तानी सेना के उच्च अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल को दौरा कराया था। वहीं, इसी चिकन नेक के दूसरी ओर चीन की निगाहें लगी हुई है। क्योंकि यह कॉरिडोर भारत के लिए बेहद अहम है। इसलिए भारत सरकार को चाहिए कि नेपाल, भूटान, बंगलादेश जैसे देशों, जिनके कंधे पर बंदूक रखकर चीन-पाकिस्तान भारत की ओर दाग सकते हैं, इस पूरे खेल को समय रहते ही खत्म कर दिया जाए, चाहे इसके लिए भारत को जो भी कीमत चुकानी पड़े।

# राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी से संकट बरकरार

**ज्ञानेन्द्र रावत**

बीते दिनों महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने गंगा की स्वच्छता पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज देश की कोई नदी ऐसी नहीं है जो स्वच्छ हो और प्रदूषण मुक्त हो। विडम्बना यह है कि इसके बावजूद हम उन्हें स्वच्छ रखने में असफल रहे हैं। गौरतलब है कि गंगा की सफाई का जिम्मा केन्द्र सरकार के सात मंत्रालयों पर है, लेकिन हकीकत यह है कि गंगा अपने मायके से ही प्रदूषित हो रही है। उत्तराखंड सरकार की रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि गंगा कई स्थानों पर जल शोधन संयंत्र से छोड़े गए पानी से ही प्रदूषित है। एनजीटी को भी इस बारे में जानकारी है। यह स्थिति केवल गंगा की नहीं, बल्कि देश की दूसरी नदियों की भी है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, गंगा और यमुना जैसी नदियां कई दशकों से प्रदूषित हैं। परिणामस्वरूप, जलीय जीव संकट में हैं और मानव स्वास्थ्य भी गंभीर खतरे में है। अनियोजित शहरीकरण, बढ़ती आबादी और कारखानों से निकलने वाला गंदा पानी नदियों के अस्तित्व को खतरे में डाल रहा है, साथ ही यह भूमिगत जल को भी प्रदूषित कर रहा है। विज्ञान और पर्यावरण केन्द्र की रिपोर्ट के अनुसार, घरों, फैक्टरियों और संस्थानों से निकलने वाला 72 फीसदी गंदा पानी सीधे नदियों और झीलों में जा रहा है, जिससे पेयजल और अन्य उपयोग के लिए पानी का संकट बढ़ता जा रहा है। एनजीटी की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश में गंगा और उसकी सहायक नदियों में रोजाना 1100 मिलियन लीटर प्रति दिन (एमएलडी) सीवेज गिर रहा है। राज्य में गंगा किनारे बसे जिलों के 225 नाले सीधे नदियों में मिल रहे हैं, जबकि केवल 101 नाले एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) से जुड़े हैं।

देश की राजधानी दिल्ली की जीवन रेखा यमुना हजारों करोड़ रुपये खर्च होने के बाद भी गंदे नाले से भी बदतर हालत में है। उसका पानी न केवल लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है, बल्कि वह पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। मौजूदा स्थिति यह है कि नई भाजपा सरकार नये संकल्प और यमुना सफाई के नये एजेंडे के साथ यमुना के पुनरुद्धार और कायाकल्प में जुटी है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी दिल्ली के 16 औद्योगिक क्षेत्रों में एसटीपी की कमी पर हैरानी जताई है और कहा है कि यमुना में बिना ट्रीटमेंट के अपशिष्ट पदार्थ खुलेआम गिराए जा रहे हैं। हकीकत यह है कि यहां एक-तिहाई क्षमता से एसटीपी काम कर रहे हैं और 11 क्लस्टरों के लिए प्लांट ही नहीं हैं। इसके लिए एसटीपी की क्षमता तीन गुना बढ़ानी होगी और निगरानी तंत्र को चौकस करना होगा, तभी कोई बदलाव की उम्मीद की जा सकती है। गौरतलब है कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति यमुना में प्रदूषण के लिए 60 फीसदी जिम्मेदार नजफगढ़ नाले को मानती है। असलियत यह है कि यमुना इतनी प्रदूषित हो चुकी है कि दिल्ली के अंदर और सीमा पर भी उसका जल नहाने लायक नहीं है। आंकड़ों के अनुसार, एक समय देश में करीब 15,000 छोटी-बड़ी नदियां थीं, जिनमें से 30 फीसदी से ज्यादा आज सूख चुकी हैं। 4500 से ज्यादा छोटी या मंझोली नदियां केवल बारिश के दिनों में बहती हैं, और बाकी आठ-नौ महीनों में वे मृतप्राय रहती हैं। देश की राजधानी दिल्ली की जीवनदायिनी यमुना में बरसात के दिनों में भले जलस्तर बढ़ा रहता है, लेकिन बाकी आठ-नौ महीनों में इसका जलस्तर काफी कम हो जाता है। गर्मी के दिनों में स्थिति और भयावह हो जाती है। यही हालत देश के अन्य राज्यों की छोटी-बड़ी नदियों की है, जहां की नदियों के साथ-साथ झीलों का जलस्तर भी कम हो गया है। उत्तराखंड में पर्यटन के लिए विख्यात नैनीताल की झीलें इसकी जीती-जागती मिसाल हैं, जिनका जलस्तर कम हो रहा है। मध्य भारत की गंगा कहलाने वाली पौराणिक नदी बेतवा की बात करें तो उसके उद्गम स्थल ही सिमट गए हैं। मध्य प्रदेश सरकार ने 2024 में बेतवा के उद्गम स्थल में जल गंगा संवर्धन योजना शुरू करने की घोषणा की थी, लेकिन उसका अभी तक क्रियान्वयन नहीं हुआ है। सवाल यह है कि देश की नदियां साफ क्यों नहीं हो पा रही हैं। इस मामले में जल शक्ति मंत्रालय ने भी स्वीकार किया है कि इसमें सीवेज सिस्टम की खामी अहम कारण है। असलियत में नदियों के किनारे बसे शहरों के सीवेज सिस्टम में सुधार में नाकामी के कारण सीवेज का गंदा पानी सीधे नदियों में गिरकर उन्हें विषाक्त कर रहा है। इसके लिए उन शहरों के नगर निकाय पूरी तरह जिम्मेदार हैं। हालात यह हैं कि कहीं शोधन संयंत्र देखभाल के अभाव में खराब पड़े हैं, कहीं उनकी शोधन क्षमता उतनी नहीं है जितनी होनी चाहिए, कहीं जरूरत के मुताबिक उनकी तादाद बहुत कम है, और कहीं बिजली आपूर्ति समय पर न होने के कारण वे पूरे समय काम नहीं कर पाते। कहीं-कहीं शोधन संयंत्रों से गंदे नाले जोड़े ही नहीं गए हैं, नतीजतन वे सीधे नदियों में गिर रहे हैं। हकीकत में सरकारें और नगर निकाय औद्योगिक रसायनयुक्त अपशिष्ट सीधे नालों या नदियों में गिरने से रोकने में नाकाम हैं। दुखद यह है कि इसके पीछे राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव मुख्य कारण है। इसमें दो राय नहीं कि यदि नदियों को स्वच्छ और निर्मल बनाना है तो लॉकडाउन जैसी सख्ती बरतनी होगी, तभी कुछ बदलाव की उम्मीद की जा सकती है।

# जल संकट का समाधान: परंपरागत ज्ञान और आधुनिक तकनीक का संगम

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

जल संकट आज की दुनिया के सबसे गंभीर मुद्दों में से एक है। बढ़ती जनसंख्या, अनियंत्रित औद्योगीकरण, और जलवायु परिवर्तन ने पानी की उपलब्धता पर गंभीर प्रभाव डाला है। इस संकट से निपटने के लिए हमें परंपरागत जल संरक्षण तकनीकों और आधुनिक विज्ञान व तकनीक के समन्वय की आवश्यकता है। जल संरक्षण का अर्थ है पानी के स्रोतों का समझदारी से प्रबंधन करना ताकि भविष्य में पानी की कमी न हो। भारत के पास दुनिया का केवल 4ब्र मीठा पानी है, लेकिन इसकी 18 प्रश आबादी जल संकट से जूझ रही है। इस समस्या को हल करने के लिए सरकार और समुदायों की भागीदारी जरूरी है। आंध्र प्रदेश में जल शक्ति अभियान और नीरू-चेट्टू जैसी योजनाओं ने पानी की उपलब्धता बढ़ाने में मदद की है। स्थानीय समुदाय अपने पारंपरिक ज्ञान और नए तकनीकी उपायों को अपनाकर पानी का बेहतर उपयोग कर सकते हैं। महाराष्ट्र का हिवरे बाजार मॉडल– इस गाँव में पारंपरिक और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके भूजल स्तर बढ़ाया गया। वर्षा जल संचयन और कुओं की सफाई से यहाँ जल उपलब्धता बढ़ी। राजस्थान की जोहड़ प्रणाली छोटे-छोटे तालाबों (जोहड़) के निर्माण से भूजल स्तर सुधरा और सूखे की समस्या कम हुई। उत्तराखंड की चाल-खाल प्रणाली– ये छोटे जलाशय वर्षा जल को संग्रहीत कर भूजल पुनर्भरण में मदद करते हैं। पानी के कुशल उपयोग के लिए पारंपरिक तरीकों और नई तकनीकों को अपनाना जरूरी हैं। नागालैंड की ज़ाबो कृषि पद्धति यह विधि बारिश के पानी को इकट्ठा कर खेती के लिए उपयोग करती है, जिससे सूखे की मार कम होती है। राजस्थान के टांके वर्षा जल संग्रहण के लिए बनाए गए छोटे जल भंडार हैं, जिनमें अब आधुनिक निस्पंदन तकनीक भी जोड़ी जा रही है। तमिलनाडु में एरियों (तालाब) प्रणाली- यह प्रणाली वर्षा जल को संग्रहित कर सिंचाई और पेयजल आपूर्ति में मदद करती है। जल संरक्षण के लिए जंगल, नदी, तालाब और मिट्टी को संतुलित बनाए रखना जरूरी है। राजस्थान में ओरण (पवित्र वन) क्षेत्रों में जल स्रोतों और जैव विविधता की सुरक्षा होती है, जिससे मरुस्थलीकरण को रोका जाता है। मेघालय की झरना पुनरुद्धार परियोजना के तहत वनों और जलग्रहण क्षेत्रों को पुनर्जीवित किया जा रहा है, जिससे जल स्रोत संरक्षित हो रहे हैं। मध्य प्रदेश में नर्मदा सेवा यात्रा पहल का उद्देश्य नर्मदा नदी के किनारे पेड़ लगाकर जल संरक्षण और पर्यावरण सुधार को बढ़ावा देना है। महाराष्ट्र की पानी पंचायतें और झारखंड की ग्राम सभाएँ जल संसाधनों के न्यायसंगत उपयोग को सुनिश्चित कर रही हैं। जलवायु परिवर्तन और अनियमित बारिश जल संकट को बढ़ा सकते हैं।



ऐसे में परंपरागत जल संरक्षण प्रणालियाँ मददगार साबित हो सकती हैं। बुंदेलखंड में सूखा राहत कार्य- तालाबों के पुनर्निर्माण और वर्षा जल संचयन से इस क्षेत्र में पानी की समस्या कम हो रही है। लद्दाख में सर्दियों में कृत्रिम हिमनद बनाए जाते हैं, ताकि गर्मियों में इनसे पानी मिलता रहे। हालांकि, बढ़ते तापमान से यह विधि चुनौतियों का सामना कर रही है। गुजरात में वाडी प्रणाली में जल संरक्षण के लिए टपक सिंचाई और बहुफसलीय खेती अपनाई जाती है। जलवायु परिवर्तन, औद्योगिक प्रदूषण, असमान जल वितरण और सरकारी योजनाओं में पारंपरिक प्रणालियों की अनदेखी प्रमुख बाधाएँ हैं। समुदायों को जल संसाधनों के प्रबंधन में अधिकार मिलना चाहिए ताकि वे जल को संधारणीय रूप से उपयोग कर सकें। महाराष्ट्र की पानी पंचायतें– इन पंचायतों के माध्यम से किसानों को पानी का न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित किया जाता है। झारखंड में ग्राम सभा अधिनियम के तहत गाँव की सभाएँ छोटे जलाशयों का प्रबंधन कर रही हैं। ओडिशा में पाणी पंचायत– यह योजना सामुदायिक भागीदारी से जल प्रबंधन को बढ़ावा देती है। शहरों को अधिक पानी दिया जाता है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में कमी हो जाती है। उदाहरण के लिए, चेन्नई के लिए आसपास के गाँवों से पानी लिया जाता है, जिससे किसानों को परेशानी होती है। हिमालय के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे गंगा जैसी नदियों का प्रवाह कम हो रहा है और जल संकट बढ़ रहा है। पारंपरिक जल संरक्षण प्रणालियों को सरकारी योजनाओं में ज्यादा महत्व नहीं दिया जाता। कई उद्योग अपशिष्ट जल को नदियों और तालाबों में छोड़ देते हैं, जिससे जल स्रोत दूषित हो जाते हैं। परंपरागत जल संरक्षण प्रणालियों को कानूनी दर्जा मिलना चाहिए। वैज्ञानिक संस्थानों, सरकारी एजेंसियों और स्थानीय समुदायों के बीच साझेदारी को मजबूत करना चाहिए। मद्रास ग्रामीण इलाकों में वर्षा जल संचयन के लिए तकनीकी सहायता दे रहा है। जल प्रबंधन योजनाओं में स्थानीय लोगों की भागीदारी बढ़ानी चाहिए। जल, जंगल और भूमि को एक साथ जोड़कर संरक्षण योजनाएँ बनानी चाहिए। आधुनिक तकनीकों और पारंपरिक ज्ञान को मिलाकर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने की रणनीति बनाई जानी चाहिए। शहरी जल पुनर्चक्रण– शहरों में अपशिष्ट जल को पुनः उपयोग में लाने की प्रणाली विकसित करनी चाहिए। जल संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें समुदायों की भागीदारी भी बहुत जरूरी है। पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक तकनीक को मिलाकर जल संसाधनों का कुशल प्रबंधन किया जा सकता है। जल शक्ति अभियान और मनरेगा जैसी योजनाओं के साथ-ढ्ढ आधारित निगरानी प्रणाली को जोड़कर जल संरक्षण को और प्रभावी बनाया जा सकता है। इससे जल संकट से निपटने में मदद मिलेगी और भविष्य के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित होगी। कानूनी मान्यता, वैज्ञानिक सहयोग, स्थानीय भागीदारी, जल पुनर्चक्रण और जलवायु अनुकूलन उपायों को अपनाकर जल संरक्षण को प्रभावी बनाया जा सकता है। जल संकट से निपटने के लिए हमें अतीत की सीख और भविष्य की तकनीकों के बीच संतुलन बनाना होगा। परंपरागत जल संरक्षण प्रणालियाँ हमें स्थिरता और स्थानीय अनुकूलन का ज्ञान देती हैं, जबकि आधुनिक तकनीकें जल संसाधनों के कुशल प्रबंधन में सहायता कर सकती हैं। यदि हम दोनों का संगम करके कार्य करें, तो जल संकट का स्थायी समाधान प्राप्त किया जा सकता है। बूँद-बूँद से घड़ा भरता है ङ्क जल संरक्षण की दिशा में एक छोटा प्रयास भी भविष्य में बड़ा बदलाव ला सकता है।

# लोकतंत्र की आत्मा है अभिव्यक्ति की आजादी

**विश्वनाथ सचदेव**

एक बार फिर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मुद्दा चर्चा में है और इसे एक विडंबना ही कहा जायेगा कि इस बार यह मुद्दा एक कॉमेडियन की प्रस्तुति को लेकर उठा है। मैं बात कुणाल कामरा के उस कार्यक्रम की कर रहा हूं जिसमें उन्होंने बिना नाम लिए महाराष्ट्र के एक राजनेता को 'गद्दार' कहा था। यह पहली बार नहीं है जब उक्त नेता को किसी ने इस विशेषण से जोड़ा है। उक्त नेताजी के पुराने साथी, जिन्हें त्याग कर उन्होंने भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनायी थी, अक्सर उनकी निष्ठा पर सवाल उठाते रहे हैं। पर नेताजी के अनुयायियों ने अब अपनी जो प्रतिक्रिया व्यक्त की है—उसे पहले नहीं देखा गया था। जहां तक कॉमेडियन की बात है, मुझे आपत्ति किसी को गद्दार कहने से नहीं है। कोई भी 'मेरी नजर से देखो' का वास्ता देकर किसी पर इस तरह का आरोप लगा सकता है, पर मुझे उन गालियों से आपत्ति है जो कॉमेडियन अपने कार्यक्रम में काम में लेते हैं। यह भाषा किसी सभ्य समाज की नहीं होनी चाहिए। और मैं यह भी कहना चाहता हूं कि व्यंग्य सार्थक भी तभी होता है जब, जिसपर व्यंग्य किया गया है, वह तिल मिलाकर रह जाये, और अपने आप को कुछ करने की स्थिति में भी नहीं पाये! बहरहाल, इस सबके बावजूद मैं कॉमेडियन के अपनी बात कहने के अधिकार का समर्थन करूंगा। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार हमें हमारे संविधान ने दिया है। यहीं इस बात को भी रेखांकित किया जाना ज़रूरी है कि यह अधिकार असीमित नहीं है। हमारा संविधान इस अधिकार पर 'उचित प्रतिबंध' की बात भी करता है। जहां एक ओर इस अधिकार का उपयोग करने वाले से विवेकशील होने की अपेक्षा की जाती है। वहीं सरकार को भी यह अधिकार दिया गया है कि वह राष्ट्रीय हितों को देखते हुए उचित प्रबंध लगाये। हां, यह बात भी सही है कि अक्सर सरकारें अपने इस अधिकार का ग़लत उपयोग करने लगती हैं। अक्सर हम यह भी देखते हैं कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खतरों की दुहाई देकर जनतंत्र के इस महत्वपूर्ण हथियार को भोथरा करने की कोशिशें होती हैं। पचास साल पहले जब देश में आपातकाल घोषित किया गया था तो तब की सरकार ने ऐसी ही एक कोशिश की थी। यहीं यह बताना भी ज़रूरी है कि तब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस बात को स्वीकारा भी था कि सेंसरशिप के कारण उन तक सही और पूरी जानकारी नहीं पहुंच पायी थी और वे उचित कदम नहीं उठा पायीं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार के इस पहलू को भी ध्यान में रखा जाना ज़रूरी है। जनतांत्रिक व्यवस्था में जहां यह अधिकार जनता को एक हथियार देता है वहीं संबंधित सरकार को भी अपना कर्तव्य निभाने में सहायता कर सकता है। इस अधिकार का अभाव या हनन, दोनों, जनतंत्र को कमज़ोर बनाते हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक अमेरिकी पत्रकार को दिये गये इंटरव्यू में आलोचना को 'जनतंत्र की आत्मा' कहा था। तब उन्होंने यह भी कहा था कि 'आज के ज़माने में सही और तीखी आलोचना दिखाई नहीं देती।' इसी इंटरव्यू में उन्होंने भारत में आलोचना की शानदार परंपरा का भी उल्लेख किया था। 'निंदक नियरे राखिए' वाले कबीर को भी याद किया था। अपने इस इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ने आलोचना और आरोप में अंतर समझाने की भी कोशिश की थी। यह बात दिलासा देने वाली है। पर अपने एक दशक से अधिक के कार्यकाल में एक भी प्रेस कॉन्फ्रेंस न करके हमारे प्रधानमंत्री जी ने आलोचना के द्वार को ही जैसे बंद कर रखा है। पत्रकारों, रचनाकारों के प्रति एक आदरभाव की अपेक्षा करती है जनतांत्रिक व्यवस्था। यदि रचनाकार, पत्रकार, व्यंग्यकार आलोचना करते हैं तो व्यवस्था का दायित्व बनता है कि वह इसे सकारात्मक दृष्टि से समझे-स्वीकारे। यहां, स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को याद किया जाना चाहिए। जब उन्हें यह लगा कि उनकी समुचित और सार्थक आलोचना नहीं हो रही तो उन्होंने छद्म नाम से स्वयं अपनी आलोचना करके जनतांत्रिक तौर-तरीकों का जैसे रास्ता दिखाया था।

# आज मुख्य सचिव करेंगे शहजाद बांध स्प्रिंकलर परियोजना का निरीक्षण

**- सभी आवश्यक तैयारियों को लेकर मण्डलायुक्त व डीएम ने अधिकारियों के साथ परियोजना स्थल व हैलीपैड का किया निरीक्षण**

**- परियोजना चालू कराने की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने में लगा है प्रशासन**



**समय जगत, ललितपुर।** उत्तर प्रदेश शासन मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह आगामी 4 अप्रैल को तालबेहट क्षेत्र स्थित शहजाद बांध पर निर्मित स्प्रिंकलर सिंचाई परियोजना का निरीक्षण करेंगे। उनके भ्रमण की तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से मण्डलायुक्त झांसी मण्डल विमल कुमार दुबे और जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शहजाब बांध स्थित स्प्रिंकलर सिंचाई परियोजना एवं मर्दन सिंह इण्टर कॉलेज तालबेहट में बनाये जाने वाले हैलीपैड का निरीक्षण किया और सम्बंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर अधीक्षण अभियन्ता सिंचाई झांसी को निर्देश दिये गए कि सभी तैयारियां पूर्ण कराते हुए योजना को इसी ग्रीष्म ऋतु में शुरु कराकर क्षेत्र के किसानों के खेतों में पानी पहुंचाना सुनिश्चित करें, इसके साथ ही उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये गए कि प्रत्येक दशा में विद्युत के सभी कार्य पूर्ण कराते हुए पर्याप्त विद्युत आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि बुन्देलखण्ड पैकेज से पोषित शहजाद बांध स्प्रिंकलर सिंचाई परियोजना जिला ललितपुर तहसील तालबेहट में शहजाद बांध पर पम्प हाउस बनाकर, पाईप लाइन के माध्यम से प्रेशराइजड रिप्रकंलर सिंचाई पद्धति द्वारा 1740 हे0 (रवी-1014 हे. खरीफ-726 हे.) में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के अतिरिक्त 2 मेगावाट सोलर पॉवर विद्युत उत्पादन का कार्य कराया गया है। यह योजना पूर्ण हो चुकी है, जिसका जल्द ही शुभारंभ किया जाना है, परियोजना का गहनता से निरीक्षण करने के लिए शासन ने मुख्य सचिव को जनपद भेजा है, ताकि जल्द ही इसके सम्बंध में निर्णय लिया जा सके। बताया गया कि मुख्य सचिव हवाई सफर करके जनपद पहुंचेगें, जिसके लिए तालबेहट में मर्दन सिंह इण्टर कॉलेज में हैलीपैड बनाया जाएगा, वहां से मुख्य सचिव कार से परियोजना स्थल तक पहुंचेंगे। इसके लिए जिलाधिकारी के निर्देशन में जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और सभी जरुरी तैयारियों को पूर्ण कराने के निर्देश दिये हैं। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत तालबेहट को निर्देश दिये गए हैं कि वह विद्यालय के आसपास सभी झाडियां हटवाकर साफ-सफाई की व्यवस्था करायें। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये गए कि वह हैलीपैड को तैयार कराते हुए कॉलेज के अप्रोच रोड को गड्ढामुक्त करायें। निरीक्षण के दौरान डीएफओ गौतम सिंह, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभूषण प्रताप, उप जिलाधिकारी तालबेहट भूपेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी तालबेहट अभयनारायण राय, अधीक्षण अभियंता सिंचाई झांसी अशोक कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई शैलेष कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत गोविन्द, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसपी ने किया कदौरा थाने का वार्षिक निरीक्षण

**उरई ।** पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने गुरुवार को कदौरा थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने थाने के मालखाना, शस्त्रागार, लॉकअप और कार्यालय का गहन निरीक्षण किया।

एसपी ने सभी महत्वपूर्ण रजिस्टरों की जांच की। इसमें सम्पूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर, भूमि-भवन रजिस्टर और मालखाना रजिस्टर शामिल थे। महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की।थाना प्रभारी और हल्का इंचार्जो को विशेष निर्देश दिए गए। लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा। हिस्ट्रीशीटरों की समीक्षा कर कार्रवाई करने के आदेश दिए। महिला हेल्प डेस्क को और सक्रिय बनाने पर जोर दिया।एसपी ने पुलिस और जनता के बीच बेहतर संबंधों पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इससे अपराधों की रोकथाम में मदद मिलेगी। मालखाना और रिकॉर्ड्स की व्यवस्था की सराहना की। इस वर्ष अपराधों में आई कमी को सकारात्मक बताया। महिला संबंधी अपराधों पर विशेष ध्यान देने को कहा।

## आरपीएफ ने चलाया जागरुकता अभियान



**ललितपुर।** वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त रेल सुरक्षा बल झांसी के निर्देशन में एवं निरीक्षक रेल सुरक्षा बल पोस्ट के मार्ग दर्शन में इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल चौकी बस स्टैंड जो की ललितपुर बिरारी स्टेशन के मध्य स्थित है जिस रेल लाइन पर वन्दे भारत जैसी महत्वपूर्ण रेलगाड़ी का आवागमन होता है। विगत दिनों में पत्थर फेंकने की घटना का मामला प्रकाश में आने पर रेल सुरक्षा बल पोस्ट ललितपुर से उप निरीक्षक अंकित कुमार द्वारा विद्यालय में जागरूकता अभियान के तहत बच्चों को जागरूक किया गया। विद्यालय स्टाफ प्रीति गुप्ता के सहयोग, छात्र छात्राओं के द्वारा रैली विद्यालय प्रांगण से प्रारंभ कर देहरे बाबा मंदिर बिरारी संपन्न हुई, जहां पर हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार सोनी द्वारा ग्रामवासियों एवं महिलाओं को रेलवे लाईन पर अपने मवेशियों को ना ले जाने रेलवे लाईन की पटरियों पर पत्थर ना रखने तथा रेल गाडियां पर पत्थर ना फेंकने बाबद जागरूक किया गया। यह भी बताया गया कि उक्त कृत्य भारतीय रेल को नुक्सान पहुंचाना एवं रेल यात्राओं में बाधा डालने के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल मे लायी जा सकती है। महिला आरक्षी गौरी टुडू ने महिला यात्री के बैखोफ सुरक्षित यात्रा करने बाबत जागरूक किया। हैंड कांस्टेबल हरी किशन द्वारा रेल हेल्पलाइन नम्बर 139 पर यात्रा से सम्बन्धित किसी समस्या पर जागरूक किया गया। इस दौरान कांस्टेबल शुभम विशला द्वारा पेन एवं टॉफियों वितरण किया गया। विद्यालय स्टाफ प्रीति गुप्ता, सुरभि राठौर, अंजुम आरा एवं कल्पना श्रीवास्तव द्वारा आभार प्रकट किया गया।

## युवक से एकराय होकर मारपीट करने का आरोप

**समय जगत,ललितपुर।** थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम छिपाई निवासी बुद्ध सिंह पुत्र लाखन सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 31 मार्च को अपराह्न 12 बजे उसका पुत्र गजेन्द्र सिंह अपनी खेती का कार्य कर रहा था। तभी पुरानी रंजिश के चलते गांव के रामसिंह व लक्ष्मन सिंह पुत्रगण हरवन सिंह, चायनी राजा, नाती राजा पुत्र बड़े राजा अपने हाथों में लाठी-कुल्हाड़ी लेकर आये और गजेन्द्र को गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी। मारपीट करने से उसके पुत्र गजेन्द्र को शरीर में काफी चोटें आयीं, जिसका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। आरोप है कि उक्त लोग जान से मारने की धमकी दे रहे हैं और पहले भी धमका चुके हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफमामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## उपचार कराकर लौट रहे दम्पत्ति को कंटेनर ने मारी टक्कर

**समय जगत, ललितपुर।** तालबेहट की ग्राम पंचायत रामपुर के मजरा ढ़ीमरवारा में रहने वाले हरप्रसाद पुत्र बाबूलाल कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते 15 मार्च की अपराह्न करीब 1 बजे उसका चाचा आशाराम पुत्र धनू अपनी पत्नी भूरिबाई के साथ उपचार कराकर मोटर साइकिल से अपने घर लौट रहा था। वह रास्ते में ग्राम सेरवांसकलां पहुंचा ही था कि तभी कन्टेनर नम्बर एन.एल. 01 ए.सी. 4471 के चालक ने तेजी व लापरवाही से उन्हें टक्कर मार दी, जिससे आशाराम व भूरिबाई खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़े। ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां हालत खराब होने के कारण दोनों को झांसी मेडीकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर कन्टेनर चालक के खिलाफबीएनएस की धारा 281, 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत का मामला दर्ज

**समय जगत,ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के ग्राम बरौदाडांग निवासी विनोद कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 5 मार्च को शाम करीब 7 बजे उसके पिता गोविन्ददास पुत्र दुज्जा ग्राम हर्षपुर के साठिया में रिश्तेदारी से वापस बरौदा डांग जा रहे थे। साठिया के पास शहजाद बांध के पुल पर किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। रिश्तेदारों की मदद से उन्हें एन.एच. 44 की एम्ब्युलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें झांसी रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफबीएनएस की धारा 281, 125 (बी), 106 (1) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पातालकोट एक्सप्रेस से महिला यात्री का पर्स चोरी

**समय जगत,ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत कस्बा बीना के वीर सावरकर वार्ड में रहने वाले संतोष अहिरवार पुत्र मुन्नालाल ने जीआरपी पुलिस को बताया कि वह ट्रेन संख्या 20424 पातालकोट एक्सप्रेस में ललितपुर से बीना की ओर अपनी पत्नी अनीता अहिरवार के साथ यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान रेलवे स्टेशन से चलने के दो मिनिट बाद उसने देखा कि उसकी पत्नी का लेडीज पर्स नहीं था। ट्रेन में भीड़ अधिक होने के कारण किसी अज्ञात बदमाश ने उक्त पर्स चोरी कर लिया। बताया कि उक्त लेडीज पर्स में पन्द्रह हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन, एक चश्मा व दवाईयों के अलावा प्रसाद रखा हुआ था। जीआरपी पुलिस ने संतोष अहिरवार की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## क्रय-विक्रय में अधिकारियों के अनैतिक हस्तक्षेप पर रोक लगाने की मांग

**समय जगत, जाखलौन (ललितपुर)।** जिले के कुछ अधिकारियों द्वारा मंडी में न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम पर गेंहू खरीदने का व्यापारियों पर दबाव बनाए जाने के विरोध में भाजपा जिलाध्यक्ष को पूर्व उपाध्यक्ष सुरेश कौन्तेय ने एक पत्र देकर किसानों को उचित मूल्य दिलाए जाने की मांग की। मंडी के क्रय विक्रय में अधिकारियों के अनैतिक हस्तक्षेप पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कामकाजी बैठक में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को एक पत्र देकर अवगत कराया कि वर्तमान में किसानों की गेहूं की आवक मंडी में तेजी से बढ़ रही है।मंडी रेट सरकारी खरीद केंद्रों से अधिक होने और तत्काल भुगतान होने के कारण किसान अपनी फसल मंडी लेकर पहुंच रहे हैं तथा खरीद केंद्रों पर अव्यवस्थाओं के चलते सन्नाटा मचा हुआ है। कई खरीद केन्द्रों पर वारदाना न होने से तुलाई बंद है। जानकारी मिली है कि अधिकारियों ने मंडी में व्यापारियों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम पर गेंहू खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने इसे किसान विरोधी निर्णय बताया और कहा कि एक ओर हमारे प्रधानमंत्री किसानों की आय दोगुनी करने को कृत संकल्पित हैं। वहीं अधिकारी उनके हितों पर कुठाराघात कर रहे हैं। उन्होंने मंडी में अधिकारियों द्वारा किए जा रहे अनैतिक हस्तक्षेप पर रोक लगाने की मांग की है।

### राष्ट्रीय ब्राह्मण परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता बने अखिलेश कुमार चौबे

**समय जगत,ललितपुर।** राष्ट्रीय ब्राह्मण परिषद के अध्यक्ष अनन्त मोहन शुक्ल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अवगत कराया है कि ललितपुर के मसौरा खुर्द निवासी अखिलेश कुमार चौबे को राष्ट्रीय ब्राह्मण परिषद संगठन के मुख्य प्रकोष्ठ में राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया गया है। आगे कहा कि परिषद के

## कुएं में गिर कर टाइल्स कारीगर की मौत

**उरई।** कुठौंद थाना क्षेत्र में एक घटना सामने आई है। ग्राम बिलौहां में एक व्यक्ति की कुएं में गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 38 वर्षीय रमेशचंद्र पाल के रूप में हुई है।रमेशचंद्र टाइल्स का काम करते थे। वह उरई के मोहल्ला रामनगर में कांग्रेस दफ्तर के पास अपने परिवार के साथ रहते थे। पिछले कुछ दिनों से वह अपने गांव बिलौहां में थे। बुधवार की देर शाम को वह अपने घर से कुछ दूर स्थित कुएं के पास बैठे थे। इसी दौरान वह संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में गिर गए।कुआं सूखा होने के कारण रमेशचंद्र को गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से उन्हें कुएं से बाहर निकाला गया। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## निवाड़ी पुलिस द्वारा की जा रही है सघन चेकिंग



**समय जगत,निवाड़ी ।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशन व पुलिस अधीक्षक जिला निवाड़ी डॉक्टर राय सिंह नरवरिया के मार्गदर्शन में जिले में यातायात नियमों के परिवहन कर रहे वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें सड़क दुर्घटनाओं के साथ-साथ इनमे में होने वाली मृत्यु की संख्या में कमी लाने हेतु एवं वाहन चालकों को सुरक्षित अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचाने हेतु माननीय सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के दिशा निर्देशन में बिना बीमा परिवहन बिना फिटनेस परिवहन कर रहे वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है आज इसी तारतम्य में प्रारंभिक दो दिनों में जिला निवाड़ी पुलिस ने यातायात नियमों के विरुद्ध परिवहन कर रहे वाहनों के खिलाफकार्रवाई करते हुए यातायात स्टाफने खबर लिखने तक 100 से अधिक वाहनो पर चालानी कार्रवाई कर लगभग 45,000 का समन शुल्क वसूला गया व यातायात नियमों का महत्व बताते हुए आगे ऐसा न करने की समझाइश भी दी गई यातायात प्रभारी सूबेदार नीरज शर्मा ने बताया कि यह अभियान 1 से 15 अप्रैल तक पुलिस मुख्यालय व पुलिस अधीक्षक से प्राप्त दिशा निर्देशन के अनुसार संपूर्ण जिलों के थानों में चल रहा है ताकि आम जनों में सुरक्षा व यातायात नियमों गंभीरता से नियम अनुसार कार्रवाई कर यातायात नियमों का पालन कराया जाए ।

## भंग चल रही है एसओजी टीम की कमान वरूण प्रताप को

**समय जगत,उरई ।** भंग चल रही जिले की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप टीम यानी एसओजी के नये सिरे से गठन कर दिया गया है। जिसमे वरूण कुमार को साइबर क्राइम थाना से प्रभारी एस ओ जी तथा रिंकू चौधरी को चौकी बस स्टैण्ड़ से सर्वेलाइंस सेल प्रभारी की जिम्मेवारी सौपी गई। वही एसओजी टीम मे बसन्त कुमार, रवि कुमार, अंकुर शर्मा, आकाश चौधरी, जावेद अख्तर, सुशांत मिश्रा को जगह मिली। जिससे खुलासों में पुलिस को मदद मिलेगी। मालूम हो कि एसओजी टीम के चार सिपाही राजस्थान में हुए एक अपहरण और फिरौती की रकम बसूलने के मामले में कथित तौर पर संलिप्त पाये गये थे। इसकी भनक लगने के बाद पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने 4 मार्च को एसओजी टीम के तीन मुख्य आरक्षक व एक आरक्षी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था और उनके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कराई थी। निलंबन कि कार्रवाई को कुछ ही दिन बीते थे की पुलिस अधीक्षक ने पूरी टीम को ही भंग कर दिया। इसी के साथ उन्होंने सर्विलेंस टीम के दो सिपाहियों को लाइन का रास्ता दिखा दिया था। उक्त कार्रवाई के बाद से ही एसओजी टीम पूरी तरह से भंग चल रही है। आज गुरूवार भंग टीम को पुर्नगठन किया गया। टीम भंग होने से जिले में कई ऐसी वारदातों का खुलासा होना शेष पड़ा है जिनका संबंधित थाना पुलिस खुलासा नहीं कर पा रही है।

## साइबर क्राइम थाना का एसपी ने किया निरीक्षण



**समय जगत,ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने साइबर क्राइम थाना/साइबर सेल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय, साइबर हेल्प डेस्क, सीसीटीवी कैमरे, मालखाना आदि का निरीक्षण कर कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया। थाने पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को प्रभारी निरीक्षक द्वारा स्वयं सुनकर शत-प्रतिशत निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया। साइबर क्राइम थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुणदोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया। कार्यालय में चलने वाली कम्प्टरीकृत जीडी का निरीक्षण कर पुलिस बल की समस्याओं को सुना। साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर हेल्प डेस्क पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण व रजिस्टरों को अध्यावधिक करने हेतु निर्देशित किया। साइबर सेल का निरीक्षण कर आनलाइन पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। साइबर अपराधों से बचाव हेतु लगातार अभियान चलाकर स्कूलों/विद्यालयों में जाकर बच्चों व लोगों को जागरूक करने के लिए साइबर थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया।

## देवी मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों का दौर जारी



**समय जगत, ललितपुर।** जनपद में मां दुर्गा के रूपों में की आराधना करने वालों में नवरात्रि पर्व को लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा है। कोई नंगे पांव तो मंदिरों में जाकर सेवा कर रहे हैं तो कई खुद को निर्जल व्रत रखे हुए हैं। चौत्र नवरात्रि की पंचमी का विशेष महत्व होता है। इस दिन माता मंदिरों में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पूजा अर्चना की। तालाबपुरा स्थित मां बीजासेन माता मंदिर पर विशेष आरती और महाप्रसाद का वितरण किया गया। मंदिरों में घंटा घंटियां के साथ माता रानी के जयकारे गूंज उठे भक्तों द्वारा मां बीजासेन को चुनरी पोशाक, फल, फूल, रोली, सिंदुर व चूड़ी अर्पित कर मनवांछित फल की कामना की। सायंकालीन आरती के उपरांत मंदिरों में महिलाओं द्वारा विशेष भजन कीर्तन किए गए। महिलाओं द्वारा मंदिर में रोली महावर की सुहाग की लंबी आयु की कामना की। मंदिर में उपस्थित पुजारी प्रकाश पंडा चरण सेवक उमेश गोस्वामी, अरविंद कुमार संज्ञा, रज्जन चौबे, पंकज कुमार रायकवार पत्रकार, अमित राठौर, महेंद्र सोनी, अनिल गिरी, राहुल सोनी, टिक्कू सोनी, आशु चतुर्वेदी, अशोक सोनी, लल्लू, तरुण रैकवार, विकास, वरुण, विशाल, अरुण, ऋषि आदि मौजूद रहे।

## पुराना खंडहर हो चुका शासकीय भवन गिराया



**समय जगत, निवाड़ी** नगर के निवाड़ी शहर से तिगैला जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित राजस्व विभाग के अंतर्गत जिसमें पहले कभी तहसीलदार निवाड़ी के रीडर श्री रमजान खान एवं श्री नायक जी रहे हैं वह आज खंडहर हो चुका जर्जर हालत में उसके पास से निकलने में डर लगता था कि कि कब धसक जाये आज नगर परिषद निवाड़ी ने जे सी बी से गिरवा दिया और सूत्र बताते हैं कि वहां पर वार्ड क्रमांक 12 की आंगनबाड़ी केंद्र बनना है लेकिन वह जमीन मुख्य मार्ग पर स्थित है और बेशकीमती ह । लोगों का दबी जुबान से कहना है कि एरिया काफी बड़ा है आंगन वाड़ी केन्द्र के हिसाब से जगह बहुत अधिक है कहीं कोई दुरुपयोग न हो पाए

## जबरन घर में घुसकर पति व बच्चों से मारपीट

**ललितपुर।** महरौनी कोतवाली अन्तर्गत ग्राम कुम्हैड़ी में रहने वाली शारदा पत्नी इन्द्रपाल कुर्मी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते बुधवार को 10.50 बजे गांव में रहने वाले गंगाराम व देवकीनन्दन पुत्रगण भगौने, सूरज, दीपक व अभिषेक पुत्रगण गंगाराम और महेन्द्र पुत्र देवकीनंदन, फूलसिंह पुत्र आशाराम एकराय होकर उसके घर में जबरन घुस आये। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके पति व बच्चों के साथ बुरी तरह से लाठियों-डण्डों से मारपीट कर दी।

## शक्तिभैरों में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत चौपाल एवं रैली का हुआ आयोजन



**समय जगत,निवाड़ी।** कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशन में आज ग्राम पंचायत शक्तिभैरों में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड निवाडी द्वारा जल संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए चौपाल आयोजित कर, रैली निकाली गई।

जन अभियान परिषद से श्री सुनील कटियार ने बताया कि अभियान अंतर्गत कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक श्री राजकुमार पाठक के द्वारा बच्चों एवं युवाओं को जल संरक्षण के महत्व के वारे मे विस्तार से बताया और जल के महत्त्व से सम्बंधित प्रश्नोत्तरी भी क़ी। नवांकुर संस्था के कार्यक्रम समन्वयक श्री सूर्यप्रकाश यादव ने जल संरक्षण का संकल्प दिलाकर अपने परिवार, मित्र और समाज के अधिक से अधिक लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने एवं अभियान में सम्मलित होने को प्रेरित किया। बैठक के उपरांत गांव में जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें पानी बचाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति धमना के अध्यक्ष श्री निरपेन्द बाजपेयी और मेन्टर्स एवं गाव के बच्चे, युवा उपस्थिति रहे ।

## ब्लाक कांग्रेस निवाड़ी ने फूंका मुख्य मंत्री का पुतला




**समय जगत, निवाड़ी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी के आवाहन पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी निवाड़ी द्वारा परिवहन घोटाले के मुख्य आरोपी सौरभ शर्मा को सरकार का संरक्षण उसे बचाने का प्रयास और नरम रुख के चलते सौरभ शर्मा की जमानत स्वीकार होने का विरोध जाहिर करने हेतु मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री जी का पुतला फूंकने का प्रयास किया जिसमें काफी हद तक वह सफल भी रहे ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष श्री राजेश यादव युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश द्विवेदी अल्प संख्यक मोर्चा के श्री हबीब खान कांग्रेस नेता रमेश निराला अनूप बडौनियां धीरेन्द्र खरे सहित कांग्रेसी नेता एकत्र हो कर नारेबाजी करते हुए जुलूस के रूप में नगर में निकले पुलिस को छकाते हुए टैक्सी स्टैंड पर मुख्यमंत्री जी का पुतला फूंक दिया जिसे अधजली हालत में एस डी ओ पी श्री एम् एस बघेल एवं नगर निरीक्षक श्री नरेन्द्र सिंह परिहार सहित पुलिस कर्मियों द्वारा छुड़ा कर उस अधजले पुतले पर पानी डाला गया और उसे बुझा दिया मैन रोड स्थित टैक्सी स्टैंड पर यह छीना झपटी और वाद प्रतिवाद देख कर आम जन मानस हंसता मुस्कुराता अपने गंतव्य को चलता रहा और सभी कांग्रेसी नारे लगाते हुए चले गए ।

## न्यायिक अधिकारियों ने उपकारागार का किया औचक निरीक्षण

**समय जगत, महोबा।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुक्रम में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा जे0पी0 यादव के आदेशानुसार आज गुरूवार कों अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा तेन्द्र पाल द्वारा जिला उपकारागार महोबा का औचक निरीक्षण किया गया। बन्दियों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में जेलर उपकारागार, महोबा को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जिला उपकारागार में निरूद्ध बंदियों की समस्याओं को सुना गया जिसमें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, आदि समस्याओं की सुनवाई सुनिश्चित करते हुये जेल के बंदियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया तथा कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा पात्र बंदियों के विधिक सहायता प्रदान किये जाने हेतु सदैव तत्पर हैं। कुछ बन्दियों के जमानत प्रार्थना पत्र उच्च न्यायालय मे प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिये गये। जो बन्दी अत्यन्त गरीब है तथा अपना निजी अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर सकते उन्हे निःशुल्क लीगल एड डिफेंस काउन्सिल नियुक्त करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जेलर द्वारा बताया गया कि उपकारागार मे कुल 330 बन्दी निरूद्ध है। तत्पश्चात पाकशाला तथा बैरकों का निरीक्षण किया तथा निरंतर स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। जेलर द्वारा बताया गया कि प्रातःकाल बन्दियों को नास्ते मे चाय, गुड़, पावरोटी दिया गया था तथा सुबह के भोजन हेतु अरहर की दाल, चावल एवं आलू-मूली की सब्जी तैयार की गयी है। निरीक्षण के दौरान लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम, महोबा के चीफ रामऔतार सिंह, डिप्टी रामनरेश नरेश यादव, व असिस्टेंट हरेन्द्र मिश्रा व योगेन्द्र सिंह, जेलर शिवमूरत सिंह सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## अवैध खनन पर राज्य सरकार सख्त, आकस्मिक संयुक्त अभियान से होगी अवैध खनन पर रोकथाम: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**विजय शर्मा धौलपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अवैध खनन की रोकथाम के लिए प्रतिबद्ध है। अब राज्य सरकार इस पर सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही के लिए आकस्मिक संयुक्त अभियान चलाएगी जिससे खनन माफियाओं पर पूरी तरह लगाम लग सके। उन्होंने कहा कि कार्मिकों का यह दायित्व है कि अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूर्ण समर्पण भाव से करें तथा राज्यहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर अवैध खनन गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए की गई कार्यवाही की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में खनिज संसाधनों की अपार संभावनाएं हैं तथा लाखों लोगों को खनन से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है। राज्य के राजस्व में भी खनन क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि खनिज सम्पदा का समुचित दोहन हो तथा इस क्षेत्र के राजस्व में बढ़ोतरी की जाए। उन्होंने अधिकारियों को लक्ष्य निर्धारित कर काम करने के निर्देश दिए।



**अवैध खनन के खिलाफ हो प्रभावी कार्रवाई:** मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग अवैध खनन पर सख्ती से कार्रवाई करे जिससे आमजन को राहत पहुंचे। इसके लिए सभी को मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि अवैध खनन को रोकने के लिए पुलिस, जिला प्रशासन, वन विभाग, परिवहन विभाग तथा खनन विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें। उन्होंने सभी जिला कलक्टर से खनन माफियाओं पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जब सख्ती से कानून की पालना सुनिश्चित होगी, तभी अवैध खनन करने वालों में भय पैदा होगा। उन्होंने खनन विभाग को निर्देश दिए कि वे जिला स्तरीय एसआईटी की बैठक की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा प्रतिदिन बैठक की रिपोर्ट लें।

**ड्रोन सर्वे से करें पूरी निगरानी:** श्री शर्मा ने कहा कि अवैध खनन पर निगरानी रखने के लिए ड्रोन तथा अन्य आधुनिक तकनीक की मदद ली जाए। ड्रोन से पूरे क्षेत्र की फोटोग्राफी तथा वीडियोग्राफी हो जिससे अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। साथ ही अवैध खनन पर की जा रही कार्रवाई में अधिक से अधिक तकनीक का प्रयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन के औचक निरीक्षण के लिए मुख्यालय स्तर पर संयुक्त टास्क फोर्स बनाई जाए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करें जिससे अवैध खनन के रोकथाम की प्रक्रिया में गति लाई जा सके।

**एम-सेंड को दिया जाए प्रोत्साहन:** मुख्यमंत्री ने कहा कि एम-सेंड नीति के तहत बजरी के विकल्प के रूप में एम-सेंड को प्रोत्साहन दिया जाए। प्रदेश में एम-सेंड इकाइयों की स्थापना और बजरी के सस्ते विकल्प के रुप में एम-सेंड के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए जिससे बजरी के दोहन में कमी आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि खान विभाग के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की जाएगी। उन्होंने टोंक, नागौर, भीलवाड़ा, सवाई माधोपुर, डीग, कोटपूतली, राजसमंद, चित्तौड़गढ़ कलक्टर से जिलों में चल रही अवैध खनन की कार्यवाही के बारे में जानकारी ली तथा उचित दिशा-निर्देश प्रदान किए।मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि वैध खनन को बढ़ावा दिया जाए, अवैध खनन पर अंकुश लगे जिससे राजस्व में बढ़ोतरी हो तथा रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो सकें। बैठक में प्रमुख शासन सचिव खान एवं पेट्रोलियम टी. रविकांत ने अवैध खनन के संभावित खनिज एवं संवेदनशील जिले, अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही के प्रावधान, गत पांच वर्षों में अवैध खनन, निर्गमन, भंडारण के विरूद्ध की गई कार्यवाही, संस्थागत तंत्र, अवैध खनन को रोकने के लिए विभिन्न विभागों तथा जिलों की भूमिका सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी।

# सरीला क्षेत्र के चंदवारी डांडा खंड संख्या 26/8 में हो रहा बालू का अवैध खनन

### बीच नदी में प्रतिबंधित पोकलैंड मशीनों ने मचाया तांडव, नियमों व सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का दबंग बालू खनन माफिया नदियों में कर रहे अवैध उत्खनन

**जगजीवन यादव -समय जगत, हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के जनपद में बालू का अवैध खनन एक सबसे बड़ी समस्या बनी हुई हैं। एक खनन माफिया द्वारा पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। हालांकि समय समय पर जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर कार्यवाही की गई। लेकिन कड़ी कार्रवाई न होने से लगातार बालू का अवैध खनन कर बालू माफिया सरकार को भारी राजस्व का चूना लगाने में लगे हुए हैं। इसके बावजूद जिला प्रशासन दबंग बालू माफिया पर सख्त कार्यवाही करने से आखिर क्यों भयभीत हैं। इतना ही नही इस खनन माफिया द्वारा असलहों के दम पर अवैध खनन करके ओवरलोड और एनआर ट्रैकों से निकासी की जा रही हैं।दबंग बालू खनन माफिया बेखौफ होकर शासन प्रशासन को खुली चुनौती दे सरीला तहसील क्षेत्र के चंदवारी डांडा खंड संख्या 26/8 में बालू का अवैध खनन करने वाले दबंग खनन माफिया से भयभीत ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कार्यवाही करने की मांग की है।उन्होंने कहा कि शिकायत करने के बाद भी इस माफिया पर कोई कार्यवाही अमल में नही लायी जा रही है और जिम्मेदार अंजान बने हुए है, ग्रामीणों ने कहा कि 15 दिवस पूर्व जनपद के तहसील सरीला में एसडीएम से कार्यवाही हेतू शिकायत की थी पर कोई कार्यवाही नही की।आरोप लगा बताया कि अवैध खनन होने के बाद भी ऊपर से आदेश न आने की बात कहकर सरीला एसडीएम बलराम गुप्ता द्वारा मामले को टाल दिया गया। इस मामले में खनिज अधिकारी विकास परमार से बात हुई तो उन्होंने मामले को टालते हुए बताया कि शिकायत पर जांच की गई थी पर ऐसा कुछ अवैध खनन नही हुआ।जब उनसे पूछा गया कि नदी की जलधारा को रोक कर अस्थाई पुल बना कर जालोंन में निकासी की जा रही है तो यह नियम विरुद्ध नही है क्या?पूछा कि वायरल हो रहा खदान में खनन कर रही हैवी पोकलैंड मशीने नदी की जलधारा में खनन करती दिख रही है जिस पर खनिज अधिकारी ने पुनः जांच कर कार्यवाही किये जाने की बात कही है।







पूरा मामला हमीरपुर जनपद की सरीला तहसील क्षेत्र के चंदवारी डांडा खंड संख्या 26/8 का है। जहां दबंग बालू माफिया हत्तञ्ञ और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए नदी को छल्नी करने में लगे हुए हैं। और स्वीकृत पट्टा से बाहर नदी में दिन रात प्रतिबंधित पोकलैंड मशीनों से नदी की बीच जलधारा में अवैध खनन कर जिला प्रशासन को खुलेआम चुनौती दे रहा है। वहीं दबंग बालू माफिया नदी में पत्थरों का पुल बनाकर जालौन जिले की सीमा से भी अवैध खनन का खेल जमकर खेला जा रहा है। और लोकेटरो के बल पर बराबर बालू से भरे ओवरलोड ट्रैकों से निकासी की जा रही है। हालांकि परिवहन विभाग हमीरपुर द्वारा ओवरलोड ट्रैकों पर लगातार कार्यवाही की जा रही हैं इसके बाद भी बिना फिटनिट और एनआर पर ओवरलोड ट्रैकों से बालू की निकासी की जा रही है। जिससे सरकार को भारी राजस्व का चूना लगाने में लगे हुए हैं। आखिर चंदवारी डांडा खंड संख्या 26/8 का दबंग बालू खनन माफिया को जिला प्रशासन और योगी सरकार का भी भय नहीं है। तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि नदी में प्रतिबंधित पोकलैंड मशीनें नदी में तांडव करती हुई नजर आ रही हैं। और नदी में अवैध खनन करने के साथ साथ बालू से भरे ओवरलोड ट्रैकों से निकासी बराबर की जा रही है। जिसका ग्रामीणों द्वारा अवैध खनन की स्थानीय प्रशासन को शिकायत करने के बाद भी कार्यवाही न होने से ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए खनिज विभाग की सांठगांठ और मजदूरों की मजदूरी न देने का आरोप लगाया है। आरोप है कि दबंग खनन माफिया द्वारा ग्रामीणों को दबंगई दिखाते हुए शिकायत करने पर जेल भेजने की धमकी देने का आरोप लगाया है। जिससे दबंग बालू खनन माफिया से ग्रामीणों में भय बना हुआ है। और भयभीत ग्रामीणों द्वारा जिला प्रशासन को शिकायत करने पर भी कतरा रहे हैं। प्राथमिक विद्यालय के सामने से दिन रात मौरंग से भरे ओवरलोड ट्रैकों की निकासी होने से घंटों जाम की स्थिति बनी रहती हैं। और मासूम बच्चे इतने भयभीत हैं कि विद्यालय जाने से भी डरते हैं।लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर नदी में प्रतिबंधित पोकलैंड मशीनों से बालू खनन होने के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है। क्या ? बालू माफिया इतना दबंग और ऊपर तक पहुंच वाला है कि जिस पर जिला प्रशासन को कार्यवाही करने से पहले बार बार सोचना पड़ रहा है। जबकि रात खनन नहीं होना चाहिए। क्या बीच नदी में पत्थरों का पुल बनाकर स्वीकृत पट्टा से बाहर भी खनन करने पर कार्यवाही नहीं होनी चाहिए? आखिर बिना नंबर प्लेट के ट्रैक जनपद में कैसे प्रवेश कर रहे हैं। क्या जिला प्रशासन अवैध खनन और ओवरलोड ट्रैकों की निकासी पर अंकुश लगा पाएगा। हालांकि जब खनिज अधिकारी विकास परमार से बात की गई तो उन्होंने कार्यवाही का आश्वासन दिया है। लेकिन देखना यह है कि आखिर ऐसे दबंग बालू माफिया पर जिला प्रशासन कब तक कार्यवाही करता है।इस मामले में खनिज अधिकारी विकास परमार से बात हुई तो उन्होंने मामले को टालते हुए बताया कि शिकायत पर जांच की गई थी पर ऐसा कुछ अवैध खनन नही हुआ।जब उनसे पूछा गया कि नदी की जलधारा को रोक कर अस्थाई पुल बना कर जालोंन में निकासी की जा रही है तो यह नियम विरुद्ध नही है क्या?पूछा कि वायरल हो रहा खदान में खनन कर रही हैवी पोकलैंड मशीने नदी की जलधारा में खनन करती दिख रही है जिस पर खनिज अधिकारी ने पुनः जांच कर कार्यवाही किये जाने की बात कही है।


## सार संक्षिप्त

### डॉ चौहान द्वारा फीता काटकर धूमधाम से किया गया ग्रोमोर शेयर मार्केट का उद्घाटन



**बांदा।** जिला अस्पताल गेट नंबर 2 में GROWMORE मोतीलाल ओसवाल के भव्य शुभारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं जिसका उद्घाटन भाजपा प्रणित महाराष्ट्र के राष्ट्रीय सचिव डॉ अंशुमान चौहान एड के द्वारा फीता काटकर उक्त संस्था का शुभारंभ किया गया। डॉ चौहान ने बताया कि चित्रकूट धाम मंडल बांदा में पहली बार इस तरह के कार्य को स्वरुप दिया गया। ऐसे कार्यक्रम का सभी लोगों ने सराहना की। जहां इन्वेस्टर शेयर, डीमैट एकाउंट शेयर्स, एस आई पी, स्वास्थ्य बीमा, जीवन एवं वाहन बीमा सेवाएं इत्यादि की सुविधा रहेगी। कार्यक्रम में संस्था इंचार्ज दयाशंकर चौहान, रितेश त्रिपाठी, अमित तिवारी, वीरेंद्र शर्मा, अनीश गुप्ता, कपूर सोनी , दीपेन्द्र ब्यास , राहुल सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित करवाया तथा संस्था के उज्जवल भविष्य हेतु अपना अभिन्न सहयोग प्रदान किया।

### गैंगस्टर एक्ट में दो माफियाओ को हुई कठोर कारावास की सजा,और अर्थदंड



**समय जगत, बांदा।** विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट सौरभ सिंह ने बताया कि जनपद के थाना गिरवां के प्रभारी निरीक्षक नंदराम प्रजापति ने 13 अप्रैल 2023 को प्राथमिकी दर्ज कराई कि गजोधर प्रजापति उर्फ जागेंद्र पुत्र श्यामलाल निवासी ग्राम मोहनपुरवा थाना मतौन्ध जनपद बांदा व अशोक वर्मा पुत्र गंगाराम निवासी रुपनगर थाना चरखारी जनपद महोबा का एक संगठित गिरोह हैं जिनके विरुद्ध थाना मतौन्ध में मु0अ0सं0 0077/2023 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किए जाने के फलस्वरूप अपर सत्र विशेष न्यायाधीश एडीजे पंचम गैंगस्टर कोर्ट द्वारा अभियुक्त को 02 वर्ष 03 माह के कठोर कारावास एवं 6000 /रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। गैंगस्टर की विवेचना निरीक्षक अनूप कुमार दुबे द्वारा संपादित की गई थी। जिस पर न्यायालय में प्रभावी पैरवी करके पैरोकार विजय कुमार कोर्ट मोहर्रिर रूबी पाल व अमित राजपूत विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट सौरभ सिंह के द्वारा कड़ी मेहनत करने के बाद अभियुक्त को सजा दिलायी गईं । इनका एक संगठित गिरोह हैं जिसका गैंग लीडर गजोधर उर्फ जागेंद्र हैं तथा अशोक वर्मा सक्रिय सदस्य हैं यह गैंग अपने और अपने साथियों के साथ मिलकर आर्थिक भौतिक एवं दुनियावी लाभ के लिए अवैध असलहा रखना व अपने गैंग के शौक पूरे करने के लिए चोरी कर लूट, राहजनी,अवैध रूप से शराब बेचना,जैसे अपराध कारित कर अवैध धन अर्जित करता है। गैंग लीडर गजोधर उर्फ जागेंद्र के ऊपर अन्य 08 से ज्यादा मुकदमे गंभीर धाराओं में दर्ज है यह सभी बहुत ही दुर्दांत और बहुत ही शातिर किस्म के अपराधी हैं। विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट सौरभ सिंह ने यह बताया की यह गैंग चोरी,राहजनी, असलहों के बल पर लूट करने जैसे गंभीर अन्य अपराधो को कारित करने के अभ्यस्त अपराधी है जिनके आधार पर इन दोनों अभियुक्तों पर गैंगस्टर की कार्यवाही की गई। यह दोनो बहुत ही दबंग और शातिर किस्म के अपराधी हैं। ये सभी गैंग बनाकर अपराध को अंजाम देते हैं । इनके आतंक से आसपास के जनपद और गैर जनपदों में दहशत फैली हुई हैं। जिसके फलस्वरूप और भय आतंक के कारण इस गैंग के खिलाफ कोई रिपोर्ट दर्ज कराने और गवाही देने का साहस नहीं कर पाता हैं।मुकदमे के वादी द्वारा सभी अभियुक्तों का गैंग चार्ट बनाकर जिलाधिकारी महोदय बांदा से अनुमोदित करा कर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। मामले की सुनवाई के दौरान 01/03/2025 को अभियुक्तों का आरोप बनाया गया। अभियुक्त गजोधर उर्फ जागेंद्र की पत्रावली को पृथक कर मुक़दमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से 1 गवाह पेश किया गया। पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्य के अवलोकन के बाद अपर सत्र विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट गुणेंद् प्रकाश ने अपने आदेश में शातिर अपराधी गजोधर उर्फ जागेंद्र और अशोक वर्मा को दोषी पाते हुए 02 वर्ष 03 माह के कठोर कारावास और 6000/ रुपए अर्थदंड से दंडित किया ।

## परिवार परामर्श केन्द्र मे एक मामले का हुआ आपसी सुलह समझौता



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन पर पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में परिवार परामर्श केन्द्र कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी महिला थाना सुषमा चौधरी की अध्यक्षता में समस्त सदस्यगणों की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिसमें पति-पत्नी के 10 ऐसे जोड़े जिनके बीच पारस्परिक परिवारिक विवाद चल रहा था, उनकी काउंसिलिंग की गयी एवं उनके मध्य संबंधित समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के निदान हेतु काउंसिलिंग, परामर्श कर उनकी समस्याओं को सुलझाया गया जिसके परिणामस्वरुप पति-पत्नी का 01 जोड़ा आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हुआ है, शेष को अगली तिथि में बुलाया गया है, जनपद महोबा पुलिस एवं परिवार परामर्श केन्द्र के सदस्यों के द्वारा किये गये सफल प्रयासों की सभी के परिवारीजनों ने धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है। परिवार परामर्श के दौरान म0कां0 रेखा देवी, म0कां0 अनुप्रिया सहित परिवार परामर्श कमेटी से काउंसलर रामजी गुप्ता, शिवकुमार गोस्वामी, मो0 हनीफ आदि सम्मानित सदस्यगणों की मौजूदगी सराहनीय रही।

## जनसुनवाई में परिवादी को राहत दिलाने डीएम गए एक्स्ट्रा माइल



**धौलपुर।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने गुरुवार को उपखंड धौलपुर की ग्राम पंचायत विरोंधा में जनसुनवाई की, जहां उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान जब एक विधवा महिला अपने मृत पति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराने की गुहार लेकर पहुंची, तो जिला कलक्टर ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मौके पर ही कोटपुतली-बहरोड़ के जिला कलक्टर से दूरभाष पर संपर्क कर प्रमाण पत्र जारी कराये जाने हेतु संपर्क किया। विधवा महिला ने जनसुनवाई के दौरान बताया कि उसके पति प्रेमसिंह की मृत्यु बहरोड़ में हुई थी, लेकिन मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने में आ रही बाधाओं के कारण वह सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने तुरंत कोटपुतली-बहरोड़ के जिला कलक्टर से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन भेजे। इतना ही नहीं, उन्होंने इस संबंध में पत्र भी लिखवाये जाने हेतु निर्देशित किया ताकि विधवा महिला को जल्द से जल्द राहत मिल सके और वह सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उठा सके।

**ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण:** जनसुनवाई के दौरान जिला कलक्टर ने ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं पर संज्ञान लिया। उन्होंने सभी हैंडपंपों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए और परिवादी नवल सिंह के कृषि कनेक्शन के मामले में जेवीवीएनएल को दो दिवस के भीतर कनेक्शन जारी करने के आदेश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन किसानों ने डिमांड नोटिस भर दिया है और प्राथमिकता सूची में हैं, उन्हें शीघ्र कृषि कनेक्शन दिलाया जाए।

परिवादी प्रियदर्शी के खातेदारी भूमि में नाम शुद्धिकरण के मामले में तहसीलदार को तुरंत समाधान के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय पीतम का पुरा की सड़क और खेल मैदान के सुधार कार्य हेतु विकास अधिकारी को समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

## जिला उद्यान अधिकारी की लापरवाही से सूख रहा है कृषक महिला द्वारा रोपित बगीचा



**कुलपहाड़/महोबा।** उद्यान विभाग द्वारा लुभावने सपने दिखाने के बाद अब विभागीय अधिकारी द्वारा महिला किसान की सुध तक नहीं ले रहे। जिस कारण खेत में लगे अमरूद, आम, नीबू के पेड़ पानी के अभाव में सूखने की कगार पर पहुंच रहे हैं। महिला किसान करीब तीन वर्ष से परेशान होकर भटकने को मजबूर है लेकिन अभी तक विभागीय अधिकारियों द्वारा लाभांश तक जमा नहीं कराया गया है जबकि महिला किसान लाभांश जमा करने को तैयार हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुलपहाड़ निवासी रामश्री चौरसिया ने बताया है कि उद्यान विभाग द्वारा करीब तीन वर्ष पूर्व लुभावने सपने दिखाकर उसने अपने खेत में 500 मीटर नालियों की खुदाई कराकर छोड़ दिया गया था। इसके बाद महिला किसान ने 15 अगस्त 2023 को आम, अमरूद, नींबू आदि पौधों का रोपण एक बैंक के साथ किया गया। तीन वर्ष बीतने के बाद उद्यान विभाग का कोई भी कर्मचारी देखने तक नहीं आया है जबकि महिला किसान का कहना है कि वह जिले स्तर के अधिकारियों से मिलने पर भी अभी तक कोई समाधान नहीं किया गया है और न ही कर्मचारियों द्वारा तवज्जो दी जा रही है। उसने कहा कि उद्यान विभाग अधिकारी ने किसी मुकेश राजपूत को निर्देश दिए हैं, लेकिन महिला किसान द्वारा अभी तक लाभार्थी अंश जमा नहीं कराया गया है। जिस कारण उसके खेत में सिंचाई की व्यवस्था नहीं हो पाने के कारण पेड़ पानी के अभाव में सूखने की कगार में पहुंचने लगे हैं। वह कहती हैं कि लाभार्थी अंश जमा करने को तैयार हूं।

जिला उद्यान अधिकारी सुरेश कुमार का कहना है कि तीन चार साल पुराना मामला है। लाभार्थी अंश जमा नहीं करने पर योजना का लाभ किसान को नहीं मिल सका है अब इस वित्तीय वर्ष में उसके पौधों की सिंचाई व्यवस्था करा दी जाएगी।

### ग्राम पंचायत सचिव की कार अनियंत्रित हो विद्युत पोल से टकराई



**कुलपहाड़/महोबा।** एक बड़ा हादसा उस समय होने से बच गया, जब एक ग्राम पंचायत सचिव का चार पहिया वाहन विद्युत पोल से टकराकर सड़क किनारे खाई में चला गया। गनीमत रही कि उस समय विद्युत सप्लाई न होने के कारण बाल बाल बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकास खण्ड जैतपुर की ग्राम पंचायत भटेवरा खुर्द में उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव का कार्यक्रम लगा है, जिसकी तैयारियों में प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी जोर शोर से लगे हुए हैं। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत सचिव पुष्पेंद्र बहादुर का चार पहिया वाहन सड़क में अधिक मोड़ के कारण संतुलन बिगड़ गया, और उसका वाहन विद्युत लाइन के डबल पोल से टकराकर खाई में चला गया। वाहन की तेज गति से टक्कर लगने से दोनों विद्युत पोल टूटकर नीचे गिर गये। गनीमत रही कि उस समय विद्युत सप्लाई बन्द होने के कारण बड़ा हादसा होने से टल गया। अवर अभियंता जयवीर सिंह ने बताया कि सचिव की गाड़ी टकराने से डबल विद्युत पोल टूट गये हैं, जिन्हें दुरूस्त कराकर शाम तक विद्युत सप्लाई चालू करा दी जाएगी।

## यूपी के मुख्य सचिव आज करेंगे कुलपहाड़ ड्रिप एंड स्प्रिंकलर परियोजना का निरीक्षण

### तैयारियों लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों के साथ परियोजना स्थल व हैलीपैड का किया निरीक्षण



**महोबा।** मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन मनोज कुमार सिंह आज कस्बा कुलपहाड़ क्षेत्र स्थित भटेवरा में निर्मित स्प्रिंकलर सिंचाई परियोजना का निरीक्षण करेंगे। उनके भ्रमण की तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से आज गुरुवार को जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कुलपहाड़ के भटेवरा स्थित स्प्रिंकलर सिंचाई परियोजना एवं हैलीपैड का निरीक्षण किया और सम्बंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस मौके पर अधिशाषी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिये गए कि सभी तैयारियां पूर्ण कराते हुए योजना को इसी ग्रीष्मऋतु में शुरु कराकर क्षेत्र के किसानों के खेतों में पानी पहुंचाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि बुन्देलखण्ड पैकेज से पोषित कुलपहाड़ भटेवरा स्प्रिंकलर सिंचाई परियोजना जिला महोबा तहसील तहसील कुलपहाड़ में पम्प हाउस बनाकर, पाईप लाइन के माध्यम से प्रेशराइजड रिप्रकंलर सिंचाई पद्धति द्वारा सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह योजना पूर्ण हो चुकी है, जिसका जल्द ही शुभारंभ किया जाना है, परियोजना का गहनता से निरीक्षण करने के लिए शासन ने मुख्य सचिव को जनपद भेजा है, ताकि जल्द ही इसके सम्बंध में निर्णय लिया जा सके।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, जिला उद्यान अधिकारी, उप कृषि निदेशक सहित सिंचाई विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शहर कांग्रेस ने जलाया सीएम का पुतला

## सौरभ शर्मा की जमानत पर उठाए सवाल



**मण्डला।** मध्यप्रदेश में सौरभ शर्मा के मामले में लोकायुक्त और सरकार की मिलीभगत को लेकर शहर कांग्रेस ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री का पुतला जलाया। इस मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक मर्सकोले ने लोकायुक्त की नाकामी को लेकर सरकार पर कड़ा हमला बोला। पूर्व परिवहन आरक्षक सौरभ शर्मा के पास से करोड़ों रुपये की अघोषित संपत्ति, 52 किलोग्राम सोना और 11 करोड़ से अधिक की नकदी बरामद हुई थी, लेकिन लोकायुक्त पुलिस की लापरवाही के कारण उसे विशेष लोकायुक्त अदालत से जमानत मिल गई। कांग्रेस का आरोप है कि लोकायुक्त की नाकामी कोई संयोग नहीं बल्कि एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा है। सौरभ शर्मा मामले में लोकायुक्त द्वारा निर्धारित 60 दिनों में चालान पेश नहीं करने की घटना ने सरकार और लोकायुक्त के बीच गहरे रिश्तों को उजागर किया है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि लोकायुक्त के निदेशक जयदीप प्रसाद का अचानक ट्रांसफर इस बात का प्रमाण है कि सरकार इस मामले को दबाने की कोशिश कर रही है। जयदीप प्रसाद ने सौरभ शर्मा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया था और छापेमारी भी की थी, लेकिन उनके ट्रांसफर से यह साफ हो गया कि सरकार बड़े रसूखदारों को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। मध्यप्रदेश में लोकायुक्त और सरकार की मिलीभगत का यह कोई पहला मामला नहीं है। कांग्रेस का आरोप है कि लोकायुक्त अधिकांश मामलों में भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देती है और जब कार्रवाई की इच्छा होती है, तो सरकार अभियोजन की अनुमति रोककर अपराधियों को बचाती है। अशोक मर्सकोले ने आरोप लगाया कि लोकायुक्त अब एक नकारा संस्था बन चुकी है जो भ्रष्टाचार के खिलाफ काम करने के बजाय उसमें शामिल हो गई है। सौरभ शर्मा जैसे हाईप्रोफाइल मामले में लोकायुक्त की नाकामी ने यह साबित कर दिया कि यह संस्था अपनी प्रासंगिकता खो चुकी है। कांग्रेस ने सरकार से कई सवाल पूछे हैं, जिनमें सौरभ शर्मा मामले में चालान पेश न करने की नाकामी के पीछे जिम्मेदार व्यक्ति का नाम, जयदीप प्रसाद के ट्रांसफर की साजिश और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने के कारण सरकार के फैसले पर सवाल उठाए गए हैं। कांग्रेस ने यह भी मांग की है कि सौरभ शर्मा मामले की निष्पक्ष जांच हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की निगरानी में की जाए और लोकायुक्त को तत्काल भंग कर उसकी जगह एक स्वतंत्र और प्रभावी संस्था का गठन किया जाए।

# भाजपा की मंडल की कार्यकारिणी हुई घोषित

## सुदर्शन महामंत्री तो बृजेश बने कोषाध्यक्ष



**समय जगत, पचोर।** भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित ने वरिष्ठ जनों की सहमति से मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की। नई कार्यकारिणी में 20 पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। सुदर्शन सोनी और अरुण खत्री को महामंत्री बनाया गया है। उपाध्यक्ष पद पर देवेंद्री बाई लोधी, वीरेन्द्र सिंह राजपूत, त्रिलोक नागर, कैलाश नागर, दुर्गेश अहिरवार और विनती राजकुमार जुलानिया को नियुक्त किया गया है। मंत्री पद की जिम्मेदारी कुसुम भारतीय, निशा विकास जायसवाल, सोरम शाक्यवार, सुनील नागर, विजय सिंह रुहेला और रामबाबू नागर को दी गई है। कोषाध्यक्ष बृजेश विजयवर्गीय बनाए गए हैं। मीडिया प्रभारी संजय तिवारी और सोशल मीडिया प्रभारी मोहन कुशवाह मोंटी को बनाया गया है। आईटी सेल प्रभारी अरविंद धाकड़ और कार्यालय प्रभारी मुकेश विजयवर्गीय को नियुक्त किया गया है। घोषित सूची में 9 स्थाई आमंत्रित सदस्य और 59 विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल किए गए हैं। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को पार्टीजनों और शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दी हैं।

# हारवेस्टर की चपेट में आने से किसान की मौत

**समय जगत, शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के पिछोर अनूविभाग अंतर्गत ग्राम पिपरा में एक दर्दनाक हादसा घटित हुआ, जहां एक किसान की हारवेस्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक किसान का नाम कैलाश पुत्र स्व. रमुआ रजक उम्र 50 साल था। प्राप्त जानकारी में संजू पुत्र कैलाश रजक ने पुलिस को बताया कि वह नरेन्द्र श्रीवास्तव निवासी पिपरा का बजनु वाला खेत को बटाई पर लिये हुये हैं। बटाई की फसल को कटाने के लिये एजेंट प्रमोद प्रजापति निवासी नयांगाव का हारवेस्टर लेकर आया था। संजू ने बताया कि आज गुरूवार को समय करीब सुबह 11 बजे हारवेस्टर से गेहूं की फसल की कटाई हो रही थी। तभी हारवेस्टर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक पीछे की तरफ हारवेस्टर को चलाकर मेरे पिताजी कैलाश के ऊपर चढ़ा दिया। सजू और खेत मालिक के लड़के शिवाजी उर्फ नीटू श्रीवास्तव ने दौड़कर हारवेस्टर के पीछे जाकर देखा तो मेरे पिताजी हारवेस्टर के पिछले दाँहिने पहिया के नीचे दबे हुये थे। उन्हें बाहर निकालकर देखा गया तो पिताजी की दॉहिनी तरफ पसली में चोट थी। इसके बाद पिताजी की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

### इनका कहना है

ग्राम पिपरा के कैलाश रजक की हार्वेस्टर के नीचे दबने से मौत हो गई। इस मामले में हमने कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। हार्वेस्टर को जप्त कर आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

**राजकुमार चाहर**
**थाना प्रभारी बामोर कला**

## जिला भाजपा की कामकाजी बैठक संपन्न

# भाजपा का यह स्वर्णिम दौर, कार्यकर्ता बढ़ाएं इसकी गरिमा : संभाग प्रभारी जीतू जिराती




**समय जगत, रतलाम।** भाजपा सतत कार्य करने वाली पार्टी है। इसे हमारे पूर्वजों ने इस मुकाम पर लाकर खड़ा किया है। आज भाजपा के 18 करोड़ के करीब सदस्य है और देश ही नहीं दुनिया में इसकी चर्चा हो रही है। भारत में जन्म लेना और भाजपा का कार्यकर्ता होना गौरव की बात है। भाजपा के इस स्वर्णिम दौर में कार्यकर्ता संगठन की गरिमा बढाए। 06 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस पर घर-घर पार्टी का ध्वज फहराएं और सोशल मीडिया पर इसे प्रसारित भी करें। यह आव्हान भाजपा के संभाग प्रभारी जीतू जिराती ने रंगोली सभागार मे आयोजित जिला बैठक को संबोधित करते हुए किया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की। जिला प्रभारी प्रदीप पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष लालाबाई चन्द्रवंशी, महापौर प्रहलाद पटेल, प्रदेश सदस्य राजेन्द्र सिंह लुनेरा, अशोक पोरवाल, निमिष व्यास, जिला महामंत्री निर्मल कटारिया एवं संगीता चारेल मंचासीन रहे। संभाग प्रभारी श्री जिराती ने बैठक मे भाजपा के आगामी संगठनामक कार्यो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश मे भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो निरंतर कार्य करती है और सर्वव्यापी है। भाजपा के स्थापना दिवस को बूथ स्तर से लेकर हर स्तर पर गरिमा के साथ मनाया जाए। गांव बस्ती चले अभियान मे अधिक से अधिक सहभागिता करे। उन्होने संगठन विस्तार के कार्य भी प्राथमिकता से करने और इसमें महिलाओं को जोड़ने पर बल दिया। जिला प्रभारी प्रदीप पांण्डेय ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता एक विचार के लिए कार्यकर्ता है। इसलिए सभी खुद को विचार से जोड़े और गरिमा के साथ पार्टी का स्थापता दिवस मनाए। उन्होने 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती भी वृहद स्तर पर मनाने का आह्वान किया। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री उपाध्याय ने आरंभ में स्वागत भाषण देते हुए आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होने बताया कि स्थापना दिवस पर सभी कार्यकर्ता घर पर ध्वज वंदन करेंगे। 8 व 9 अप्रैल को मंडल एवं विधानसभा मे सक्रिय सदस्य का सम्मेलन होगा। 7 से 13 अप्रैल तक गांव बस्ती अभियान चलाया जायेगा। इसी दौरान स्वच्छता अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल और 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के कायक्रम आयोजित किये जायेंगे।

# युवक को जान से मारने की नियत से किया जानलेवा हमला, गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर



**समय जगत, हरदा।** छीपाबड़ थाना अन्तर्गत खिरकिया के वार्ड नं 10 के निवासी अरबाज को उसी वार्ड में रहने वाले दो लोगों ने जान लेवा हमला कर मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार उसे बेरहमी से डन्डे और लोहे के हथियार से मारा, जिससे अरबाज के सर में गहरी चोंट आई है, मुंह और हाथ में भी गंभीर चोंटें आई हैं। खिरकिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने गंभीर स्थिति बताते हुए हरदा जिला अस्पताल रेफर किया है,अरबाज की माता फरजाना खान ने बताया कि वार्ड क्रमांक 10 में रहने वाले कुर्बान और समीर उर्फ तोता खान ने मेरे बेटे को जान से मारने की नियत से प्राण घातक हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि अरबाज घर से पैसा लेकर मोहललै की दुकान पर खरीदी करने गया था, पीछे से दोनों ने हमला किया गया वार इतना जबरजस्त था कि अरबाज गिर गया, गिरने के बाद भी उस पर कई बार किए गए।उसकी हालत नाजुक है, उसके परिजनों ने बताया है पैसा भी छीन लिया गया है। छीपाबड़ थाना में सूचना दी गई है। अरबाज का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है, मुंह पर टांके लगे हैं,हाथ में बड़ा फेक्चर है,सर में गहरी अंदरूनी चौंट लगी है, उसे स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा है, घटना के बाद छीपाबड़ थाना गई थी, लेकिन रिपोर्ट लिखने वाले कम्प्यूटर आपरेटर ने बताएं गए घटनाक्रम के अनुसार रिपोर्ट लिखने से मना किया। अब देखना यह होगा कि छीपाबड़ पुलिस कौन सी धाराओं में मामला दर्ज करती है।

# पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी को व्हाट्सएप पर मिली जान से मारने की धमकी, पुलिस ने दर्ज किया मामला,जांच शुरू

**समय जगत, रतलाम।** प्रदेश को पूर्व गृहमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता हिम्मत कोठारी को व्हाट्सएप पर जानसे मारने की धमकी दी गई है। श्री कोठारी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। अधिकारिक जानकारी के मुताबिक पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी के फेसबुक पेज पर शाम 5.29 पर मोबाइल न. 9197233998 नम्बर से एक धमकी भरा मैसेज आया। इस मैसेज में लिखा गया था कि घर से बाहर नही निकले कोठारी जी,जीवन समाप्त करदिया जाएगा। प्रणाम। व्हाट्सएप पर धमकी भरा सन्देश मिलने के बाद श्री कोठारी ने इस बात की सूचना माणकचौक पुलिस को दी। श्री कोठारी की शिकायत पर पुलिस ने आपराधिक प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। पुलिस अधिकरियों का दावा है कि धमकी भरा मैसेज भेजने वाले को जल्दी ही ढूंढ लिया जाएगा।

# एक ही समुदाय के दो गुटों में खूनी संघर्ष

**समय जगत, सारंगपुर।** बुधवार की दोपहर 3 :30 बजे के लगभग अंसारी मोहल्ला अमन खेल नगारची इमली के पास एक ही समुदाय के दो गुटों में पुरानी रंजिश को लेकर धारदार हथियार चले जिसमें एक युवक की मौत हो गई तथा दो व्यक्ति गंभीर घायल हो गए जिन्हें चिकित्सा के लिए शाजापुर रेफर किया गया है मृत युवक का पीएम करा कर पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया है परिजनों ने चक्का जाम कर अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। सारंगपुर पुलिस एसडीओपी अरविंद सिंह ने आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने का आश्वासन देकर चक्का जाम खुलवाया देर शाम तक पुलिस थाने में रिपोर्ट नहीं लिखवाई गई थी। सारंगपुर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट के आधार पर अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की बात बताई है।

# उम्मे हानी ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



**समय जगत, कुक्षी।** जनपद पंचायत कुक्षी में वर्षों से सेवा प्रदान कर रहें बख्शी खान की पोती बेबी उम्मे हानी पिता समीर खान ने राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा आयोजित कक्षा 5 वी में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर 86न्न प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही है। जमुना देवी पब्लिक स्कूल सिलकुआ में अध्ययन करते हुए बेबी उम्मे हानी ने सभी विषयों में विशेष योग्यता अर्जित की है। बेबी उम्मे हानी को मिली इस उपलब्धि पर दादा बख्शी खान के साथ सभी मिलने वाले और जमुना देवी पब्लिक स्कूल सिलकुआ के स्टाफ ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# नगर में धूमधाम से निकली भव्य कलश यात्रा



**समय जगत, औबेदुल्लागंज।** नगर के अरोरा परिवार का विशाल आयोजन बुधवार को मंगल कलश यात्रा से प्रारंभ हुआ कलश यात्रा मंडी दुर्गा मंदिर से खेड़ापति माता मंदिर हिरनियाँ तक विशाल कलश यात्रा निकाली गई। श्री भैरू बाबा प्राण प्रतिष्ठा समारोह प्रारंभ हुआ खेड़ापति माता मंदिर समिति बहावलपुरी समाज व्यापारी महासंघ समस्त महिला मंडल एवं भैरू बाबा के भक्तगण कार्यक्रम में शामिल हुए। अब्दुल्लागंज में भैरव बाबा की प्रतिमा स्थापित होने से नगर के क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि आएगी।

# मां नर्मदा जीवनदायनी, मोक्षदायनी है हमें इन्हें रखना है साफ-सुथरा : डीएसपी संतोष मिश्रा

## प्रतिदिन हम घाट आते हैं और करते हैं मां के दर्शन



**समय जगत, नर्मदापुरम।** मां नर्मदा की साफ सफाई के बारे में मैं काफी दिन से सुन रहा था। देख रहा था। मैं भौतिक रुप से इसमें शामिल नहीं हो सका लेकिन मानसिक रूप से जरूर शामिल था। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने घाटों की साफ सफाई का जो काम शुरू किया है बड़ा सराहनी है। मैं इसकी सराहना करता हूं। हम मां नर्मदा को इसी स्वरूप में अगली पीढ़ी को सौंपें इसलिए हमें इन्हें साफ-सुथरा रखना है। यह जीवन दायिनी, मोक्ष दयनीय है। हम प्रतिदिन घाटों पर आते हैं, दर्शन करते हैं हमें मां नर्मदा की सफाई रखना चाहिए। यह बात डीएसपी यातायात संतोष मिश्रा ने चित्रगुप्त घाट पर अखिल भारतीय महासभा के साफ-सफाई अभियान में शामिल होकर कहीं। उन्होंने कहा कि नर्मदा हमारी मां है हम सब का कर्तव्य है कि नर्मदा को स्वच्छ और सुंदर बनाए। डीएसपी यातायात मिश्रा ने कहा कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का स्वच्छता अभियान एक अनुकरणीय पहल है। इससे अन्य समाज को भी प्रेरणा लेना चाहिए। घाटों पर साफ सफाई की और मलमा निकाला गया और डस्टबिन में भरकर बाहर फेंका गया। इस मौके पर श्रीमती सुमन वर्मा, श्रीमती ऊषा वर्मा, श्रीमती प्रीति खरे, श्रीमती ज्योति वर्मा, श्रीमती शीतल श्रीवास्तव, श्रीमती सारिका सक्सेना, श्रीमती नीतू श्रीवास्तव, अशोक वर्मा, अभय वर्मा, केशव देव वर्मा, सी बी खरे, प्रदीप श्रीवास्तव, साई वर्मा, आर्या थापक आदित्य आदि शामिल रहे।

# जीवन को सहज- सरल बनाने की है आवश्यकता : मुनिश्री निरापद सागर

**समय जगत, शिवपुरी।** आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य मुनिश्री निरापद सागर जी महाराज मुनिश्री नीरज सागर जी महाराज मुनिश्री निरामद सागर जी महाराज ससंघ दस पिछी को जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री विजय धुर्रा कबूल चन्द्र कोरवास बिट्टू जैन रिषभ कुमार कोरवास सहित अन्य भक्तों ने जिले की वामोर पहुंच कर मुनि संघ को श्री फल भेंट किए एवं अशोक नगर पधारने का निवेदन किया। मुनिश्री निरापद सागर जी महाराज ने कहा कि जीवन को सहज बनाने की आवश्यकता है आज लोग पूरी तरह बनावटी जीवन जी रहे हैं बनावटी पन के कारण वास्तविक जीवन से व्यक्ति बहुत दूर हो गया है हमें वास्तविका को सामने रखकर अपने जीवन को उन्नत बनना है जीवन को सहज बनाने के लिए और भी जिन जिन आयामों की आवश्यकता महसूस हो उनको अपने रोज मर्रा की दिन चर्या में लाना है सहजता के साथ सरलता भी आना चाहिए आप संत समागम करते रहते हैं हर जगह यही बात आयेगी।

## अभिभावकों ने चेयर रेस व क्रिकेट में निभाई सहभागिता

# दृढ़ इच्छाशक्ति से पूरा होता है हर लक्ष्य: राजेश यादव थाना प्रभारी



**समय जगत, कुक्षी।** स्कूल चलें हम अभियान अन्तर्गत प्रवेशोत्सव के द्वितीय व तृतीय दिवस पर भविष्य से भेंट कार्यक्रम के साथ अभिभावकों को आमंत्रित कर सांस्कृतिक तथा खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों ने भी भागीदारी कर अपने विद्यार्थी जीवन का अनुभव किया। इस अवसर पर राज्य शासन की ओर से छात्राओं को मिलने वाली शासकीय सुविधाओं की योजनाओं से अभिभावकों को अवगत करवाया गया। भविष्य से भेंट कार्यक्रम में थाना प्रभारी राजेश यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कोई लक्ष्य इतना बड़ा नहीं होता कि उसे प्राप्त न किया जा सके। हमारे नित्य प्रयास से हर लक्ष्य पाया जा सकता है। अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए व्यर्थ के प्रपंचों से दूर रखकर शिक्षा प्राप्ति के मूल उद्देश्य के प्रति समर्पित व जागृत रहकर हम वह सब प्राप्त कर सकते हैं, जिसे हम पाना चाहते हैं। समयबद्ध श्रम किसी भी कार्य की सफलता के लिए आवश्यक है। आधुनिक युग की टेक्नालॉजी का केवल ज्ञान प्राप्ति के लिए उपयोग करने की सलाह देते हुए कहा कि व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम या ऐसी ही कोई ऐप का केवल सदुपयोग करें अन्यथा इनके बिना भी गुरुजन स्वयं में संपूर्ण ज्ञान का स्त्रोत होते हैं। उन्होंने कहा कि जीता वही है जो डरा नहीं है। चेयर रेस में महिला वर्ग में अभिभावकों श्रीमती रेखा कहार व सुश्री सपना चौहान ने प्रथम व द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में जालमसिंह बघेल व विकेश राठौर ने प्रथम व द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किए। बालिका वर्ग में माही मुकेश गुप्ता तथा पूजा रामपाल प्रथम व द्वितीय रही। गीत गायन में कश्मीरा नियाज़ मंसूरी को पुरुस्कृत किया गया। क्रिकेट में दिनेश गेहलोद आली, सुखलाल मुझाल्दा व जालम बघेल सालखेड़ा, विकेश राठौर कापसी, भानुप्रताप बघेल, वसीम मंसूरी तथा मोहम्मद इशाक मनिहार को सम्मानित किया गया।

# ई-ऑफिस प्रणाली से सरकारी कार्य होंगे अधिक पारदर्शी और दक्ष : कलेक्टर

**समय जगत, नर्मदापुरम।** ई-ऑफिस प्रणाली के तहत कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने अपनी ई-डेस्क पर प्राप्त सभी फाइलों पर आवश्यक कार्यवाही की। उन्होंने इस दौरान फाइलों पर स्वयं आवश्यक मार्किंग टाइप कर अपलोड किया और ई-साइन का उपयोग करते हुए फाइलों को आगामी कार्यवाही के लिए अग्रेषित किया। कलेक्टर ने कहा कि डिजिटल प्रक्रिया के कारण अब फाइलों का संरक्षण और ट्रैकिंग भी पहले से अधिक आसान हो गया है। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने जिले में लागू ई-ऑफिस प्रणाली की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रणाली सरकारी कार्यों को अधिक पारदर्शी, दक्ष और सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कलेक्टर ने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली के तहत अब सरकारी फाइलों का संचालन पूरी तरह से डिजिटल हो गया है, जिससे कागजी कार्यों में कमी आएगी और निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी तेजी आएगी। इसके माध्यम से अधिकारी और कर्मचारी कहीं से भी आवश्यक दस्तावेजों तक पहुंच सकते हैं, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। ई ऑफिस प्रणाली के तहत अब संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बेहतर रूप से जवाबदेही तय की जा सकेगी। कलेक्टर सुश्री मीना ने बताया कि कलेक्ट्रेट कार्यालय में फाइलों का आदान-प्रदान ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से किया जा रहा है। इससे न केवल कार्यप्रणाली सरल हो रही है बल्कि कार्य कुशलता भी बढ़ी है। कलेक्टर ने ई-ऑफिस प्रणाली के विभिन्न सकारात्मक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह प्रणाली अधिक सुविधाजनक-इस प्रणाली को अपनाने से सभी प्रशासनिक कार्य सरल और सुगम हो जाएंगे।

# लिटिल लीडर्स इंटरनेशन स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मारी बाजी

## शत-प्रतिशत रहा परिणाम, प्रावीण्य सूची में टॉप 10 में 7 बच्चे हैं इसी स्कूल के



**समय जगत, खिरकिया।** राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मध्यप्रदेश में आयोजित कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं का परिणाम, शुक्रवार 28 मार्च को घोषित किया गया। खिरकिया तहसील की प्रावीण्य सूची में नगर की लिटिल लीडर्स के विद्यार्थियों द्वारा श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सूची में दस में से सात विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया। स्कूल की छात्रा खुशबू मालू पिता गोपाल मालू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान प्रेष्ठा अग्रवाल पिता प्रियंक अग्रवाल, तृतीय स्थान अक्षिता पिता एल एन राजपूत, चौथे स्थान पर अनिकेत मालवीय पिता नितिन मालवीय एवं कनक राजपूत पिता राकेश राजपूत, पांचवे नंबर पर तनीशी राजपूत पिता दशरथ राजपूत पीयूष सोधिया पिता सुनील कुमार सोधिया रहे। स्कूल में कुल 36 बच्चों में से 16 बच्चों ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए। इसके अलावा क्लास के बाकी सभी बच्चों ने प्रथम डिवीजन प्राप्त किया। स्कूल के परीक्षा परिणाम को लेकर पालकगण बहुत उत्साहित दिखाई दिए उन्होंने स्कूल के शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत विशेष स्थान बनाया हैं यहां संस्कार,शिक्षा,खेल और विभिन्न प्रकार की गतिविधियों जैसे रोबोटिक्स क्लास कोडिंग क्लास द्वारा बच्चों का सर्वांगीण विकास हो रहा हैं। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने बताया कि उक्त परीक्षाओं का संचालन विगत 24 फरवरी से 5 मार्च, 2025 के मध्य किया गया था। इनमें प्रदेश की शासकीय, अशासकीय शालाओं एवं पंजीकृत मदरसों के कक्षा 5वीं के 11 लाख 17 हज़ार से अधिक तथा कक्षा 8वीं के 11 लाख 68 हज़ार से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे। परीक्षा में शामिल 22 लाख 85 हजार से अधिक विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए कुल 322 केन्द्र बनाये गए थे।

# अवैध रेत उत्खनन, परिवहन तथा नशे के खिलाफ पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही

**समय जगत, ब्यौहारी।** पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव के निर्देशन में लगातार आऐ दिन बड़ी बडी कार्यवाहिया की जा रही है एक तरफ अवैध रेत उत्खनन और परिवहन करते आज फिर एक ट्रेक्टर पकडा गया तो दूसरी तरफ नशे के कारोबार मे संलग्न कारोबारी और लगभग 50 हजार का मशरूका पकडा गया है ? घटना के संम्बंन्ध मे हमारे ब्यौहारी संवाददाता लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी ने ब्योहारी पुलिस के हवाले से बताया है कि अवैध रेत उत्खनन कर परिवहन में संलग्न 02 ट्रेक्टर मय रेत लोड ट्राली के जप्त की गई है। दिनांक 02.04. 2025 को रात्रि गस्त के दौरान भोगिया तिराहा पास नीले कलर का बिना नम्बर का स्वराज ट्रेक्टर मय रेत लोड ट्राली के मिला चालक से पूछताछ करने पर अपना नाम राजेश कोल पिता दलबल कोल उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम बरकछ थाना ब्यौहारी का रहना बताया तथा मालिक नवीन गुप्ता निवासी ब्यौहारी के कहने पर झरप नदी बरकछ से लेवरो के मदद से ट्राली मे रेत लोड कराकर बिक्री करने के लिए ब्यौहारी ले जाना बताया उक्त रेत के संबंध कोई दस्तावेज होना नही बताया । आरोपी ट्रेक्टर चालक एवं वाहन मालिक का कृत्य धारा 303(2),317(5) बीएनएस., 4/21 खनिज अधिनियम का दण्डनीय पाये जाने से मौके पर आरोपी चालक के कब्जे से ट्रेक्टर स्वराज मय रेत लोड ट्राली के जप्त कर थाना वापसी पर आरोपी चालक एवं मालिक के विरूद्ध अपराध क्र. 232/25 धारा 303(2),317(5) बीएनएस., 4/21 खनिज अधिनियम पंजीबद्ध कर विवेचना मे






लिया गया । तत्पश्चात गस्त के दौरान ही जरिये मुखबिर सूचना मिली एक नीले रंग की स्वराज कम्पनी का ट्रेक्टर मय ट्राली मे लोड रेत सूखा तरफ से ब्यौहारी ले जा रहा है सूचना की तस्दीक पर सी.एच.सी. ब्यौहारी के पास नीले रंग की बिना नम्बर की स्वारज ट्रेक्टर मिला जिसे रोककर तस्दीक किया जो नीले रंग का स्वराज ट्रेक्टर माडल 735 FE बिना नम्बर जिसका इंजन नम्बर CJ1354/SGM32790 चेचिस नम्बर MBNAK48ACRTN41101 है वाहन चालक से पूछताछ करने पर अपना नाम योगेन्द्र कुमार बैगा पिता नरेन्द्र प्रसाद बैगा उम्र 24 वर्ष निवासी भमरहा प्रथम का होना बताया तथा ट्रेक्टर मालिक धीरज सिंह निवासी न्यू बरौंधा के कहने पर नौढ़िया नदी से रेत चोरी कर ब्यौहारी बेचने ले जा रहा था उक्त रेत के संबंध कोई दस्तावेज होना नही बताया । ट्रेक्टर चालक योगेन्द्र कुमार बैगा एवं वाहन मालिक धीरज सिंह का कृत्य 303(2),317(5) बीएनएस., 4/21 खनिज अधिनियम का पाये जाने से आरोपी चालक के कब्जे से ट्रेक्टर मय रेत लोड ट्राली मौके पर जप्त कर थाना वापसी पर आरोपी चालक एवं वाहन मालिक के विरूद्ध अपराध क्र. 233/25 धारा 303(2),317(5) बीएनएस., 4/21 खनिज अधिनियम का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। इसी प्रकार नशे के विरूद्ध भी ब्यौहारी पुलिस की बडी सफलता हाथ लगी है। उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक शहडोल रामजी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में की गई है । कार्यवाही में थाना प्रभारी ब्यौहारी निरी. अरूण पाण्डेय एवं अधीनस्थ स्टाफ उनि बालकरण प्रजापति, सउनि गया प्रसाद कन्नौजे, प्र.आर. नरेन्द्र उपाध्याय आदि शामिल रहे।

## सार-समाचार

### भारत विकास परिषद द्वारा श्री हजारेश्वर मंदिर पर कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित




**श्योपुर, ब्यूरो।** भारत विकास परिषद की जिला इकाई द्वारा बुधवार को नगर के प्रसिद्ध श्री हजारेश्वर मंदिर पर कन्या पूजन एवं फलाहार कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। दोपहर 11 बजे आयोजित कार्यक्रम में के दौरान 71 कन्याओं का पूजन किया कर उन्हें फलाहार कराया गया। वहीं संगठन के सदस्यों द्वारा अलग.अलग उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत दुर्गा माता मंदिर और प्राचीन हजारेश्वर महादेव मंदिर पर पूजा.अर्चना एवं फलाहार का भोग लगाने के साथ हुई। इसके बाद सभी उपस्थित कन्याओं का हिन्दू विधि.विधान से पैर धुलाकर पूजन किया गया। तत्पश्चात सभी कन्याओं एवं उपस्थित अतिथियों को सामूहिक रूप से फलाहार कराया गया। इसके बाद भारत विकास परिषद के सदस्यों ने कन्याओं को रूपयेए उपचार सहित कई वस्तुऐं भेंट की।

### अग्रवाल समाज द्वारा धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणगौर पर्व



**समय जगत,हरदा।** अग्रवाल समाज द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ गणगौर पर्व का त्यौहार मनाया गया। जिसमें ढाई दिन की गणगौर बिठाई गई, और सभी महिलाओं ने पूजन कर अखंड सौभाग्य का वरदान माताजी से मांगा, बैंड बाजे के साथ माताजी के भजनों पर महिलाओं द्वारा नगर में चल समारोह निकाला गया, वहीं चल समारोह का नगर में जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। आनंद कृषि सेवा केंद्र पर महिला मंडल की सदस्यों द्वारा शीतल जल और आइस्क्रीम का स्वागत रखा गया।उसके बाद गणगौर माता को अजनाल नदी में विसर्जित किया गया। इस मौके पर अग्रवाल समाज की पदाधिकारी श्रीमती भारती अग्रवाल, श्रीमती श्रुति बंसल, श्रीमती शीनू बंसल, श्रीमती खुशबू बंसल, श्रीमती रिंकी अग्रवाल सहित अन्य महिलाओं की उल्लेखनीय उपस्थित रही।

### नाबालिग का अपहरण करने वालों पर हुई एफआईआर

**मुरैना।** मुरैना में 12 से ज्यादा हथियारबंद लोग 14 साल की लड़की को जबरन अपने साथ ले गए। वारदात हिंगोना खुर्द ग्राम पंचायत में मंगलवार-बुधवार की रात करीब 12 बजे की है। लड़की के परिजन ने बुधवार सुबह सिविल लाइन थाने पहुंचकर शिकायत की। जानकारी के अनुसार सिविल लाईन थाना क्षेत्रांतर्गत एक नाबालिग बच्ची को जबरन ले जाने का मामला सामने आया है। उसकी उम्र के संबंध में कोई स्पष्ट कागज नहीं मिले हैं। जांच की जा रही है। वहीं, परिजन ने कहा- 7 साल पहले बेटी की शादी कैमरा गांव के नेने नामक युवक से तय हुई थी। लड़का पसंद न आने के कारण हमने शादी से इनकार कर दिया था। वे जबरन शादी के लिए दबाव बना रहे थे। रात को घर की महिलाओं के साथ बेटी छत पर सो रही थी। इसी दौरान बोलेरो और मोटरसाइकिलों पर सवार हथियारबंद लोग पहुंचे। उनके पास 315 बोर की 6 राइफलें, कट्टे और लाठियां थीं। उन्होंने घर का दरवाजा तोड़कर परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया। हवाई फायरिंग भी की। लड़की के माता-पिता, चाचा और भाइयों को पीटा। इसके बाद लड़की को जबरन गोद में उठाया और बोलेरो में डालकर भाग गए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी लाखन गुर्जर, जापान गुर्जर, शिवराज गुर्जर, भूपेन्द्र उर्फ टाइगर गुर्जर, देवेन्द्र उर्फ नैमी गुर्जर पर अपहरण का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### भाजपा मंडल की बैठक संपन्न




**समय जगत, खिरकिया।** भाजपा मंडल की बैठक आयोजित की गई। आगामी कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा बनाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में हरदा से वरिष्ठ नेता अशोक जैन, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पूनम चंद्र , पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर सिंह राजपूत महेंद्र सिंह खनूजा नारायण बोस महेश राठौड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय यादव, बलवंत पटेल, उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे, कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के पित्र पुरुष श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। अशोक जैन ने मंडल के सभी बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए आगामी 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस एवं 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती हर बूथ पर बने इसके लिए सभी को संबोधित किया।बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय यादव ने की।,बैठक मे भाजपा कार्यकर्त्ता, अनिल जैन उमेश गीते लखन मंडराई,आनंद गौर,नर्मदा पटेल, रविंद्र दुआ महेंद्र शर्मा दुर्गेश ज्ञानीराम महाजन, दीपक पटेल, अर्जुन सेन, बलराम यादव, हरिओम बाके, हरनाथ साद, सोनू तिवारी,राजकुमार गढ़वाल ओम देवराले, बंटी सलूजा,आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नगर निगम भोपाल ने किया 3611 करोड़ का बजट पेश

# प्रॉपर्टी टैक्स में 10 प्रतिशत, पानी और ठोस अपशिष्ट पर 15 प्रतिशत टैक्स की हुई बढ़ोतरी



**भोपाल।** भोपाल नगर निगम का 3611 करोड़ का बजट पेश किया गया है। भोपाल में प्रॉपर्टी टैक्स में 10 प्रतिशत, पानी और ठोस-अपशिष्ट पर 15 प्रतिशत टैक्स की बढ़ोतरी की गई है। इससे भोपाल के पौने 3 लाख नल कनेक्शन और 5.62 लाख प्रॉपर्टी टैक्स उपभोक्ता प्रभावित होंगे। बता दें कि गुरुवार को महापौर मालती राय ने भोपाल नगर निगम का बजट पेश किया। बीते बजट से इस बार 300 करोड़ ज्यादा का बजट पेश किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 की अनुमानित आय छत्तीस सौ ग्यारह करोड़ उन्यासी लाख पिचहत्तर हजार रुपये के विरूद्ध अनुमानित व्यय छत्तीस सौ ग्यारह करोड़ उन्यासी लाख पिचहत्तर हजार रुपये प्रस्तावित है। राजस्व आय की 5 प्रतिशत रिजर्व राशि एक सौ दस करोड़ सात लाख चार हजार रुपये रखने के उपरांत एक सौ दस करोड़ सात लाख चार हजार रुपये संभावित घाटे का बजट सदन के समक्ष स्वीकृति हेतु प्रस्तुत है। नगर सीमा में प्रविष्ट होने वाले मुख्य मार्गो पर हेरिटेज प्रवेश द्वार निर्माण कार्य के लिए 3000 लाख यानी 30 करोड़ का प्रावधान किया गया है। महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष निधि हेतु राशि 1500 लाख का प्रावधान किया गया है। निगम सीमा अंतर्गत स्थित फिल्टर प्लांटों में सौर उर्जा प्लांट की स्थापना कार्य हेतु राशि. 150 लाख का प्रावधान किया गया है। जल सरंचना, हरित क्षेत्र के विकास कार्य हेतु तीन करोड़ का प्रावधान किया गया है। अयोध्या बायपास रोड पर स्वीमिंग पूल निर्माण कार्य हेतु राशि 400 लाख का प्रावधान किया गया है। विसर्जन घाटों का विकास कार्य हेतु राशि 3200 लाख का प्रावधान किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत राशि 500 लाख का प्रावधान किया गया है। औद्योगिक क्षेत्र गोविंदपुरा के समीप सामुदायिक स्थल सह खेल मैदान विकास के निर्माण कार्य हेतु राशि 300 लाख का प्रावधान किया गया है। बजट में भोपाल शहर में गीता भवन निर्माण कार्य हेतु राशि 20 करोड़ का प्रावधान किया गया है। निगम कर्मचारियों की छात्र/छात्राओं को कक्षा 10वीं व 12वीं में मैरिट प्राप्त किये जाने के फलस्वरूप प्रोत्साहन राशि 10000 प्रति छात्र-छात्रा का प्रावधान किया गया है। शहर में पार्कों के विकास कार्य हेतु राशि 1200 लाख का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन हेतु राशि 400 करोड़ का प्रावधान किया गया है। शहर के विकास एवं विशेषतः वार्डों के विकास कार्य हेतु प्रति वार्ड 50 लाख रू. वार्ड नियोजन निधि के रूप में कुल राशि रुपये 4250 लाख का प्रावधान किया गया है।

# परिवहन घोटाले के आरोपी की जमानत के विरोध में मुख्यमंत्री का पुतला फूंका



**श्योपुर।** प्रदेश में हुए परिवहन घोटाले के मुख्य आरोपी सौरभ शर्मा और उसके साथियों को प्रदेश सरकार की विफलता के कारण लोकायुक्त द्वारा न्यायालय में चालन नहीं प्रस्तुत करने पर जमानत मिलने पर आज जिला कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष अतुल चौहान की अगुआई में मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला दहन किया। जय स्तंभ चौक पर आज शाम मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया इस दौरान कांग्रेसियों ने काफी देर प्रदेश भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और सौरभ शर्मा की जमानत के पीछे पूरी सरकार का हाथ बताया इस दौरान मीडिया से बातचीत में कांग्रेस अध्यक्ष अतुल चौहान ने कहा कि 52 किलो सोना और करोड़ों की नगदी कार में किसकी थी इसको सरकार नहीं ढूंढ पाई और अरबों के परिवहन घोटाले के आरोपियों को सरकार के संरक्षण में कई दिन बाद गिरफ्तार किया गया ओर उसके बाद भाजपा सरकार ओर लोकायुक्त की मिलीभगत से 60 दिन में न्यायालय में चालन नहीं जमा करने पर आरोपियों को जमानत मिल गई चौहान ने पूरे भाजपा तंत्र को भ्रष्टाचार में लिप्त बताया।

इस दौरान वरिष्ठ नेता रामवतार जोशी, अयूब कुरैशीए चीनी कुरैशी,संजू कुशवाह, डॉ कमल शर्मा, रामभरत मीणा, कैलाश गग, सुमेर सिंह, सलाउद्दीन खान, मान सिंह राठौर, अशरफ कुरैशी, मांगीलाल सुमन एरामहेत सुमन, दीपक गुप्ता, आशीष चौहान, पियूष शिवहरे, रज्जाक अहमद, अमित सोनी, सखावत खान, राजू वैष्णव, मथुरालाल बैरवा, बल्लू पेंटर, सहित काफी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# जौरा से लेकर मुरैना तक के कॉलेजों में होती है खुलेआम नकल

**मुरैना।** वर्तमान में महाविद्यालयों की परीक्षा संचालित हैं। इसी के चलते मुरैना में भी परीक्षा केन्द्र कॉलेजों के बनाये गये हैं। लेकिन नकल माफियाओं के नाम से वर्षो से बदनाम मुरैना जिले में हर बार की तरह इस बार भी कुछ परीक्षा केन्द्रों पर खुलेआम नकल करवाई जा रही है। वहीं अगर जांच दल की बात की जाये तो वह केवल खानापूर्ति करने के लिए गठित किया जाता है। क्योंकि परीक्षा केन्द्र बनाये जाने से पहले ही नकल माफियाओं द्वारा अपनी व्यवस्थाऐं जमा ली जाती हैं। केवल कागजी खानापूर्ति करने के लिए जांच दल गठित किया जाता है जो देखने दिखाने के लिए परीक्षा केन्द्रों के आस पास चक्कर काटकर वापस आ जाता है। अभी कुछ दिनों पहले ही जीवाजी यूनिवर्सिटी से कुलपति और रजिस्टार द्वारा भी एक परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया गया जो वर्षो से नकल कराने के लिए बदनाम है लेकिन जांच दल द्वारा वहां भी खानापूर्ति कर दी गई और उनके द्वारा देखा गया नजारा भी नजरअंदाज कर दिया गया। गुरूवार की बात की जाये तो मुरैना एसडीएम भी जांच करने के लिए पहुंची थीं इसके अलावा अन्य अधिकारी जो जांच दल में शामिल थे वह आरोपित तौर पर किसी भी परीक्षा केन्द्र पर नहीं पहुंचे। अब बात करते हैं नकल माफियाओं के पसंदीदा परीक्षा केन्द्रों की। तो इसकी शुरूआत बानमौर से हो जाती है जहां दो परीक्षा सेंटर ऐसे हैं जहां खुलेआम नकल करवाई जाती है। इससे थोड़ा आगे बढ़ें तो मुरैना में भी कुछ कॉलेज ऐसे हैं जो नकल कराने के लिए बदनाम हैं।

अब जौरा और कैलारस की तरफ जायें तो वहां भी कुछ कॉलेजों के संचालकों द्वारा शासकीय परीक्षा केन्द्रों पर अपनी-अपनी व्यवस्थाऐं जमाई गई हैं जहां खुलेआम नकल करवाई जाती है इसमें जौरा का एक शासकीय कॉलेज जहां स्कूल भी संचालित है वहां पर खुलेआम नकल करवाई जाती है। अब यहां पर सवाल यह खड़ा होता है कि जब खुलेआम नकल परीक्षा केन्द्रों पर चलती है तो फिर जांच दल क्या काम करता है। तो इसका जबाव यह है कि जब कॉलेजों की परीक्षाओं की तिथि घोषित होती है तो मुरैना जिले का नकल माफिया भी सक्रिय हो जाता है।

# नहर में मूंग के लिए पानी नहीं मिलने पर किसानों ने किया चक्का जाम, कमल पटेल ने दिया आश्वासन



**समय जगत, हरदा।** सिंचाई के लिए पानी न मिलने से नाराज किसानों ने गुरुवार को इंदौर-बैतूल नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया।बता दें कि, बुधवार रात को अबगांवकला के पास धरना दिया था। उन्होंने बताया कि तवा डैम से 27 मार्च को मूंग की फसल के लिए पानी छोड़ा गया था। लेकिन, चार दिन बीत जाने के बाद भी जुगरिया माइनर और उसके नीचे के क्षेत्रों तक पानी नहीं पहुंच पाया है। 29 तारीख को जिले में नहर का पानी आया था। लेकिन टेल एरिया की मेन कैनाल में अभी तक पानी नहीं पहुंचा है। नहर विभाग का कोई भी अधिकारी फील्ड पर मौजूद नहीं है। करीब 30 से 40 गांवों के किसानों को पलेवा के लिए पहला पानी नहीं मिल पाया है।औसरा बंदी लागू करने की मांग,समस्या की मुख्य वजह है कि जुगरिया माइनर से ऊपर की सभी माइनरों में हेड एरिया के किसान गेट लगाकर अनुचित तरीके से पानी रोक रहे हैं। किसानों की मांग है कि उन्द्राकच्छ से एचवीसी में डिस्चार्ज के अनुसार हेड क्षेत्र की सभी नहरों का पानी निर्धारित किया जाए। साथ ही औसरा बंदी लागू की जाए।जिले के 40 से अधिक गांवों में पांच दिनों से नहर का पानी नहीं पहुंचने से नाराज सैकड़ों किसानों ने गुरुवार को इंदौर-बैतूल नेशनल हाइवे पर दो घंटे तक चक्काजाम किया।चक्का जाम की जानकारी पूर्व मंत्री कमल पटेल को लगी तो वे तत्काल किसानों के प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे, किसानों से चर्चा की और किसानों की समस्याओं को समझा और तत्काल निराकरण के लिए अधिकारियों से चर्चा की। पूर्व मंत्री ने अधिकारियों को लगाई फटकार,नहर का पानी नही मिलने से नाराज प्रदर्शन कर रहे किसानों की मांग को लेकर पूर्व मंत्री कमल पटेल भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि टेल टू हेड जो कि सिंचाई के लिए पानी देने का नियम है उसी अनुसार किसानों को नहर का पानी उपलब्ध कराया जाए।ताकि, किसान समय से बोनी कर मूंग की फसल पैदा कर सकें,इसके बाद सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने आज शाम तक पानी नहर में आने का भरोसा दिलाया है।

## फर्जीवाड़ा छिपाने के लिए करीब 7-8 साल पहले लगाई थी आग

# फर्जी रजिस्ट्री के मामलों में रजिस्टार कार्यालय पर उठ रहे हैं गंभीर सवाल

**मुरैना।** विगत दिनों रजिस्ट्री में फर्जीबाड़े का जब मामला सामने आया तो उसमें रजिस्टार कार्यालय कहीं न कहीं संदेह के घेरे में आता है। ऐसा यह पहला मामला नहीं है ऐसे कई मामले रजिस्टार कार्यालय के सामने आ चुके हैं। एक बार तो रजिस्टार कार्यालय में फर्जीबाड़ा छुपाने के लिए तकरीबन 7-8 साल पहले आग तक लगा दी गई थी। उस समय जो रजिस्टार यहां पदस्थ थे एक बार पुनः उनकी पदस्थाना मुरैना रजिस्टार में हुई है। आपको बता दें कि जब से यह रजिस्टर साहव फिर से मुरैना में पदस्थ हुए हैं तब से फर्जी रजिस्ट्री के एक नहीं कई मामले सामने आ चुके हैं। वहीं बाबूलाल पचौरी के बयान के अनुसार रजिस्टार कार्यालय द्वारा अन्य जमीनों को रजिस्ट्री में कैसे शामिल कर दिया गया यह अपने आप में बड़ा सवाल है। वहीं रजिस्टार कार्यालय के रिकॉर्ड शाखा से भी विगत दिनों इसी मामले में रजिस्ट्री उठाकर दूसरा पक्ष ले गया था। इससे पहले भी महेन्द्र खत्री का मामला सामने आया था जिसमें महेन्द्र खत्री व दण्डौतिया के बीच रजिस्ट्री हुई थी। इस मामले में भी फर्जीवाडा सामने आया था जहां दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप



लगाते हुए दिखाई दिये थे। उस समय भी रजिस्टार कार्यालय सवालों के घेरे में आ गया था। इतना सब होने के बाद भी प्रशासन रजिस्टार कार्यालय के खिलाफ किसी भी प्रकार की कोई जांच नहीं कर रहा है। सूत्रों से तो यहां तक पता चला है कि रजिस्टार कार्यालय में यह एक या दो मामले नहीं बल्कि अनगिनत मामले हैं जहां जमीन या प्लॉट की रजिस्ट्री कराते समय उसमें या तो कुछ हिस्सा बढ़ा दिया जाता है या फिर पूरा का पूरा प्लॉट ही रजिस्ट्री में लिखा दिया जाता है। इसका पता संबंधित व्यक्ति को जब पता चलता है तब उसकी रजिस्ट्री बिना उसके संज्ञान के हो जाती है।

**रजिस्टार ऑफिर में हो चुकी है चोरी:** तकरीबन एक साल पहले फर्जी रजिस्ट्री करने का एक मामला मुरैना में सामने आया था जहां कुछ लोगों द्वारा रजिस्टार ऑफिस में से रजिस्ट्री चोरी कर ली गई थीं और एक अलग ऑफिस बनाकर रजिस्ट्री का काम किया जाता था। आपको बता दें कि इसकी शुरूआत 2017 में असल रजिस्ट्रार कार्यालय में हुई चोरी से हुई थी। जिसमें कुछ लोग रजिस्ट्रियों के बंच और रजिस्टर चुरा लिए गए थे। फर्जी ऑफिस का भंडाफोड़ तब हुआ, जब शहर के हनुमान चौराहा निवासी ओमप्रकाश वैश्य की जमीन को आरोपियों ने ऊषा परमार (निवासी वनखंडी रोड) को 5 लाख 80 हजार रुपए में बेच दिया। इसका नामांतरण भी करा दिया। इसकी शिकायत उन्होंने तहसीलदार से की। उस समय पुलिस ने आरोपी भूपेंद्र भदौरिया को गिरफ्तार किया।

3 वर्षो से लगातार आयुष्मान में निःशुल्क
नेशनल हॉस्पिटल, रीवा
कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी
पथरी का दूरबीन के द्वारा ऑपरेशन
प्रोस्टेट, हार्निया, हाइड्रोसील
पता-नेशनल हॉस्पिटल, समान तिराहा, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)
Mob.: 91 7566831551, 18008890620, 8608600604
7APRIL

स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा एवरेस्ट प्रेस ई-49/8 औखला, इंडस्ट्रीयल-एरिया प्लॉट-2 प्रींटिंग प्रेस से मुद्रित एवं बी-125 सादतपुर कालोनी दिल्ली-110094 से प्रकाशित। RNI NO. DELHIN/2005/14553, **प्रधान संपादकः** अशोक त्रिपाठी * **संपादक** अनिल श्रीवास्तव * **समाचार संपादक** सौरभ वार्ष्णेय
**दिल्ली कार्यालय :** एस-557, हीरा कॉम्पलेक्स 203 द्वितीय तल मुख्य मार्ग शकरपुर दिल्ली- 01142173537, 9899589700, **भोपाल कार्यालय** - 9, रायल हाउस, प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन-1, भोपाल। **फोन :** 0755-4273868, 4203479 **फैक्स :** 4094417 **ई-मेल** dainiksamayjagat.delhi@gmail.com *(समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)

# अग्निकांड में नष्ट हुई गेहूं की फसल का पुलिस व राजस्व अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**समय जगत, पन्ना।** जिले के देवेंद्र नगर थाना अंतर्गत ग्राम मुटकला में बीती रात खेत में कटी रखी लगभग तीन एकड़ खेत की गेहूं की फसल में एक व्यक्ति के द्वारा द्वेष भावना के चलते आग लगा दी गई, आग लगने के बाद खेत के मालिक सुम्मेर सिंह यादव के द्वारा आरोपी को भागते हुए देखा गया, मामले की सूचना तत्काल किसान ने अपने दोनों पुत्रों अरविंद सिंह यादव और संतोष सिंह यादव को दी। संतोष सिंह यादव सकरिया एयरपोर्ट में सिक्योरिटी गार्ड की जॉब करते हैं और अरविंद सिंह यादव पन्ना में रहते हैं। लगभग 10 से 15 मिनट में दोनों पहुंच गए लेकिन फायर ब्रिगेड और डायल हंड्रेड जैसे इमरजेंसी दल दो घंटे बीतने के बाद भी नहीं पहुंचे, लगभग 2 घंटे बाद देवेंद्र नगर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड पहुंची लेकिन तब तक फसल पूरी तरह से जलकर खाक हो चुकी थी और केवल आग की लपटें उठ रही थी। जिन्हें बुझाने की औपचारिकता फायर ब्रिगेड द्वारा निभाई गई। आग लगाने वाले आरोपी के प्रति लोगों में भारी आक्रोश था, जागरूक नागरिकों के द्वारा पुलिस का इंतजार किया जा रहा था ताकि कोई घटना घटित ना हो सके। पुलिस अधीक्षक को फोन करने के बाद देवेंद्र नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आगजनी के संबंध में लोगों से पूछताछ की दूसरे दिन देवेंद्र नगर नायब तहसीलदार कोमल आठिया, पटवारी देवेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक आरके प्रजापति सहित पुलिस और राजस्व अमला मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके अलावा पुलिस के द्वारा आग लगाने वाले आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जा रही है। अरविंद सिंह यादव ने कहा है कि गर्मियों में आगजनी की घटनाएं ज्यादा सामने आती हैं, कुछ लोग द्वेष भावना से आग लगाते हैं तो कुछ घटनाएं अन्य कारणों से होती हैं। ऐसे में फायर ब्रिगेड और डायल जैसे इमरजेंसी दल अगर इस प्रकार की लापरवाही करते हैं तो घटनाओं के दौरान नुकसान को रोकना मुश्किल होता है इसलिए फायर ब्रिगेड और डायल हंड्रेड जैसे वाहनों और उनके दल को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए और वरिष्ठ अधिकारियों को भी उनकी गतिविधियों पर ध्यान रखना चाहिए।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उपनिरीक्षक रामलाल मालवीय का सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित




**समय जगत, आगर मालवा।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में गत दिवस पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उपनिरीक्षक रामलाल मालवीय के सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह द्वारा श्री मालवीय को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया और पुलिस विभाग में उनकी उपलब्धियो पर प्रकाश डाला गया।

समारोह का संचालन रक्षित निरीक्षक श्रीमती सपना परमार द्वारा किया गया। थाना कोतवाली में पदस्थ रहते हुए उपनिरीक्षक रामलाल मालवीय ने अपने 38 वर्ष 3 माह 03 दिन के कार्यकाल के दौरान कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ पुलिस सेवा में योगदान दिया। उनकी सेवाओं को याद करते हुए अनुविभागीय अधिकारी मोतीलाल कुशवाह ने कहा, ''श्री मालवीय ने अपने पूरे कार्यकाल में अनुकरणीय सेवा की मिसाल कायम की है। उनकी निष्ठा, साहस और पेशेवर दक्षता ने पुलिस विभाग को गौरवान्वित किया है। यह भी कहा गया कि उनके द्वारा किए गए कार्य और उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।'' समारोह के दौरान श्री मालवीय के परिवारजन भी उपस्थित थे। समारोह में उपस्थित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी श्री मालवीय के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। सभी ने उनके स्वस्थ और सुखद सेवानिवृत्त जीवन की कामना की। रामलाल मालवीय इंदौर जिले के मांगलिया गाँव के निवासी हैं। सम्मान समारोह के दौरान श्री मालवीय ने अपने सेवानिवृत्ति के अवसर पर सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पौड़ी मानगढ़ में मनाया गया प्रवेशोत्सव



**समय जगत, जबेरा।** मप्र शासन एवं शिक्षा विभाग के निर्देशन में स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत जबेरा जनपद की शासकीय हाई स्कूल पौड़ी मानगढ़ में प्रवेश उत्सव विद्यालय प्राचार्य रामकिंकर शर्मा के मार्गदर्शन एवं सरपंच मनोज राय की उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती का वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजन कर किया गया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर फूल मालाओं से स्वागत करते हुए शाला में प्रवेश कराया गया। इस दौरान विद्यालय के कक्षा पांचवी छठवीं सातवीं आठवीं एवं नवमी में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्राचार्य रामकिंकर शर्मा एवं सरपंच मनोज राय द्वारा पेन कंपास एवं नोटसबुक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच मनोज राय ने प्रवेश उत्सव का आयोजन शासन द्वारा कराए जाने को एक शानदार पहल बताया। वही विद्यालय प्राचार्य रामकिंकर शर्मा ने सभी छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई करने और नियमित स्कूल आने की बात कही। इस अवसर पर शिक्षक चरण सिंह ठाकुर, ओंकार सिंह, गायत्री मरावी, माया यादव, संध्या दुबे, नितेश साहू, धनपत मेहरा, ऋषभ चौरसिया, सोबरन सिंह ठाकुर, राजेंद्र यादव, निमेष अग्रवाल, प्रकाश सिंह, अहमद शाह, सुखदेव राय, मनोज सिंह, महेश राय, महेश यादव सहित अनेक लोगों की उपस्थिति रही।

### कांग्रेसियों ने किया भ्रष्टाचारी का पुतला दहन




**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी के आहवान पर जिला प्रशासन द्वारा अनुमति न मिलने के बाबजूद जिला कांग्रेस कार्यालय के सामने ही भ्रष्टाचारी परिवाहन विभाग के सौरभ शर्मा का पुतला दहन किया गया। कांग्रेस जनों का कहना था कि मप्र की भाजपा सरकार के संरक्षण के चलते सौरभ शर्मा ने बेमिसाल संपत्ति बनाई। उसके पास से अवैध 52 किलो सोना जप्त किया गया। उसके साथ तत्कालीन मुख्यमंत्री के साथ अनेकों मंत्री उसके अवैध कार्यो में लिप्त थे किन्तु प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा मामूली कार्यवाही करते हुए उसे क्लीन चिट दें दी। जिसके विरोध में जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने कार्यालय के सामने ही उसका पुतला जलाते हुए अपना विरोध दर्ज किया। कांग्रेस सेवादल के वीरेन्द्र राजपूत, किसान कांग्रेस के नितिन मिश्रा, पूर्व लोकसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजेश तिवारी, राहुल जैन, पप्पू कसोटया, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, सोनू जैन, शमीम कुरैशी, रफीक खान, अजय जाटव, रियाज खान, अभिषेक डिम्हा ने पुतले को जलाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा गरीब निर्दोष को तो महीनो जेल में रहा जाता है अनेकों तरह की प्रताड़ना दी जाती है किन्तु सौरभ शर्मा जैसे आर्थिक गुनहगार को अपने मंत्रियो को बचाने के चक्कर में छोड़ दिया जाता है जो कि असंवैधानिक है। इस अवसर पर पार्षद अमर राजपूत, शैलेन्द्र सिंह, सौरभ अवस्थी, अरूण दुबे, पुरूषोत्तम पटैल, ए.के. चिश्ती, जावेद रोजान सहित अनेक कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

### विद्यार्थियों की रूचि को समझें एवं रूचि अनुसार शिक्षा दें शिक्षक : राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल

**समय जगत, शहडोल।** कुटीर एवं ग्रामोद्योग स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल की उपस्थिति में प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढ़ार में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुटीर एवं ग्रामोद्योग (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि विद्यार्थी राष्ट्र के निर्माता होते हैं। विद्यार्थी पढ़ लिखकर आगे बढ़कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को अपना एक लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करना चाहिए। विद्यार्थी लक्ष्य बनाएं एवं लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कड़ी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी डॉक्टर, प्रशासनिक अधिकारी, इंजीनियर एवं जिस दिशा में भी आगे बढ़ना चाहते हैं, उस दिशा में सफलता प्राप्त करें।

## प्रशासनिक अनदेखी से तनोड़ियावासी पेयजल के लिये हैं परेशान

# उज्जैन-झालावाड़ के साथ बड़ौद सहित शाजापुर- तराना सड़क कनेक्टिविटी से सिंहस्थ की राह होगी आसान




**समय जगत, आगर मालवा।** आगर जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत तनोड़िया ग्रीष्मकाल के आरम्भ में ही जल संकट की भयावह स्थिति से दो चार हो रही है। हर वर्ष उत्पन्न होने वाली यह समस्या अभी तक तो तनोड़िया की नियति बनती जा रही है। परम्परागत रूप से हर वर्ष उत्पन्न होने वाले जल संकट से निपटने के लिए साल दर साल लाखों रुपए खर्च कर दिए जाने के बावजूद आज तनोड़िया निवासियों के बर्तन खाली हैं तो इसका आशय स्पष्ट है कि तात्कालिक जलापूर्ति की कोशिश तो की पर जल संकट से निपटने के स्थायी समाधानों पर कभी गम्भीरता से चर्चा नहीं की गई। प्रगतिरत जल जीवन मिशन से देर सबेर कभी भी यहां पेयजल समस्या का समाधान तो हो जाएगा पर सिंचाई सुविधा के संसाधनों का अभाव इस क्षेत्र को लम्बे समय तक सालता रहेगा।

आगर जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायतों में से एक तनोड़िया की यह स्थिति क्षोभ जनक होने के साथ-साथ विभिन्न स्तरों के जन प्रतिनिधियों की कार्य कुशलता उनकी प्राथमिकता और उनकी तथाकथित जन हितैषी नीतियों पर भी गम्भीर सवाल खड़े करती है। आज तनोड़िया महज एक ग्राम पंचायत ही नहीं है अपितु तनोड़िया के चारों ओर डामरीकृत सड़कों का विकास और विस्तार होने से तनोड़िया एक महत्वपूर्ण व्यापारिक केंद्र के रुप में भी उभर रहा है। तनोड़िया उज्जैन झालावाड़ राष्ट्रीय राज मार्ग पर स्थित होने के साथ-साथ व्हाया पिपलोन बड़ोद और व्हाया माकड़ोन शाजापुर तराना से भी सीधे जुड़ा हुआ है। तनोड़िया के साथ-साथ जल संकट से प्रभावित अन्य समीपी ग्रामीण क्षेत्रों का अध्ययन कर जल संकट से निपटने के प्रभावी उपायों पर अमल करने की गम्भीरता पहली जरूरत है। तनोड़िया के समीप हड़ाई बांध भी प्रस्तावित था पर कतिपय कारणों के चलते इस बांध की फाइल को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। आगामी सिंहस्थ के मद्देनजर भी तनोड़िया एक महत्वपूर्ण पड़ाव स्थल है ऐसे में राज्य सरकार को भी विशेष रुचि लेकर सिंहस्थ सन्दर्भित विकास कार्यों में तनोड़िया को भी शामिल कर वहां विकास कार्य प्रमुखता से किए जाने चाहिए। हाल ही में विधानसभा सत्र में आगर विधायक माधव सिंह गेहलोत ने हड़ाई बांध के सन्दर्भ में सवाल उठाते हुए पूछा था कि हड़ाई डेम की स्वीकृति पूर्व में हुई थी उसका निर्माण किन कारणों से नहीं हो पाया और इस डेम के निर्माण के लिए कोई कार्यवाही की जा रही है तो उससे संबंधित जानकारी भी चाही थी। इस पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने जवाब देते हुए प्रभावित कृषकों द्वारा अधिक मुआवजे की मांग एवं विरोध के कारण कार्य नहीं होने की बात कही थी। विभाग द्वारा हड़ाई डेम निर्माण के विषय में की जा रही कार्यवाही के बारे में जल संसाधन मंत्री ने बताया कि वर्तमान विभागीय दर सूची एवं भू अर्जन गाईड लाईन दर सूची की 2 गुना दर से प्रावधान सम्मिलित करते हुए योजना की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त किए जाने हेतु राशि 2364.09 लाख रुपए का डीपीआर तैयार किया जाना प्रतिवेदित है।

उल्लेखनीय है कि तनोड़िया के बाशिंदों के लिए जल जीवन मिशन के तहत कुंडालिया डेम से पेयजलापूर्ति की तैयारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के माध्यम से की जा रही है। हालांकि दिसम्बर 2024 तक यह कार्य पूर्ण होना था पर बेहद मंथर गति के चलते यह कार्य अभी तक अपूर्ण है। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नन्दा भलावे कुशरे ने चर्चा में बताया कि पैयजल हेतु शीघ्र ही वैकल्पिक व्यवस्थाएं की जाएगी। साथ ही नागरिक जल संरचनाओं के संरक्षण के लिए आगे आकर भविष्य के लिए जल बचाने में अपना योगदान जरूर दें। प्रशासन हर समय उनके साथ है।

## व्याख्याता विमला धुर्वे के सेवानिवृत्त पर विदाई समारोह हुआ आयोजित



**समय जगत, जबेरा।** शासकीय कन्या उमा विद्यालय जबेरा में पदस्थ व्याख्याता श्रीमती विमला धुर्वे के 42 वर्षीय सेवाकाल की समाप्ति पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त स्टाफ सहित उपस्थित अतिथियों ने शिक्षिका श्रीमती धुर्वे के कार्यकाल की सराहना की एवं उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की। इस दौरान राज्यमंत्री के पिताश्री भाव सिंह लोधी, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन सरपंच शिवलाल धुर्वे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने व्याख्याता श्रीमती विमला धुर्वे का फूल मालाओं और शाल श्रीफल से सम्मान करते हुए कहा कि शिक्षा के प्रति समर्पित समय की पाबंद और सहज, सरल स्वभाव के लिए व्याख्याता श्रीमती धुर्वे को हमेशा याद किया जाएगा। वही पौड़ी मानगढ़ प्राचार्य रामकिंकर शर्मा ने व्याख्याता श्रीमती धुर्वे का सम्मान करते हुए कहा कि मुझे काफी लंबे समय तक श्रीमती धुर्वे मैडम के साथ विद्यालय में शिक्षण कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है और उनके समय का पाबंद रहते हुए अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित होकर कार्य करने की कला सभी शिक्षकों को प्रेरणा देती है। विद्यालय प्राचार्य जवाहर प्रधान ने कहा कि सेवानिवृत्ति शासन की एक प्रक्रिया है जिसका पालन सभी को करना है।

# खेरमाई मंदिर परिसर में बीस लाख की लागत से होगा सामुदायिक भवन निर्माण



**समय जगत, कटनी।** नगर निगम सीमान्तर्गत विकास कार्यों के क्रम में विवेकानंद वार्ड को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात मिली हैं। वार्ड में स्थित खेरमाई मंदिर परिसर में लगभग 20 लाख की लागत से सामुदायिक भवन बनने जा रहा है, वहीं नयागांव दुर्गा मंदिर के पास 25 लाख की लागत से विभिन्न स्थलों में नाली निर्माण कराया जायेगा। कार्यों के शुभारंभ हेतु महापौर प्रीति संजीव सूरी ,निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं स्थानीय पार्षद एड.सुरेंद्र गुप्ता की गरिमामय उपस्थिति में वार्ड नागरिक सुरेश रामअवतार पाठक औरा रामदास गुप्ता से विधिवत भूमिपूजन संपन्न कराया गया। इस दौरान स्थानीय जनों द्वारा महापौर एवं सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए स्वागत अभिनंदन किया एवं विकास कार्यों हेतु धन्यवाद दिया। भूमिपूजन पश्चात महापौर सूरी ने सभी वार्ड वासियों को वार्ड में होने जा रहे विकास कार्यों हेतु बधाई देते हुए कहा कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ,नगरीय एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं क्षेत्रीय सांसद वीडी शर्मा के नेतृत्व में हमारी भाजपा सरकार निरंतर विकास के मार्ग में अग्रसर है, हमारा पूरा प्रयास है कि विकास में पिछड़े सभी वार्डों को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य कराये जायें। इसके लिए हमारे सभी पार्षद साथी भी जनसंपर्क कर उनकी समस्याओं के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं। भूमिपूजन कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, पार्षद राजेश भास्कर, शकुन्तला सोनी, ओमप्रसाद बल्ली सोनी, स्थानीय निवासी रामचरण गुप्ता, रमेश राम, भजन गौतम, सरोज दुबे, राम गौतम, एस माहेश्वरी, उमा दुबे सहित अन्य जनों की उपस्थिति रही।

# जगन्नाथ चौक-घंटाघर मार्ग के प्रभावितों को सौंपे गए क्षतिपूर्ति राशि के चेक



**समय जगत, कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक चौड़ीकरण के साथ सड़क निर्माण कराया जा रहा है। सड़क निर्माण के साथ ही प्रभावित लोगो को मुआवजा राशि वितरण की कार्यवाही भी की जा रही है। नगर निगम के मेयर इन कॉउंसिल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक जनप्रतिनिधियों एवं नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे की गरिमामय मौजूदगी में 6 भू स्वामियों को क्षतिपूर्ति राशि का चेक वितरण किया गया। जिसमे बसंत लाल यादव (13 लाख 65 हजार 336रुपये), निखलेश वर्मा (11 लाख 6 हजार 28 रुपये), नयन बिचपुरिया (4 लाख 45 हजार 129 रुपये), रविंद्र कुमार (2 लाख 44 हजार 920 रुपये), उमेश (6 लाख 1 हजार 171 रुपये) एवं किरन तिरसोलिया (2 लाख 38 हजार 615 रुपये) शामिल हैं। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सड़क निर्माण में सहयोग के लिए नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने क्षेत्र के सम्मानीय नागरिकों को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के अगले चरण में क्षेत्र के सम्मानीय नागरिकों ने सड़क निर्माण के लिए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी का स्वागत करने का आग्रह किया जिस पर महापौर सूरी ने कहा कि अभी चौड़ीकरण कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, कार्य पूर्ण होने पर ही आपके द्वारा दिया हुआ सम्मान स्वीकार करूंगी। महापौर सूरी ने कहा कि जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक सड़क निर्माण मेरी पहली प्राथमिकता थी और इसके निर्माण के लिए लगातार प्रयास भी किये गए। सड़क का निर्माण चौड़ीकरण के साथ पूर्ण किया जा रहा है उन्होंने निगम अध्यक्ष मनीष पाठक का भी धन्यवाद किया जिनके सहयोग से इस कार्य को गति प्रदान की जा सकी। आज भू-स्वामियों को क्षतिपूर्ति राशि के चैक वितरित गए हैं। आने वाले समय में शेष भू स्वामियों को भी क्षतिपूर्ति राशि के चेक दिए जा रहे है। कटनी शहर की सालों से चली आ जाओ रही यह मांग पूर्ण होने की ओर अग्रसर है।

# गांजा लिये पाये गये एक आरोपी के खिलाफ पुलिस ने की कार्यवाही



**समय जगत, पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस. थोटा के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी अमानगंज निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) लिये पाये जाने पर 1 आरोपी के विरूद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही। पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को मादक पदार्थ (गाँजा) का परिवहन, विक्रय, उत्पादन एवं भण्डारण करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी अमानगंज निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सफेद रंग की बोरी में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर अमानगंज से ग्राम ककरहाई तरफ जा रहा है। थाना प्रभारी अमानगंज द्वारा मुखबिर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमानगंज निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री के नेतृत्व में थाना स्तर पुलिस टीम का गठन किया गया। उक्त पुलिस टीम द्वारा बिना देरी किए तत्काल मुखबिर के बताये अनुसार ककरहाई मोड पहुँचकर देखा गया जो एक व्यक्ति सफेद बोरी लिये दिखा। उक्त व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर मौके से भागने लगा, जिसे पुलिस टीम द्वारा तत्परता पूर्वक घेराबंदी करके पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी के विरूध्द थाना अमानगंज में अपराध क्रमांक 192/25 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया है।

इस मामले में अमित उर्फ अज्जू अवस्थी पिता रामलोचन अवस्थी उम्र 33 वर्ष निवासी ककरहाई थाना अमानगंज को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से 02 किलो 280 ग्राम मादक पदार्थ गाँजा कीमती करीब 24 हजार रूपये एवं 01 मोबाइल कीमती करीब 10 हजार रूपये कुल मशरूका कीमती करीब 34 हजार रूपये का जप्त किया गया है।

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री , उनि डी पी मिश्रा, प्र.आर. राजीव मिश्रा, मुकेश सोनी, मेहरबान सिंह, सतीश, विश्वास शुक्ला, द्वारका, गिरधारी , महिला आर. हेमा एवं अन्य थाना स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम के कार्य की सराहना की गई है।

# मालथौन की महाकाली शक्तिपीठ में विराजमान मां का स्वरूप विश्व स्तर पर है अद्वितीय

**समय जगत, मालथौन।** किले प्रांगण में स्थित शक्तिपीठ के बारे में यह किवदंती आम है कि कलकत्ता और मालथौन की काली मां की प्रतिमा एक ही पत्थर से निर्मित है। इतिहास में यह साफ लिखा है कि बंगाल के पाल वंश द्वारा दुर्लभ काले पत्थर से निर्मित मूर्तियां ही इस वंश की विशेषता रही हैं कहते है कि जब सम्राट हर्ष की 647 ई0में मृत्यु हुई तो कन्नौज पर शासन करने के लिऐ गुर्जर ,प्रविहार ,राष्ट्रकूट तथा पाल वंश के बीच 1200 ई0 तक निरंतर संघर्ष चले। कन्नौज सहित उत्तर भारत में पाल शासकों का शासन लंबे समय तक चला हैं इस प्रतिमा को बंगाल से लाया गया। उसी दौरान मूर्ति प्रयुक्त पत्थर काले हीरे की तरह है। जिसका किसी मौसम में लाखों वर्ष तक क्षरण नहीं होता है। इस पत्थर की विश्व बाजार में कीमत केरेट के हिसाब से लगाया जाये तो कई सौ करोड होगी ऐतीहासिक रूप से देखें तो यह मूर्ति खजुराहो मंदिरों से प्राचीन और दुर्लभ है। यदि इस क्षेत्र का सही विकास और प्रचार प्रसार होता तो देश ही नहीं विश्व स्तर पर ख्याति प्राप्त आस्था का केंन्द्र बना होता पर्यटन के लिये देखें तो इस छोटे से मैदान का तापमान 40से0 से अधिक नहीं रहता वर्ष भर तापमान अनुकूल बना रहता है। भीषण गर्मी के समय भी यहां ठंडक का अनुभव करने नगर से सैकडों लोग मैदान में लुत्फ उठाते हैं। परन्तु गर्मी का अहसास नहीं होता हैं। यदि चमत्कार की बात करें जिसने भी मॉ के दिगम्बर रूप के दर्शन किये हैं वह जीवन भर इस स्थान को नही भूल सकता है। पूर्ण रूप से निर्मित मूर्ति पर अब वस्त्र पहनाने की परंपरा बन गई हैं इस कारण लोग मां के चमत्कारी रूप के दर्शन से वंचित रहते हैं। और कुछ खास होने का अनुमान नहीं लगा पाते हैं। नवरात्रि में लगा भक्तों का मेला -चैत्र नवरात्रि में रोजाना हजारों श्रद्धालु नवरात्रि में प्रतिदिन दर्शनों के लिये पहुॅच रहे हैं। विशेष भक्ति और दैवीय आराधना के इस पर्व में महिलायें बच्चे एवं पुरुष रोज सुबह से ही मॉ काली को जल अर्पण करनें पहुंच रहे हैं। वर्ष में दो बार श्रद्धांलुओं का मेला लगता है। जो एक बार मां के दर्शन करने आता है बो बार बार दर्शनों के लिये लालायित रहता है।

# स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित

## विधायक ने मेधावी छात्र को ई स्कूटी व इंसपायर एवार्ड में चयन होने पर किया सम्मानित



**समय जगत, दतिया।** भारत भूमि में जन्म लिया है तो संकल्प लेवें कि जीवन में कुछ करना है और राष्ट्र के काम आना है। आप लोगों में से कोई छात्र इंजीनियर बनेगा कोई डॉक्टर बनेगा कोई शिक्षक बनेगा कोई व्यापारी बनेगा और कोई खिलाडी बनेगा अर्थात भिन्न-भिन्न विधाओं में आगे बढकर देश की काम आएगा और अपने माता-पिता, गांव स्कूल तथा अपने गुरुजनों का नाम पूरे देश और प्रदेश में रोशन करने का काम आप लोगों को करना है। इसलिए आप लोग अपने रुचिकर विषय में मन लगाकर पूरी ताकत से प्रयास करें। यदि कहीं भी आपको मेरी आवश्यकता होती है तो मैं सदैव आपके लिए तत्पर हूॅं। उक्त विचार क्षेत्रीय विधायक प्रदीप अग्रवाल ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेंवढा में आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। इस अवसर पर विधायक श्री अग्रवाल ने 12वीं के मेधावी छात्र राघवेंद्र यादव को ई- स्कूटी से सम्मानित किया एवं कक्षा 9वीं के छात्र विनय दुबे को भारत सरकार के इंस्पायर अवार्ड में चयन होने पर सम्मानित किया गया साथ ही समाजसेवी भूपेंद्र सिंह राणा को समस्याओं से अवगत कराने एवं उनका निराकरण कराने के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर छात्रों को शासन की योजना अनुसार निःशुल्क पुस्तकों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन राकेश श्रीवास्तव एवं आभार प्राचार्य बीडी सिंह ने किया। स्वागत भाषण बीआरसी आशीष कंचन ने दिया। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रीति जाटव द्वारा छात्रों से कहा कि नियमित रूप से स्कूल आयें और अनुशासन में रहकर शिक्षा ग्रहण करें तथा शिक्षकों से कहा कि वह भी पूरे समय छात्रों को उनकी रुचि अनुसार विषयों में मार्ग दर्शन करें और उन्हें अव्वल बनाएं। इस अवसर पर अभिराम सिंह, सुशील गुप्ता, प्रेम नारायण जाटव, रंजना रावत, पंकज दांतरे, महेंद्र पटवा, रामप्रकाश श्रीवास्तव, ठाकुरदास साहू, तासीन बेगम, वीरेंद्र गुप्ता, अशोक पांडे, अनिल कुमार, हरचरण झा, भगवती शर्मा, कपिल महते, लवकुश सिंह गुर्जर, चंद्रेश गुप्ता, सत्येंद्र नागिल, रमाशंकर पाठक, प्रवीण गोस्वामी, मनमोहन दीक्षित, आलोक सिंह परिहार, शिवराम समाधिया, इमरान खान, पवन पाठक, नीरू चौहान, विनोद गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## रामजन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने की तैयारियां चल रहीं जोरों पर




**समय जगत, मधुसुदनगढ़।** प्रतिवर्ष अनुसार इस बर्ष भी श्रीरामनवमी के पावन पर्व पर श्रीरामजन्मोत्सव का कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है जिसमें विशाल शोभायात्रा के मुख्य मार्ग को भगवा पताकाओं एवं झंडों से सजाया गया है, कार्यकर्ता गांव-गांव जा कर प्रचार कर रहे हैं एवं गांवों में निकलने वाली झंडा समितियों को निमंत्रण दे रहे हैं, सभी नगरवासियों को सूचित किया जाता है कि प्रतिवर्ष अनुसार इस बर्ष भी शोभा यात्रा दिनांक 6 अप्रैल शाम 6 बजे गुना रोड शिव मंदिर थाना परिसर से प्रारंभ होकर आनंद श्री गार्डन भोपाल रोड पहुंचेगी तत्पश्चात हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, प्रभु श्री राम जी की महाआरती एवं भजन संध्या व प्रसादी वितरण का आयोजन रखा गया है जिसमें सभी नगर एवं ग्राम वासी सादर आमंत्रित है अतः ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारकर कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाएं और धर्म लाभ लेवें।

## वार्ड क्रमांक 26 हीरापुरा में नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने 15 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सीसी रोड का किया भूमिपूजन



**समय जगत, विदिशा।** नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने कहा कि वार्ड क्रमांक 26 में हमने 15 लाख रुपये की राशि से बनने वाली सड़क का भूमि पूजन किया है हम शहर के विकास में कोई कौर असर नहीं छोड़ रहे हैं सबके साथ मिलकर नगर के विकास के लिए काम कर रहे हैं। हमारा शहर विकास का मॉडल कहा जाए इसके लिए सतत प्रयास भी कर रहे हैं जो आप शहर वासियों की जन भागीदारी के बिना नगर का विकास संभव नहीं है हमें शहर को साफ और स्वच्छ सुंदर बनाने में नगर वासियों को आगे आना पड़ेगा तभी हमारा शहर एक विकसित शहरों में गिना जाएगा और सुंदर शहर विदिशा हमारा इंदौर की तर्ज पर कहलाएगा इसके लिए मैं सभी नगर वासियों से स्वच्छ एवं सुंदर विदिशा बनाने के लिए सभी से आग्रह एवं निवेदन करती हूं कि आप सब स्वच्छता में अपनी सहभागिता निभाएं। वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद लीलाधर लोधी ने कहा कि आज नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के द्वारा हीरापुरा इस रोड का भूमि पूजन किया गया है नगर पालिका अध्यक्ष जी ने हमारे वार्ड को संवारने का काम किया है और सुंदर बनाने का काम किया है इसके लिए मैं उनका धन्यवाद प्रकट करता हूं सदैव वह हमारे वार्ड की चिंता करती है एवं नगर के विकास की चिंता करती हैं।

## भाजपा मंडल ग्राम प्रतापगढ़ की कार्यसमिति घोषित सर्वेश खरे को महामंत्री नियुक्त किया गया



**सिलवानी।** भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) के जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, पूर्व विधायक ठाकुर रामपाल राजपूत एवं प्रतापगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष पप्पू आदीवासी की सहमति से भाजपा मंडल ग्राम प्रतापगढ़ की नई कार्यसमिति की घोषणा की गई है। इस नई कार्यसमिति में सर्वेश खरे को पुनः मंडल महामंत्री नियुक्त किया गया है, जो पार्टी के कार्यों को मजबूती से आगे बढ़ाएंगे। पार्टी नेताओं ने इस घोषणा के साथ कहा कि कार्यसमिति में सभी पदाधिकारियों को पार्टी की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का जिम्मा सौंपा गया है। नई कार्यसमिति का उद्देश्य पार्टी को ग्राम स्तर पर और भी मजबूत बनाना है। साथ ही, आने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी को प्रचंड जीत दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष पप्पू आदीवासी ने कहा कि सर्वेश खरे की नियुक्ति से पार्टी को नई दिशा मिलेगी और कार्यकर्ताओं के बीच एक नया उत्साह पैदा होगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियां निभाने और पार्टी की विचारधारा को फैलाने का आह्वान किया।

## दो माह से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को नहीं मिला वेतन

**छापीहेड़ा।** नगर सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों मे कार्य कर रही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को वेतन नहीं मिल पाया है जिससे कर्मियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ आशा कार्यकर्ताओं का घर खर्च में ही परेशानियां उत्पन्न हो रही है संबंधित अधिकारियों को इस और ध्यान देने की आवश्यकता है।

## कमलेश्वर पटेल ने पीतांबरा माई के दर्शन कर लिया आशीर्वाद

**दतिया।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य कमलेश्वर पटेल दतिया आए जहां उन्होनें पीतांबरा माई के दर्शन कर पुण्य लाभ लिया। इसके बाद कार्यकर्ताओं से भेंट की फिर दिल्ली के लिए हुए रवाना। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामकिंकर गुर्जर, अंबिका शर्मा, संजय सिंह राठौर, सुरेश झा, अशोक दांगी वगदा, राघवेंद्र यादव, डॉ. राकेश खरे, बीके नामदेव, अंकित पटेल, रामकुमार मोगिया, अभिषेक तिवारी, बिरजू तिवारी, देव गोतम आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।


## कार्यालय नगर परिषद ब्योहारी, जिला-शहडोल (म.प्र.)

Ph.- 07650-262239 Email-cmobyohari@mpurban.gov.in

क्र.- न.परि./2025/16 ब्योहारी, दिनांक-02/04/25

सूचना

नगरीय क्षेत्रान्तर्गत निवासरत आमजन / आवासीय / गैर आवासीय / औद्योगिक / व्यावसासिक / शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश शासन राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 380 भोपाल, दिनांक 28.09.2020 के अनुसार प्रावधान नियम 4 एवं नियम 5 के विवरण अनुसार जल उपभोक्ता प्रभार की नवीन दर लागू किये जाने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये है। शासन के आदेश के पालन में नगर परिषद ब्योहारी जिला शहडोल के जलकर में व्यय का आंकलन किया जाकर परिषद के प्रस्ताव क्रमांक 01 दिनांक 30.12.2024 में पारित संकल्प अनुसार निर्णय लिया जाकर निम्नानुसार जल उपभोक्ता प्रभार की दरें अप्रैल 2025 से प्रभावशील होगी।

01. जल उपभोक्ता प्रभार शुल्क आवासीय - 100.00
02. जल उपभोक्ता प्रभार शुल्क गैर आवासीय अर्थात व्यावसायिक प्रयोजन - 200.00
03. नवीन नल कनेक्शन - 2000.00
04. अवैध कनेक्शन को वैध करने का शुल्क - 3000.00

उक्तानुसार नवीन संशोधन करते हुये नवीन दरें लागू की गई है। शेष दरें यथावत रहेंगी। अत: किसी को लागू दरो में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है इसके पश्चात किसी भी तरह की दावा आपत्ति स्वीकार नही होगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद ब्यौहारी
जिला शहडोल (म.प्र.)

## न्यायालय कलेक्टर एवं सक्षम प्राधिकारी, जिला विदिशा (म. प्र.)

प्रकरण कं.0207/ब-121/2024-25

मध्यप्रदेश शासन ..........................................आवेदक

बनाम

सत्येंद्र सिंह पुत्र श्री अपार सिंह संधू निवासी पचमा बायपास रोड, बासौदा जिला - विदिशा (म0प्र0)

आवक क्रमांक 236
दिनांक.3/4/25
नगर पालिका पद बासौदा

-:अंतरिम आदेश एवं अंतिम सार्वजनिक सूचना:-
(पारित दिनांक 28/03/2025)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपखण्ड अधिकारी बासौदा म.प्र. ने प्रतिवेदन / प्रकरण प्रस्तुत किया है कि नगरपालिका परिषद बासौदा प.ह.नं. 45 कस्बा बासौदा स्थित भूमि सर्वे क्र. 697/1/1, क्र. 698/1/2/1, क्र. 698/1/3/1/1/1/1/1/1 क्र. 699/1, क्र. 699 / 2 कुल रकबा 0.523 हे, पर अनावेदक सत्येंद्र सिंह पुत्र श्री अपार सिंह संधू निवासी पंचमा बायपास रोड बासौदा, जिला विदिशा द्वारा बगैर कॉलोनी विकास अनुमति प्राप्त किये उक्त भूमि पर भू-खण्डों का विक्रय किया जाकर अनाधिकृत कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है।

2- उपखण्ड अधिकारी बासौदा के प्रतिवेदन पर अनावेदक पक्ष को इस न्यायालय द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र क. क्यू / रीडर / 2025 / 3297-98 दि. 03.03.2025 प्रेषित किया जाकर भूमि का व्यपवर्तन / पुर्ननिर्धारण आदेश, कार्यालय नगर तथा ग्राम निवेश से अनुमोदित अभिविन्यास, कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र, कॉलोनी विकास की अनुमति एवं भूमिस्वामित्व संबंधी खसरा, रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र, आदि विधिक दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने का अवसर प्रदान किया गया।

3- अनावेदक को दिये गये पते अनुसार जारी सूचना पत्र तामिल न होने से अनावेदक पक्ष की और से कोई जवाब / दस्तावेज प्रस्तुत नहीं हुये है। अनावेदक द्वारा अपने स्वत्व की उक्त भूमि पर विधिक अनुमति आदि प्राप्त किये बगैर अनाधिकृत कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है, जो मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा-339 ग (2), (3) के तहत दण्डनीय अपराध है, जो म.प्र. नगरपालिका (कॉलोनी विकास) नियम, 2022 (म.प्र. राजपत्र (असाधारण) दिनांक 13 जनवरी 2022) के नियम - 22 (3), (4) के तहत कार्यवाही का आधार रखते हैं।

अत: अनावेदक सत्येंद्र सिंह पुत्र श्री अपार सिंह संधू निवासी पंचमा बायपास रोड बासौदा, जिला विदिशा के स्वत्व की नगरपालिका परिषद बासौदा सीमाक्षेत्र प.ह.नं. 45 स्थित भूमि सर्वे क्र. 697/1/1, क्र.698/1/2/1, क्र. 698/1/3/1/1/1/1/1/1 क्र. 699/1, क्र. 699 / 2 कुल रकबा 0.523 हे., भूमि का अंतरण/विक्रय अद्योहस्ताक्षरकर्ता की अनुमति के बगैर निषेधित / प्रतिबंधित किया जाता है। आदेश के उल्लंघन की स्थिति मे किये गये समस्त अंतरण शून्य होगें। जिला पंजीयक विदिशा / उप पंजीयक बासौदा उक्त आदेश का पालन करेंगें। अनावेदक को आदेशित किया जाता है कि वह उक्त भूमि की अनाधिकृत कॉलोनी के सभी चिन्हांकन और सभी प्रकार के निर्माण 15 दिवस की अवधि मे हटाया जाना सुनिश्चित करे, अन्यथा निर्धारित अवधि पश्चात आदेश के उल्लंघन पर उक्त नियम-22 (4) के तहत अनाधिकृत कॉलोनी के सभी चिन्हांकन और सभी प्रकार के निर्माण कार्य हटाये जाने की कार्यवाही की जावेगी और इस संबंध मे शासन द्वारा की गयी कार्यवाही मे होनें वाले व्यय को अनावेदक से भू-राजस्व की बकाया के तौर पर वसूल किया जायेगा तथा आपके (अनावेदक) विरूद्व अधिनियम के सुसंगत उपबंधों के तहत दाण्डिक कार्यवाही के लिये संबंधित पुलिस थाने मे प्राथमिकी दर्ज करायी जावेगी।

(रौशन कुमार सिंह)
कलेक्टर एवं सक्षम प्राधिकारी
जिला विदिशा (मप)

## कार्यालय नगरपालिक निगम कटनी (म.प्र.)

क्रमांक/07/रा.वि.ना.शा./2025 कटनी दिनांक 03/04/2025

**नामांतरण सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि म0प्र0 नगरपालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत निम्नलिखित भवनों पर नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुये है भवन के नाम परिवर्तन पर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अदर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। आपत्ति प्राप्त न होन की दशा मे मात्र कर वसूली हेतु करपजी में नाम परिवर्तन की कार्याही की जावेगी।

| क्रं. | नाम हस्तांतरक | नाम हस्तांतरिती | नामांतरण का आधार | भवन क्रमांक एवं वार्ड का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री कमल कुमार/ श्री दशरथ प्रसाद जैन | श्री आशीष जैन / स्व. कमल कुमार जैन | वसीयतनामा मृत्युप्रमाणपत्र शपथपत्र | 255 राम मनोहर लोहिया वार्ड |
| 2 | अवतार एजेन्सी कटनी के पार्टनर श्री राजेश कुमार / श्री मेठाराम बसलानी, श्री दिलीप कुमार / श्री रेलूमल मंगलानी | श्रीमति पुष्पा / स्व. दिलीप मंगलानी | मृत्युप्रमाणपत्र शपथपत्र | 71 रघुनाथ गंज वार्ड |
| 3 | श्री राहूल / श्री रविशंकर एवं श्री राकेश कुमार कनकने, पिता श्री बाबूलाल कनकने | श्री अशोक कुमार / स्व. रघुवर प्रसाद जैन | रजिस्ट्री | 482 का अंश भाग रघुनाथ गंज वार्ड |
| 4 | श्रीमति कुशुम बाई / श्री भागचंद जैन | श्री सतीष कुमार / स्व. कुन्दन लाल मोदी | वसीयतनामा मृत्युप्रमाणपत्र शपथपत्र | 741 रघुनाथ गंज वार्ड |
| 5 | श्री महेश कुमार / स्व. छंगेलाल चौरसिया | श्री राजकुमार सोनी/ स्व. नंद किशोर सोनी | रजिस्ट्री | 574 रघुनाथ गंज वार्ड |
| 6 | श्रीमति विमला बाई, श्री श्यामलाल, श्री प्रदीप कुमार, श्री दिनेश ना.बा.श्यामला पिता बली मॉ.बा. | श्री श्यामलाल सोनी / स्व. हनुमान दास सोनी एवं श्री प्रदीप कुमार, श्री दिनेश कुमार सोनी पुत्री कुमारी नेहा सोनी पिता श्री श्यामलाल सोनी | मृत्युप्रमाणपत्र शपथपत्र | 322 रघुनाथ गंज वार्ड |
| 7 | श्रीमति प्रमिला / श्री गिरधारी लाल बिलैया | श्री सरफराज अहमद पिता श्री इशाह अहमद एवं श्री शबनम पति सरफराज अहमद | रजिस्ट्री | 374 का अशं भाग रघुनाथ गंज वार्ड |
| 8 | श्रीमति प्रमिला / श्री गिरधारी लाल बिलैया | श्री रूपचंद चेलानी/ स्व. जेठानंद चेलानी एवं श्री रामेन्द्र कुमार बडगैया पिता श्री गोविन्द बडगैया | रजिस्ट्री | 374 का अशं भाग रघुनाथ गंज वार्ड |
| 9 | श्री सुभाषचंद, श्री नारायणदास, श्री राजकुमार, श्री श्रीराम/ स्व. पुरूषोत्तमदास कुदरहा एवं श्रीमति रेखादेवी | श्री अमन सोनी/ श्री अनूप सोनी | रजिस्ट्री | 600 रघुनाथ गंज वार्ड |
| 10 | श्रीमति सुनीता राठोर / श्री ओम प्रकाश राठोर | श्री मोहन प्रसाद साहू/ स्व.बालकिशन साहू | रजिस्ट्री | 1204 स्वामी विवेकानंद वार्ड |

राजस्व अधिकारी
नगरपालिक निगम कटनी

प्रारूप दस
(नियम 7 देखिये)

### न्यायालय नायब तहसीलदार संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

रा.प्र.क्रं. 1613/अ-6/24-25

**सार्वजनिक नोटिस**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय में समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 01/04/2025 को 03.00 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**अनुसूची**

ग्राम का नाम निशातपुरा, खसरा नंबर 106-107,108 व 111/2, क्षेत्रफल 600 वर्गफिट, उस व्यक्तिा विवरण जिनके पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) नौशाद खान/ जीशाद खान।

आज दिनांक 01/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार
नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

### म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

**आम सूचना**

ऐशबाग हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भवन क्रमांक जूनि. एम.आई.जी. डुप्लेक्स 194 मण्डल द्वारा श्री मोहसीन खान आत्मज श्री मोहम्मद रियाज खान के नाम हस्तान्तरण आदेश क. 1320-1325 दिनांक 23/02/2022 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 09/09/2016 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। आवंटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 03/03/2022 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। केता / विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री साहिल अली आत्मज स्व. श्री आरिफ अली के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 12/04/2022 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्री साहिल अली आत्मज स्व. श्री आरिफ अली के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

### म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

**आम सूचना**

ओल्ड सुभाष नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक जूनि. एल.आई.जी. 35/20 (प्रथम तल) मण्डल द्वारा श्री राजकुमार राजपूत आत्मज श्री राम राजपूत के नाम हस्तान्तरण आदेश क्र. 591 दिनांक 15/02/2025 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 12/05/2008 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। केता / विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती भारती शाक्य पत्नी श्री दिनेश कुमार शाक्य के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 24/02/2025 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती भारती शाक्य पत्नी श्री दिनेश कुमार शाक्य के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

प्रारूप दस
(नियम 7 देखिये)

### न्यायालय तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल
(पुराना जिला पंचायत भवन कोहेफिजा जिला भोपाल)

रा.प्र.क्रं. 2755/अ-6/24-25

**सार्वजनिक नोटिस**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय में समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 3/4/2025 को 03.00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**अनुसूची**

ग्राम का नाम बडवाई, खसरा नंबर 163/5 क्षेत्रफल 0.1510 हेक्टेयर, उस व्यक्तिा विवरण जिनके पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) हरिओम दांगी/राधेश्याम दांगी

आज दिनांक 3/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

प्रारूप दस
(नियम 7 देखिये)

### न्यायालय तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल
(पुराना जिला पंचायत भवन कोहेफिजा जिला भोपाल)

रा.प्र.क्रं. 2753/अ-6/24-25

**सार्वजनिक नोटिस**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय में समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 8/4/2025 को 03.00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**अनुसूची**

ग्राम का नाम बडवाई, खसरा नंबर 163/5 क्षेत्रफल 0.1510 हेक्टेयर, उस व्यक्तिा विवरण जिनके पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) पवन दांगी/विक्रम दांगी

आज दिनांक 3/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

### न्यायालय तहसीलदार, तहसील - कोलार, जिला भोपाल

प्रकरण क्रमांक 3319/अ-6/2024-25

**:::उद्घोषणा पत्र:::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री शिव कुमार मिश्रा आ. श्री राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा निवासी मंडीदीप रायसेन म.प्र.भू.रा. सहिंता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्र. 4102 (2) दिनांक 01.03.12 ग्राम समरधा कलियासोत प.ह.नं. स्थित भूमि खसरा नंबर 70/1/2/2/1, 71/1/4/1/2, 72/2/1/1, 77/1/2, 91/1 व अन्य रकबा 37.17 वर्गमीटर प्लाट क्रमांक 456 भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवदेक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है।

2. उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 04.04.2025 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 28.03.2025 को जारी

तहसीलदार
तहसील कोलार भोपाल

### न्यायालय तहसीलदार, तहसील - कोलार, जिला भोपाल

प्रकरण क्रमांक 3317/अ-6/2024-25

**:::उद्घोषणा पत्र:::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्रीमती स्मिता सोलंकी पत्नी श्री दिनेश सोलंकी निवासी दुर्गा वार्ड 04 बजरंग अखंड के सामने बैतूल मप्र म.प्र.भू.रा. सहिंता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्र. एमपी 059702024ए11239963 दिनांक 16.10.24 ग्राम समरधा कलियासोत प.ह.नं. स्थित भूमि खसरा नंबर 70/1/2/2/1, 71/1/4/1/2, 72/2/1/1, 77/1/2, 91/1 व अन्य प्लाट क्रमांक 392-सी रकबा 65.055 वर्गमीटर भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवदेक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है।

2. उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 04.04.2025 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 28.03.2025 को जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील कोलार भोपाल

प्रारूप दस
(नियम 7 देखिये)

### न्यायालय तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल
(पुराना जिला पंचायत भवन कोहेफिजा जिला भोपाल)

रा.प्र.क्रं. 2925/अ-6/24-25

**सार्वजनिक नोटिस**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय में समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक....को 03.00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**अनुसूची**

ग्राम का नाम बडवई, खसरा नंबर 410/2 क्षेत्रफल 0.8490 हेक्टर, उस व्यक्तिा विवरण जिनके पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) शिवाकांत त्रिपाठी/श्री हीरामणि त्रिपाठी निवासी शहर।

आज दिनांक 03/04/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

### न्यायालय नायब तहसीलदार नजूल वृत्त -2 गोविन्दपुरा, भोपाल

**आम सूचना**

प्रकरण कमांक 1171/अ-6/2024-25

आवेदकगण -1. श्रीमति निशा जैन पनि स्व. श्री अजय कुमार जैन 2. आयुषी जैन पिता स्व. श्री अजय कुमार जैन 3. पियूषी जैन पिता स्व. श्री अजय कुमार जैन निवासीगण -जवाहर वार्ड राजकुमारी टाकीज के पास बीना जिला सागर म.प्र. द्वारा स्थित भूमि ग्राम- गोविन्दपुरा खसरा क्रमांक 09 के अंशभाग मे से रकबा 2775 वर्गफिट भूमि का फौती नामांतरण किये जाने हेतु, म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इस आम सूचना के जारी होने की दिनांक से 07 दिवस में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में अपत्ति प्रस्तुत ना करने की दशा में या बाद में की गयी आपत्ति पर न्यायालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जायेगा। उदघोषणा न्यायालय की मुद्रा में मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया है।

नायब तहसीलदार
नजूल वृत्त-2 गोविन्दपुरा भोपाल

### न्यायालय नायब तहसीलदार नजूल वृत्त -2 गोविन्दपुरा, भोपाल

**आम सूचना**

प्रकरण क्रमांक 1152/अ-6/2024-25

आवेदकगण-1. महेन्द्र कुमार निहलानी 2. नरेन्द्र कुमार निहलानी 3. जयपाल निहलानी 4. किशोर निहलानी पुत्रगण स्व. श्री पीताम्बर निहलानी निवासीगण मकान न. जे-105 शहनशाह गार्डन पंजाबी बाग कालोनी गोविन्दपुरा भोपाल म.प्र. द्वारा स्थित भूमि ग्राम- गोविन्दपुरा खसरा क्रमांक 4/1 के अंशभाग में से रकबा 1100 वर्गफिट भूमि का वसीयत के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु, भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इस आम सूचना के जारी होने की दिनांक से 07 दिवस में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में अपत्ति प्रस्तुत ना करने की दशा में या बाद में की गयी आपत्ति पर न्यायालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जायेगा। उदघोषणा न्यायालय की मुद्रा में मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया है।

नायब तहसीलदार
नजूल वृत्त-2 गोविन्दपुरा भोपाल

प्रारूप दस
(नियम 7 देखिये)

### न्यायालय तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल
(पुराना जिला पंचायत भवन कोहेफिजा जिला भोपाल)

रा.प्र.क्रं. 2819/अ-6/24-25

**सार्वजनिक नोटिस**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय में समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 09/04/25 को 03.00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**अनुसूची**

ग्राम का नाम बडवई, खसरा नंबर 424/2/1/1 क्षेत्रफल 0.4010, उस व्यक्तिा विवरण जिनके पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) नम्रता यादव/ डॉ. निरंजन सिंह यादव।

आज दिनांक 03/04/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

प्रारूप दस
(नियम 7 देखिये)

### न्यायालय तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल
(पुराना जिला पंचायत भवन कोहेफिजा जिला भोपाल)

रा.प्र.क्रं. 2821/अ-6/24-25

**सार्वजनिक नोटिस**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय में समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 09/04/25 को 03.00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**अनुसूची**

ग्राम का नाम बडवई, खसरा नंबर 424/2/1/1 क्षेत्रफल 0.4010 हे. उस व्यक्तिा विवरण जिनके पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) नवीन सिंह यादव/ डॉ. निरंजन सिंह यादव।

आज दिनांक 03/04/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

प्रारूप दस
(नियम 7 देखिये)

### न्यायालय तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल
(पुराना जिला पंचायत भवन कोहेफिजा जिला भोपाल)

रा.प्र.क्रं. 2818/अ-6/24-25

**सार्वजनिक नोटिस**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय में समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 09/04/25 को 03.00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**अनुसूची**

ग्राम का नाम बडवई, खसरा नंबर 424/2/1/1 क्षेत्रफल 0.4010 हे. उस व्यक्तिा विवरण जिनके पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) निरंजन सिंह यादव/स्व. लाघुराम सिंह यादव।

आज दिनांक 03/04/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

# हरसूद पुलिस ने हत्या मामले के खुलासे के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**समय जगत, खंडवा।** दिनांक 30.03.2025 को थाना हरसूद पर पंकज पिता विष्णु रघुवंशी निवासी रेल्वे कालोनी चारखेडा ने सूचना दिया था कि एक अज्ञात महिला का शव बोरे में चारखेडा रेल्वे ब्रीज के नीचे बैंक वाटर में तैर रहा है। सूचना पर हरसूद पुलिस व्दारा तत्काल मौके पर जाकर सूचनाकर्ता की सूचना पर मर्ग क्र. 17/2025 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर मर्ग जांच में लेकर अज्ञात महिला उम्र 16 साल के शव का पंचनामा लिया गया तथा पोस्ट मार्टम कराया गया, मर्ग जांच में अज्ञात मृतिका की किसी व्यक्ति व्दारा हत्या कर साक्ष्य छिपाने की नियत से शव को बोरे में भरकर बैक वाटर के पानी में फैकना पाया जाने से अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्रं. 164/2025 धारा 103(1), 238 बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया।





अज्ञात मृतिका शव की पहचान एवं अज्ञात आरोपी तलाश पतारसी हेतु पुलिस अधीक्षक खण्डवा मनोज कुमार राय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खण्डवा राजेश रघुवंशी के निर्देशन में एसडीओपी हरसूद लोकेन्द्रसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर टीम गठित की जाकर टीम व्दारा लगातार क्षेत्र में सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गये व अपने तकनिकी संसाधनों व मुखबीर की सूचना पर अज्ञात मृतिका के शव की पहचान काजल पिता लोकेश मीणा उम्र 16 साल निवासी छिपाबड जिला हरदा के रूप में करायी जाकर आरोपी (मृतिका के पिता) लोकेश पिता विष्णुप्रसाद मीणा उम्र 42 साल निवासी छिपाबड व (मृतिका के दादा) आरोपी विष्णुप्रसाद पिता हरिकिशन मीणा उम्र 66 साल निवासी छिपाबड जिला हरदा को आज दिनांक 03.04.2025 को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपियो से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उसकी लडकी मृतिका काजल अपनी इच्छा से उसके प्रेमी के साथ शादी करना चाहती थी, मृतिका के पिताजी को रिश्ता पसंद नही था मृतिका पिताजी की बात नही मान रही थी अपनी मर्जी से अपने पसंद के लड़के से शादी करना चाहती थी, इस कारण दिनांक 26.03.25 के रात्रि 08.00 बजे मृतिका को पिताजी ने अपने खेत छिपाबड मे, मृतिका की गला घोंट कर हत्या कर दी व मृतिका के पिता व दादा ने साक्ष्य छिपाने की नियत से मृतिका के शव को बोरे में भरकर मोटर सायकल से चारखेडा लाकर ब्रीज से शव को बैंक वाटर के पानी में फैक दिया।

सराहनीय भूमिका– निरीक्षक राजकुमार राठौर थाना प्रभारी हरसूद फोर्स उप निरीक्षक चन्द्रशेखर काडे, प्रआर 320 हरिओम मीणा, प्रआर 251 लक्ष्मीनारायण चौरे, आरक्षक 616 दिलीप, आर 421 रघुवीर, आर 748 लक्ष्मीनारायण देवडा, आर. 632 शंशिकांत डावर, सायबर सेल प्रआर जितेन्द्र राठौर की


# अपर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**बुरहानपुर।** विगत 29 मार्च 2025 को प्रदीप शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दमोह के निवास पर जाकर स्थानीय ठेकेदार विवेक अग्रवाल द्वारा उनके मुँह पर काली स्याही लगाने का दुष्कृत्य किया गया जिससे न केवल श्री शर्मा वरन पूरे विभाग के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों की न केवल प्रतिष्ठा खराब हुई है वरन सभी के मनोबल का भी ह्रास हुआ है। निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव और नगर निगम कर्मचारी संघ इकाई अध्यक्ष संजय चौधरी कर्मचारी जिला अध्यक्ष अनिल सारवान और निगम अधिकारी कर्मचारी द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम जिला अपर कलेक्टर वीर सिंह चौहान को ज्ञापन दिया गया है। निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए कहा कि नगर निगम संघ इस ज्ञापन के माध्यम से दमोह की घटना के अपराधियो के विरुद्ध ऑन ड्यूटी शासकीय सेवक पर हमला करने, दुर्व्यवहार करने और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के अपराध की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करे उन्हें सजा दी जाए दोषियों पर कार्यवाही करने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस दमोह को शासन से निर्देश जारी करने के संबंध में ज्ञापन दिया गया। यह एक दुखद घटना घटित हुई है एक शासकीय अधिकारी के साथ हुई इस दुर्व्यवहार घटना पर जिला प्रशासन दमोह द्वारा संज्ञान नही लेने व अपराधियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं करने से पूरे प्रदेश के नगरीय निकायो के अधिकारी व कर्मचारियो मे तीव्र रोष बढ़ रहा है। यदि दमोह के जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा अपराधियों पर कार्यवाही नही की जाती है तो प्रदेश के सभी नगरीय निकायो के अधिकारी-कर्मचारी काम बंद हड़ताल करने के लिए बाध्य रहेगे। जिला प्रशासन दमोह द्वारा इस कृत्य के अपराधियों पर कोई कार्यवाही नही करने पर अपराधियो के हौसले बुलंद है और सभी अधिकारी, कर्मचारियों में तीव्र रोष व असंतोष व्याप्त हैं। इस अवसर पर बुरहानपुर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, नेपानगर CMO शैलेन्द्र चौहान, CMO शाहपुर दिलीप चौहान, निगम सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा, कार्यालय अधीक्षक संदीप तिवारी, नगर पालिका निगम बुरहानपुर कर्मचारी संघ के इकाई अध्यक्ष संजय चौधरी जिला अध्यक्ष अनिल सारवान, धीरेंद्र सिकरवार, कालू जंगाले नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## संक्षिप्त समाचार

### शाखा बाकानेर अंतर्गत संस्था बाकानेर का ऋण वितरण प्रारंभ, कृषकों ने जताया हर्ष



**रिजवान अली– समय जगत, मनावर सैयद।** वर्ष 2025–26 का दिनांक 02.04.2025 को केसीसी ऋण प्रारंभ किया जिसमें 123 किसानों को 105.65 लाख का वितरण किया गया। शाखा प्रबंधक/पर्यवेक्षक आर एस भोपे, संस्था प्रबंधक तुलसीराम वर्मा संस्था सहायक विकास सेन व कर्मचारी जगदीश वास्केल, मुकेश पागनीस, संदीप साल्वे, प्रितेश कानूनगो, सखाराम वर्मा, भीलूराम वर्मा बैंक कर्मचारी राजेश चौहान, दीपेश बाघेश्वर व यश भालके का योगदान रहा। ऋण प्राप्त होने वाले कृषको में हर्ष व्याप्त है व संस्था कर्मचारियों को बधाई व आभार प्रेषित कर रहे।

### श्रीमद् भागवत कथा में भक्ति और अध्यात्म का सागर, संत गोविंद जाने के प्रवचनों से भावविभोर हुए श्रद्धालु



**समय जगत, बोड़ा।** श्रीमद् भागवत कथा के पावन आयोजन में तीसरे दिन श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। पंडाल भक्ति के रस में सराबोर हो गया जब प्रख्यात संत गोविंद जाने ने अपने ओजस्वी प्रवचनों से जीवन की सच्ची राह दिखाते हुए कहा कि अखंड सुख की प्राप्ति भौतिक वस्तुओं में नहीं, बल्कि भगवत गीता के मंत्रों और रामायण की चौपाइयों में है। संत गोविंद जाने ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि जगत की वस्तुओं से सुख का संबंध जोड़ेंगे, तो वह नश्वर वस्तुओं के साथ समाप्त हो जाएगा। लेकिन यदि माला, मूर्ति, गंगाजल, तुलसी, गौ माता की सेवा और माता–पिता एवं गुरु चरणों से सुख का नाता जोड़ लिया जाए, तो जीवनभर समृद्धि और आनंद बना रहेगा। उन्होंने कहा कि सुख–दुख जीवन का अभिन्न अंग हैं, परंतु जब दुख आए तो परेशान होने के बजाय भगवान की भक्ति में रम जाएं।

**संत प्रवचनों में छाया आध्यात्मिक रंग :** संत गोविंद जाने ने श्रीमद् भागवत के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए अर्जुन, द्रौपदी, विदुर, विदुरानी और सुदामा का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि इन महापुरुषों ने अपने सुख–दुख का संबंध भगवान के नाम, उनके सद्गुणों और कथा से जोड़ा, जिससे वे सच्चे सुख का अनुभव कर सके। उन्होंने श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि 卐सोना–चांदी, धन–दौलत यदि छूट भी जाए तो दुखी मत होना, लेकिन यदि मंदिर की आरती, ग्यारस का व्रत और सेवा छूट जाए तो अवश्य दुखी होना, क्योंकि सांसारिक संपत्ति दोबारा मिल सकती है, लेकिन ईश्वर भक्ति दुर्लभ होती है।卐

**हिंदू धर्म की पहचान और गौरव पर विशेष जोर :** प्रवचन के दौरान उन्होंने हिंदू धर्म की पहचान और गौरव को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सनातनी को अपने धर्म ग्रंथों, पुराणों और शास्त्रों का ज्ञान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी पहचान तिलक, चोटी, धोती और जनेऊ से होती है, इन्हें भूलना नहीं चाहिए। उनके इन वचनों पर श्रद्धालुओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से समर्थन व्यक्त किया।

**भजनों पर झूम उठा पंडाल :** संत गोविंद जाने के सुमधुर भजनों ने पूरे पंडाल को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। जैसे ही भजन गूंजे, श्रद्धालु भक्ति में झूमने लगे। दूर–दराज से श्रद्धालु वाहनों में भरकर कथा सुनने आ रहे हैं। आयोजन की व्यापक व्यवस्था पीपल्या रसोड़ा समिति द्वारा की जा रही है।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम : आज शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मुख्य यजमान ने आरती उतारी और प्रसाद वितरण किया। इस पावन अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है।

### युवक ने नशे में काटा खुद का गला, उपचार जारी

**समय जगत, खरगोन।** जिले के कसरावद थाना क्षेत्र के मछली बाजार क्षेत्र में गुरुवार दोपहर उस वक्त अफरातफरी मच गई जब मोहल्ले के ही एक युवक ने नुकीली वस्तु से अपना गला रेत लिया। जिला अस्पताल से मिली जानकारी अनुसार कसरावद निवासी जैकी रमेश चौहान (35) ने खुद का गला काटने का प्रयास किया है। फिलहाल स्थिति में सुधार है। घायल के बेटे वीर ने बताया कि उसके पिता नशे के आदि है। छोटी– छोटी बातों पर गुस्सा करते है। गुरुवार को उन्होंने मछली बाजार में कांच के टुकड़े से खुद के गले में वार कर लिया। बार–बार वार करने से उन्हें खून बहने लगा। लोगों की मदद से कांच छुडवाने के बाद अस्पताल लाए। चिकित्सक रविंद्र गुप्ता ने बताया कि गले में धारदार चीज से वार के निशान है। जख्म गहरे नही हैं, हालत में सुधार है।

# कलेक्टर श्री विश्वकर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न



**समय जगत, रायसेन।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पाण्डे तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया भी उपस्थित रहीं। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने गत बैठक में दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं को रोकने दिए गए निर्देशों के परिपालन में संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने एनएचएआई तथा एमपीआरडीसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिन्हित सड़क मार्गो पर केट आई तथा रंबल स्ट्रिप लगाए जाएं। साथ ही सड़कों के किनारे संकेतक भी लगाए जाएं।

कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने बैठक में उमरिया जोड़, सेंडोरा चौकी बायपास जोड़, रतनपुर तिराहा, मण्डीदीप-सतलापुर तिराहा ब्रीज सहित अन्य चिन्हित सड़क मार्गो पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा यात्रियों को सुविधा हेतु दिए गए निर्देशों के अनुरूप कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को यात्री बसों सहित अन्य वाहनों की नियमित जांच कर फिटनेस प्रमाण पत्र, मेडिकल किट सहित अन्य मापदण्डों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने तथा ओवर लोडिंग करने वाले वाहन चालकों पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी स्कूलों के वाहनों की जांच कर स्कूल वाहनों में निर्धारित मापदण्ड अनुसार सीसीटीवी, पैनिक बटन, स्पीड गर्वनर सहित आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने जिले में नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने किए जा रहे कार्यो की भी समीक्षा की। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पाण्डे ने निर्देश दिए कि मुख्य मार्गो के किनारे स्थित स्कूलों के समीप सड़क किनारे स्कूल साइन बोर्ड, धीमी गति से वाहन चलाएं आदि साइन बोर्ड लगाए जाएं। बैठक में पुलिस, यातायात, लोक निर्माण विभाग, स्कूल, स्वास्थ्य, एनएचएआई, एमपीआरडीसी सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# ब्लैक स्पॉट पर बनाएं डबल ब्रेकर: कलेक्टर





**समय जगत, शहडोल।** कलेक्टर डॉ केदार सिंह की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राजकीय राजमार्ग में बने ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर लें। उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट में दोनों तरफ से डबल ब्रेकर बनाना सुनिश्चित करें। जिससे आने वाली गाड़ियों की गति धीमी हो सके एवं दुर्घटना न होने पाए। कलेक्टर ने कहा कि ब्लैक स्पॉट पर 'दिशा सूचक एवं कृपया धीरे चलें' का लिखित साइन बोर्ड भी लगाएं जिससे आने वाले गाड़ी के वाहन चालक को दिशा एवं ब्लैक स्पॉट की जानकारी मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि ऐसी सड़के जो गांव से निकलकर सीधे हाईवे रोड में मिलती है एवं उसे मिलने वाली सड़क के दोनों साईड दुकान खोल दी जाती हैं जिस कारण से आने वाली गाड़ियां दिखाई नहीं देती हैं एवं दुर्घटना का कारण बनती हैं उन्होंने कहा कि ऐसी जगह पर बनी दुकानों को तत्काल हटाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा को लेकर अन्य विषयों पर भी चर्चा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, डीएसपी यातायात विभाग मुकेश दीक्षित सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, सड़क सहित विकास कार्यों को प्रदेश सरकार करने के लिए है कटिबद्ध: प्रेमशंकर वर्मा

**समय जगत, सिवनी मालवा।** क्षेत्रीय विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने स्थानीय रेस्ट हाउस में प्रेसवार्ता करते हुए जानकारी दी कि नर्मदापुरम से टिमरनी तक 10 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। जिसकी कुल लागत 405 करोड़ रुपए होगी। जो सिवनी मालवा नगर के मुख्य मार्ग से ही जुड़ेगी। सड़क निर्माण से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा। जिससे समय की बचत होगी और आवागमन सुगम होगा।

**कृषि क्षेत्र में सिंचाई योजनाएं:** विधानसभा क्षेत्र 3 महत्त्वपूर्ण सिंचाई योजनाओं को शुरू किए जाने की तैयारी चल रहीं हैं। इन योजनाओं के माध्यम से जल उपलब्धता बढ़ेगी। जिससे फसल उत्पादन में सुधार होगा और किसानों को अधिक लाभ मिलेगा। अधिकतर किसानों के खेतों में जल उपलब्ध होगा। अभी हमारी सरकार ने किसानों की आए दो गुनी तो कर दी हैं। अब 3 गुनी भी शीघ्र होगी। किसान खुशहाल होगा तो क्षेत्र भी उन्नति करेगा। किसानों को पर्याप्त वोल्टेज और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नए विद्युत उपकेंद्रों का निर्माण किया गया है। इस पहल से न केवल किसानों की सिंचाई सुविधाओं में सुधार होगा बल्कि आम नागरिकों को भी बेहतर बिजली की आपूर्ति मिलेगी। सरकार सौरऊर्जा का काम भी कर रहीं हैं। जिसका लाभ भी किसानों को मिलेगा। सिवनी मालवा विधानसभा ने नए सड़कों का निर्माण किया गया है और जिन ग्रामों में सड़कें नहीं थीं, उन्हें भी बजट में शामिल कर स्वीकृति दी गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात सुविधाएं बेहतर होंगी और स्थानीय विकास को बढ़ावा मिलेगा। सड़को की रिपेयरिंग भी पुनः की जा रही हैं। 139 किलोमीटर सड़को का काम किया गया हैं। प्रधानमंत्री सड़कों का कार्य है। किसान कल्याण निधी से 15 सड़के कृषि मंडी ने स्वीकृत की हैं। जो बन भी रहीं हैं। प्रधानमंत्री आवास 10 हजार बन चुके हैं। 3 हजार का लक्ष्य अभी ओर आया हैं। सरकार का लक्ष्य हैं। एक भी गरीब परिवार मकान बिना नहीं रहें। विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने बताया कि हमने सीएमएचओ नर्मदापुरम से चर्चा की हैं शीघ्र ही सिवनी मालवा के सिविल अस्पताल में चिकित्सकों और स्टाफ का प्रबंध कर क्षेत्र के नागरिकों को उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए हमने कहा हैं। इसके लिए शीघ्र ही प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल से मुलाकात कर आवश्यकताओं को पूरा कराया जाएगा। वहीं हमने स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का उन्नत किया हैं। डोलरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवर्तित किया गया है। साथ ही, प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्रों के भवनों का भी निर्माण किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो सकें। शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए पीएमश्री महाविद्यालय और पीएमश्री स्कूल की स्थापना की गई है। शिवपुर में इस वर्ष सीएम राइज स्कूल शुरू हो जाएगा। साथ ही नए विद्यालयों का निर्माण कार्य भी पूरा किया गया है। जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। इन सभी विकास कार्यों से क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा और नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी।



## जल संचयन, जल पुनर्चक्रण और जल के उचित उपयोग की आवश्यकता

**समय जगत, शहडोल।** जल को बचाएं जीवन को बचाएं, जब तक जल सुरक्षित है तब तक कल सुरक्षित है गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में 30 जून 2025 तक जल को सहेजने, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं और जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संदेश दे रहे हैं। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला शहडोल के तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम बरेली में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक द्वारा जल का महत्व बताने हेतु चौपाल लगाई गई। चौपाल में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय ने जल का महत्व बताते कहा कि जल जीवन का मूल आधार है। यह न केवल पीने के लिए आवश्यक है, बल्कि षि, उद्योग, परिवहन और ऊर्जा उत्पादन में भी अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जल के बिना न केवल जीवन संभव नहीं है, बल्कि पृथ्वी पर जीवन का संतुलन भी अस्तित्व में नहीं रह सकता। उन्होंने यह भी बताया कि जल का उपयोग सीमित है, और यह प्राकृतिक संसाधन है, जिसे हम बर्बाद नहीं कर सकते। जल संचयन, जल पुनर्चक्रण और जल के उचित उपयोग की आवश्यकता है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को पानी की कमी का सामना न करना पड़े। जल संकट को लेकर जागरूकता बढ़ाने और जल के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून 2025 तक चलाया जाएगा जिसमें जल स्रोतों की साफ़ सफ़ाई उनके रख रखाव पर पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करना है जिसमें आप सब की सहभागिता सुनिश्चित हो।

## जवारे रूपी माता को विदाई देने गणगौर घाटों पर उमड़ा जनसैलाब




**समय जगत, खरगोन।** चैत्र नवरात्र में इशर राजा और रणुबाई की आराधना के उल्लास का पर्व गुरुवार को चरम पर पहुंच गया। शाम के समय शहर का कुंदा तट श्रद्धालुओं से पटा रहा। रोशनी से नहाए घाटों पर जवारे रुपी माता को विदाई देने का दौर शुरु हुआ। श्रद्धालूओं ने माता को गले लगाकर नम आंखों से बहते पानी में विसर्जित किया। जिन परिवारों ने रथ बौड़ाए उन घरों में माता रुपी जवारो को बेटी की तरह पूजा गया, शाम को चल समारोह भी निकले। बाजे– गाजे के साथ गणगौर घाट पहुंचे श्रद्धालूओं ने माता के सामने नतमस्तक होने के बाद उन्हें विदाई दी, तो कई स्थानों पर शुक्रवार को भी विसर्जन चल समारोह निकाले जाएंगे। विदाई के समय श्रद्धालुओं द्वारा वे सभी रस्में अदा की गईं जो बेटी की विदाई के समय होती हैं। गणगौर पर्व पर उत्साह भरे माहौल के बीच गणगौर माता को भक्तों ने भावभीनी विदाई देते हुए सबके मंगल की कामना की। पिछले 10 दिनों से अंचल में गणगौर पर्व की धूम मची हुई है।

# सरकार के वक्फ बिल के विरोध में काली पट्टी बांधकर मनाया ईद-उल-फितर का पर्व

**समय जगत, मंडीदीप।** औधोगिक शहर में ईद-उल-फितर का पर्व इस वर्ष अलग अंदाज में मनाया गया। हजारों मुसलमानों ने सरकार के वक्फ बिल के विरोध में हाथ पर काली पट्टी बांध कर नमाज अदा करते हुए शांती पूर्वक विरोध दर्ज कराया। उपस्थित मजमे को खिताब करते हुए हाफिज मंजूर ने कहा कि ईद-उल-फितर खुशियों और मसर्रतों का पर्व है। आज अल्लाह ताला बन्दों को इनाम देते है। मौलाना ने रमजान की फजीलतो के बाद ईद पर बयान किया। इससे पूर्व सुबह से ही बच्चों, बूढ़ों और युवाओं के चेहरों पर ईद की खुशी देखी गई। मुस्लिम समाज के लोग सुबह से ही ईदगाह की और रवाना हुए निर्धारित समय से दस मिनट देर से शुरू हुई नमाज के बाद भी सेकड़ो लोग लेट आने के कारण नमाज से वंचित रह गए। उनके लिए ईदगाह मस्जिद एवं मोहम्मदी मस्जिद में इंतजाम किए गए वहां भी अनेक लोगों को ईद की नमाज अदा कि। बता दें कि ईदगाह में मंडीदीप के आसपास के चालीस गांव के लोग शामिल होते है वह तो समय पर आ गए लेकिन कई स्थानीय लोगो को लेट लतीफी के कारण दो स्थानों पर नमाज नही मिली उन्होंने अंत मे मोहम्मदी मस्जिद में ईद कि नमाज पडी। इधर ईदगाह पहुंचे भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं नपा अध्यक्ष प्रतिनिधी राजेन्द्र अग्रवाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दीपेश मारन, पूर्व नपा अध्यक्ष बद्री सिंह चौहान, एमपी गोस्वामी, विनोद इरपाचे, राकेश मालवीय, वीरेंद्र मीणा, उधम सिंह पाल, दशरथ मीणा, संतोष राय, कपिल पाल, अंकित चोरे, राजू मेहर, पूर्व जनपद अध्यक्ष अशोक पटेल, एसडीएम चन्द्रशेखर श्रीवास्तव, तहसीलदार हेमन्त शर्मा एसडीओपी शीला सुराणा, औधोगिक थाना प्रभारी, विजय त्रिपाठी, नवागत नगर निरीक्षक रंजीत सराठे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रशांत जैन, हरभजन जांगड़े, अंकित कुशवाहा, गणेश शर्मा अनूप पाल ने मुस्लिम समाज के हाजी अलताफ खान, हाजी सोहेल खान, अब्दुल रहीम खान, अतीक अहमद, मुनव्वर पटेल, इरशाद खान, नोशाद पटेल, हाजी रमजान खान, मोहसिन खान, हाजी चंदू भाई, इमरान पठान, अश्शू खान, इकबाल अली, निसार मौलाना, असलम पठान, सलमान अली, सरफराज खान, राशिद अली, जावेद राइडर, अथर हुसैन, अनस अहमद बिट्टू पठान, अख्तर हुसैन दानिश अहमद सहित मुस्लिम समाज के अनेक लोगो से गले मिलकर ईद की मुबारक बाद दी। इस दौरान औद्योगिक थाना पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने हेतु पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया।



# पुरानी कृषि मंडी परिसर की खाली जगह में बनेगा गीता भवन



**समय जगत, गंजबासौदा।** त्योंदा रोड की पुरानी कृषि उपज मंडी परिसर की खाली जगह में नगर पालिका द्वारा भव्य गीता भवन का निर्माण कराया जाएगा। उक्त आशय की स्वीकृति नगर पालिका परिषद की बजट बैठक के दौरान विधायक हरि सिंह रघुवंशी, नपा अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव सहित समस्त पार्षदों के द्वारा दी गई। यहां यह भी जानना बहुत जरूरी है कि अभी तक नपा के पास नगर में ऐसी कोई सुव्यवस्थित जगह नहीं है जहां बड़े धार्मिक, सांस्कृतिक और अन्य कार्यक्रम किए जा सके। बजट सत्र की बैठक में नपा के सहायक लेखा अधिकारी पुष्पेंद्र अहिरवार ने सभी की सहमति के बाद बताया कि नगर के विकास और निर्माण कार्यों को रफ्तार देने के लिए इस बार एक अरब 8 करोड़ 58 लाख अनुमानित बजट रखा गया है। जबकि पिछले साल यह बजट 84 करोड रुपए था। इसके अलावा वर्ष 2018 से ग्रामीण क्षेत्रों में आगजनी की घटना को रोकने के लिए जाने वाली दमकल का बकाया 18 लाख रुपए शासन से लिया जाना है जिसके लिए मांग पत्र भी लिया गया। बजट सत्र की बैठक में सभी की सहमति से संपत्ति कर में ?1 वार्षिक शुल्क की वृद्धि की गई और जलकर जो अभी तक ?80 लिया जाता था उसे ?100 करने पर सभी एकमत हुए। इस मौके पर बताया गया कि नगर में बहुत ऐसे बड़े बकायादार हैं जिन्हें लाखों रुपए के कर देना है। उनसे कर वसूलने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग लगाकर करदाता का नाम और बकाया राशि लिखवाने पर सभी के द्वारा जोर दिया गया ताकि नपा किया है में वृद्धि हो सके। बैठक के अंत में वन नेशन वन इलेक्शन पर सभी की रजामंदी ली गई और अंत में सभी ने इस पर अपनी अपनी सहमति दी। बैठक में नगर पालिका सीएमओ जयंत वर्मा के अलावा अधिकारी कर्मचारी और पार्षद गण मौजूद थे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया गया सामूहिक श्रमदान



**रीवा।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे हो जल संरक्षण गंगा संवर्धनअभियान के तहत बृहस्पतिवार को ग्रामग्राम इटौरा में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था युवा एकता कल्याण संघ व ग्राम पंचायत के सहयोग से सामूहिक श्रमदान अभियान चलाकर स्वच्छता व जल संरक्षण का अभियान शुरू किया गया। स्थानी जनप्रतिनिधियों सरपंच सचिव एवं समाजसेवियों ने मौका पर.चौपाल लगाकर कर योजना तैयार की गई नदी के जल प्रवाह को व्यवस्थित करने श्रमदान के माध्यम से जल संरक्षण की चेतन को जन-जन में जागृत करने के साथ सतत श्रमदान करने की कार्य योजना तैयार की गई और स्थानीय समाज से भी सहयोगी अपील की गई श्रमदान के शुभारंभ करते हुए मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक श्री प्रवीण पाठक, ने सभी ग्रामीण जनों से नदी के प्रवाह सतत चालू रखने के जन सहयोग के माध्यम से पानी संरक्षण हेतु श्रमदान में भाग लेने की अपील की वहीब्लॉक समन्वयक रायपुर कर्चुलियान सुषमा शुक्ला , ने श्रमदान की कार्य योजना पर चर्चा कीरीवा ब्लॉक समन्वयक अमित अवस्थी ,युवा एकता कल्याण संघ के अध्यक्ष राजराखन पटेल,समाजसेवी शम्मी शुक्ला ,ग्राम के सरपँच भास्कर साहू,ग्राम के प्रतिष्ठित समाजसेवी अरुण मिश्रा, सचिव सुरेन्द्र मिश्रा,सहायक सचिव नीलेश शुक्ला, परामर्शदाता शिवानी पाण्डेय,मनोज सेन,विजय मिश्रा,उपसरपंच उपेंद्र मिश्रा राजा सनजसेवी ग्राम पंच माखन यादव सहित इस अभियान में युवा एकता कल्याण संघ के पदाधिकारी जो श्रमदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे युवा साथी अमित पटेल,अर्पित पटेल,अरविंद सिंह,शुभम सिंह,दीपेंद्र सिंह,सुभम सेन,प्रिंस पटेल,पुष्पराज पटेल,अतुल पटेल,अमन साकेत,राहुल पाण्डेय,सुर्दशन गौरव शुक्ला सौरव शुक्ला ,तिलकराज साहू,मुन्ना कोल,सहित बड़ी शंख्या में ग्राम पंचायत की महिलाओं , व स्थानीय जनो की महत्वपूर्ण सहभागिता रही।

सभी श्रमदानियो ने प्रतिदिन जिला प्रशासन व जन अभियान परिषद द्वारा चयनित भेडरा नदी में श्रमदान करके इसे रीवा जिले में आदर्श नदी बनाने का संकल्प लिया है। इस अभियान में जिसमे जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी व जनप्रतिनिधि विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी, शैक्षणिक संस्थानों के छात्र छात्राएं समय समय पर शामिल होकर श्रमदान कार्यक्रम में अपना योगदान देंगे।

# मऊगंज जिले में पंजीकृत चिकित्सक के नवीन प्रिस्क्रिप्शन के बिना कोरेक्स का विक्रय प्रतिबंधित

**रीवा।** जिला मजिस्ट्रेट एवं कलेक्टर संजय कुमार जैन ने मऊगंज जिले में पंजीकृत चिकित्सक के नवीन प्रिस्क्रिप्शन के बिना कोरेक्स कफ सिरप का विक्रय प्रतिबंधित कर दिया है। उन्होंने धारा 163 के तहत संपूर्ण जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं जो तत्काल प्रभाव से प्रभावशील हो गया है। जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश में उल्लेखनीय किया है कि दैनिक समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यमों से यह संज्ञान में आया है कि कम उम्र के बच्चों एवं युवा पीढ़ी द्वारा कॉरेक्स कफ सिरप का उपयोग नशे के रूप में किया जाता है, जो कि सामान्य उपयोग की वस्तु होने से आसानी से बाजार में सर्वसाधारण के लिए उपलब्ध हो जाती है। कम उम्र के बच्चों एवं युवाओं द्वारा अज्ञानतावश कॉरेक्स कप सिरप का नशे के रूप में उपयोग किया जाना, एक आम समस्या होती जा रही है, जिसके दुष्परिणाम बच्चों एवं युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास में बाधा के रुप में परिलक्षित होते है। नाबालिक एवं कम उम्र के बच्चों एवं युवाओं को उक्त नशे का आदी बनाया जाकर अपराध की दिशा में भी अन्य लोगों द्वारा दिग्भ्रमित किए जाने की पूर्ण संभावना रहती है। उक्त कारणों से नाबालिग बच्चों एवं युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभाव, सड़क दुर्घटना से मृत्यु एवं जनहानि एवं अपराधिक गतिविधियों की संभावनाएँ है। कलेक्टर ने आदेश में कहा कि दैनिक समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त सूचनाओं से मुझे यह समाधान हो गया है कि नशे के रूप में नाबालिग बच्चों / कम उम्र के बच्चों एवं युवाओं द्वारा कॉरेक्स कफ सिरप जैसे उत्पाद का उपयोग नशे के लिए किया जा रहा है, जिस पर अंकुश लगाने एवं लोक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किया जाना आवश्यक है। अतः भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये सम्पूर्ण मऊगंज जिले में निम्नानुसार प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। मऊगंज जिले में कोई भी दुकानदार कॉरेक्स कफ सिरप पंजीकृत चिकित्सक के नवीन प्रिस्क्रिप्शन के बिना विकय नहीं करेगा।




## सार-समाचार

### जनजातीय नायकों पर एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन



**समय जगत, रीवा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, रीवा मे मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में जनजातीय नायको पर जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ( सामाजिक, ऐतिहासिक, आध्यात्मिक ) विषय पर 01 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 03 अप्रैल 2025 को महाविद्यालय के स्वामी विवेकानन्द सभागार में लगी प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि द्वारा रिबन काटकर किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि श्री अजय सिंह जिला अध्यक्ष वनवासीय विकास परिषद् तथा अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रवीन्द्र नाथ तिवारी, मुख्य वक्ता श्री पन्नालाल कोल विभाग संगठन मंत्री वनवासीय विकास परिषद्, विशिष्ट अतिथि श्री सुरेश कुमार मौर्य, जिला युवा कार्य प्रमुख वनवासीय विकास परिषद कार्यशाला का शुभारंभ भगवान बिरसा मुण्डा एवं तिलका माझी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की प्रस्तावना कार्यक्रम के संयोजक डॉ0 विवेक वर्मा ने रखी, उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि इतिहास के पन्नों पर जनजाजीय समुदाय के नायको का उल्लेख नहीं है जिससे महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को जनजातीय समाज के बलिदान के बारे में जानकारी नहीं है। मुख्य वक्ता श्री पन्नालाल कोल ने अपने उद्बोधन में कहा कि जनजातीय समाज प्रकृति की धरोहर को संजो को रखता है एवं पर्यावरण को संतुलित करता है, जनजातीय समाज के सैकड़ो स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का इतिहास के पन्नों में नाम अंकित नहीं है। श्री सुरेश कुमार ने अपने उद्बोधन में जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत के बारे में तिलका माझी एवं भगवान बिरसा मुण्डा के बलिदान के बारे में बताया। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के सह–संयोजक डॉ0 बाल महेन्द्र प्रजापति द्वारा किया गया एवं विशेष सहयोग डॉ. संजय कुमार मिश्र का रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 आरती तिवारी द्वारा किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, सहा. प्राध्यापक, अतिथि विद्वान, कर्मचारीगण एवं सैकड़ों की संख्या में छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

### समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए पंजीयन की तिथि बढ़ी - अब 9 अप्रैल तक होगा पंजीयन

**रीवा।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 9 अप्रैल कर दिया गया है। किसान अब समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए 9 अप्रैल तक पंजीयन करा सकते हैं। किसान एमपी किसान एप, ई–उपार्जन पोर्टल तथा ई–उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। शासन द्वारा वर्तमान वर्ष के लिए गेंहू का समर्थन मूल्य 2425 रूपये तथा सरकार द्वारा घोषित 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस के साथ किसानों से 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेंहू का उपार्जन होगा। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि रीवा जिले में गेंहू उपार्जन के लिए खरीदी केन्द्र निर्धारित कर दिए गए हैं। किसान इन खरीदी केन्द्रों में गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। सभी किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अपना आनलाइन पंजीयन अवश्य करायें। पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जायेगी। स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। किसान 50 रुपए का शुल्क देकर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र तथा साइबर कैफे में पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर ने बताया कि पंजीयन के समय किसान आधार संख्या से लिंक बैंक खाते दर्ज करें जिससे ऑनलाइन भुगतान किया जा सके। पंजीयन कराने के लिए किसान को बोये गये खेत के खसरा नंबर की ऋण पुस्तिका, आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। बटाईदार एवं सिकमी किसानों के लिए भी ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था की गयी है। केवल पंजीकृत किसानों को ही गेंहू उपार्जन का लाभ दिया जायेगा।

### मानस भवन में आज से लगेगा दो दिवसीय पुस्तक मेला

**समय जगत, रीवा।** विद्यार्थियों को रियायती दर पर किताबें और स्कूल ड्रेस उपलब्ध कराने के लिए रीवा में मानस भवन में दो दिवसीय पुस्तक मेला लगाया जा रहा है। पुस्तक मेला चार और पाँच अप्रैल को सबुह 10 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित होगा। प्रत्येक दुकानदार का पंजीयन करके स्टाल संख्या आवंटित की गई है। मेले में खरीददारों और वेंडर्स के लिए समुचित व्यवस्थाएं हैं। पुस्तक मेले में 10 प्रतिशत छूट पर किताबें मिलेंगी। पुलिस अधिकारी वाहनों की पार्किंग तथा भीड़ प्रबंधन के लिए उचित प्रबंध करेंगे तथा आयुक्त नगर निगम मेला स्थल में पेयजल और साफ–सफाई की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायेंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेला स्थल का निरीक्षण करके सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। मेले में किताबों और स्कूल ड्रेस के सभी विक्रेता अपना स्टाल लगाएं, इसे सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा अधिकारी मेले के प्रत्येक काउंटर पर कर्मचारी तैनात करें। मेले में सभी कक्षाओं की पूरी किताबों की बिक्री सुनिश्चित करें जिससे अभिभावक को किताबों के लिए पुनः दुकान न जाना पड़े। मेला स्थल में हेल्पडेस्क भी स्थापित करें। इसमें प्राप्त सूचनाओं तथा उन पर की गई कार्यवाही से प्रतिदिन सीईओ जिला पंचायत को अवगत कराएं। फीस बढ़ाने के संबंध में यदि कोई स्कूल संचालक शासन के निर्देशों का उल्लंघन करता पाया जाएगा तो उस पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

## फिल्मी स्टाइल में घर में घुसकर हुई लूट, जानकर हो जाएंगे हैरान!

**रीवा।** ' फिल्मी स्टाइल में घर में घुसकर हुई लूट, बेटे के दोस्त बनकर आए बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम, पिता के सिर पर पिस्टल अड़ाकर लूटे लाखों का समान रीवा में एक फिल्मी स्टाइल में हुई लूट की घटना ने पुलिस के साथ साथआम शहरियों को भी चौका दिया है, मामला चोरटहा थाना क्षेत्र का है जहां देर रात बेटे के परिचित बनकर पहुंचे तीन किसी संख्या में बदमाशों ने पहले बातचीत कर घर में भीतर घुसे और उसके बाद पिस्टल अड़ाकर जेवर सहित लाखों का माल लेकर फरार हो गए. सूचना मिलने के बाद अब पुलिस गंभीरता से बदमाशों को पकड़ने का प्रयास कर रही है. बताया जा रहा है कि, बीती रात कुछ बदमाश पीड़ित परिवार के घर पहुंचे जहां पीड़ित से पूछा कि आप राहुल के पिता है?

राहुल फोन नहीं उठा रहा है. और ऐसी बात करते-करते वह घर के भीतर घुस गए पहले तो उन्होंने पानी पीने के लिए मंगाया जैसे ही अधेड़ उम्र के व्यक्ति घर में पानी लेने के लिए पहुंचे या तीन की संख्या में बदमाश अंदर घुस गए और तहकीकात करने लगे इसके बाद उन्होंने पीड़ित के सिर पर पिस्टल अड़ा दिया, और घर में रखे सामान की जानकारी ली जेवर सहित लाखों की नगदी लेकर फरार हो गए।

## सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक की सभी शिकायतें तीन दिन में करें निराकृतः कलेक्टर

# नियमित सुनवाई करके एक वर्ष से अधिक समय से लंबित सभी प्रकरण करें निराकृतः प्रतिभा पाल

**समय जगत, रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, नक्शा तरमीम तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की तहसीलवार समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व अधिकारी एक वर्ष से अधिक सभी प्रकरणों की नियमित सुनवाई करके उनका इस माह निराकरण सुनिश्चित करें। लंबित प्रकरणों में समय सीमा में प्रतिवेदन दर्ज कराएं। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित राजस्व प्रकरणों का विशेष प्रयास करके सात दिवस में निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन में भी 50 दिन से अधिक शिकायतों का तीन दिन में निराकरण न होने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। सभी राजस्व अधिकारी विभागीय कार्यों के साथ-साथ अपने क्षेत्र में कानून और व्यवस्था बनाए रखने पर भी विशेष ध्यान दें। त्यौहारों के दौरान कानून व्यवस्था की कड़ी निगरानी करें। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों को तहसीलदार स्वयं पढ़कर उनमें तथ्यपरक प्रतिवेदन दर्ज करें। सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण तथा प्राकृतिक आपदा में राहत राशि के प्रकरण तय समय सीमा में निराकृत करें। समय सीमा के प्रकरण निराकृत न होने पर संबंधित अधिकारियों पर अर्थदण्ड लगाएं। सभी एसडीएम जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बनाए जा रहे अमृत सरोवरों को खसरे में दर्ज कराएं। जल संसाधन विभाग की सभी नहरों को भी खसरे में अनिवार्य रूप से दर्ज करें। उचित मूल्य दुकानों का नियमित रूप से निरीक्षण करके खाद्यान्न का वितरण कराने के साथ-साथ 30 अप्रैल तक सभी राशन कार्डधारियों की ई केवाईसी अनिवार्य रूप से कराएं। इसमें लापरवाही बरतने वाले सेल्समैनों तथा सहायक आपूर्ति अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें। ई केवाईसी न कराने पर 15 अप्रैल के बाद खाद्यान्न प्राप्त नहीं होगा। एसडीएम 15 अप्रैल तक ई केवाईसी न कराने वाले राशन कार्डधारियों का नाम पृथक करने की कार्यवाही करें। स्वामित्व योजना के तहत आरओआर सर्वे तथा ग्राउण्ड ट्रुथिंग का कार्य समय पर पूरा कराएं। पात्र हितग्राहियों को भू अधिकार पत्रों का समारोहपूर्वक वितरण कराएं। सभी वक्फ सम्पत्तियों का चिन्हांकन कर लिया गया है। इनका सत्यापन करके पोर्टल पर जानकारी दर्ज करें। प्राकृतिक आपदा में राहत राशि जारी करने के संबंध में शासन द्वारा मदवार निर्धारण कर दिया गया है। नये निर्देशों के अनुरूप राहत राशि के लंबित सभी प्रकरण सात दिवस में निराकृत करें।बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि में ई केवाईसी अपडेशन तथा फार्मर रजिस्ट्री का कार्य भी प्राथमिकता से कराएं। पटवारियों की ड्यूटी लगाकर निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार ई केवाईसी अपडेट कराएं। गेंहू उपार्जन के लिए पंजीकृत सभी किसानों के रकबे का अनिवार्य रूप से सत्यापन करें। सभी राजस्व अधिकारी अपने क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था तथा विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों पर भी निगरानी रखें। प्राकृतिक आपदा की सूचना मिलने पर तत्परता से कार्यवाही करें।



### समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं के सभी प्रकरण तीन दिवस में निराकृत करें : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी समाधान ऑनलाइन में शामिल 10 एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन की सभी शिकायतों का तीन दिवस में अनिवार्य रूप से निराकरण करें। साथ ही मार्च माह में दर्ज शिकायतों एवं 50 दिन से अधिक शिकायतों भी सात दिवस में शत–प्रतिशत निराकरण कराएं। व्यक्तिगत रूचित लेकर स्वयं शिकायतें देखें तथा आवेदकों से बात करें। लंबित प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें। शिकायतों पर तथ्यों सहित प्रतिवेदन दर्ज करें। कार्यपालन यंत्री पीएचई पेयजल से जुड़ी सीएम हेल्पलाइन की सभी शिकायतों का तत्काल निराकरण करें। खराब हैण्डपंपों के सुधार का अभियान चलाएं।

# 6 अप्रैल को हर्षोल्लास से मनाएं पार्टी का स्थापना दिवस

**रीवा।** भारतीय जनता पार्टी रीवा जिले के सभी 26 मंडलों की कार्य समिति की बैठक संपन्न हुई रायपुर सोनौरी मंडल की बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि । कार्यकर्ता 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की तैयारियों में जुट जाएं। पार्टी का स्थापना दिवस पूरी तैयारी के साथ पार्टी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप सभीमतदान केंद्र में उत्साह पूर्वक मनाएं उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस मनाने के लिए विशेष तैयारियां करें और अपने निवास और पार्टी कार्यालय पर पार्टी का ध्वज लगाकर पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाएं। कार्यालय की सजावट कर रंगोली बनाएं सेल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया पर ''हैशटैग बीजेपी फॉर विकसित भारत'' के साथ पोस्ट करें।



**बस्तियों में स्वच्छता व सेवा कार्यों में जुटें पदाधिकारी:** भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि 6 एवं 7 अप्रैल को बूथ स्तर पर और 8-9 अप्रैल को मंडल व विधानसभा स्तर पर भाजपा की चुनावी सफलता, संगठनात्मक विस्तार, भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन एवं प्रधानमंत्री के रूप में श्री नरेंद्र मोदी जी के साथ विकसित भारत की ओर यात्रा जैसे विषयों पर नए प्राथमिक सदस्यों का सम्मेलन आयोजित करना सुनिश्चित करें। 7 से 12 अप्रैल के बीच जिला पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि व मंडल अध्यक्ष दिन में 8 घंटे ÷बस्ती चलो अभियान÷ के तहत सेवा बस्ती का दौरा कर मंदिर, अस्पताल, स्कूल व गलियों में स्वच्छता अभियान में भाग लें। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के 10 लाभार्थियों से मिलकर उनसे बातचीत करें, आंगनवाड़ी केंद्र, स्कूल, पशु चिकित्सालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व पंचायत कार्यालय का दौरा कर जल संरचनाओं की सफाई में सहभागिता करें। स्थानीय निवासियों की चौपाल का आयोजन तथा अलग-अलग समुदाय के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के घर पहुंचना है। वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ता, मीसा बंदी तथा कारसेवकों का सम्मान करने के साथ बूथ समितियों की बैठक आयोजित करना है।

**बाबा साहब की प्रतिमाओं को सफाई कर मनाएं दीपोत्सव :** नारायण मिश्रा सिरमौर मंडल कर समिति की बैठक को भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण मिश्र ने ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व 13 अप्रैल को उनकी प्रतिमाओं की सफाई करना तथा संध्या के समय दीपोत्सव मनाना है। 14 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ करना है।

## शिक्षा महाविद्यालय रीवा में हुआ राष्ट्रीय शोध सेमिनार का आयोजन

**रीवा।** शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय में राष्ट्रीय शोध सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न शोधकर्ताओं ने अपने शोध मे प्रयुक्त शोध विधि,उपकरण,विश्लेषण एवं निष्कर्षों का प्रस्तुतीकरण किया। शोध सेमिनार के प्रमुख विषय वैश्विक स्तर पर युद्धों का पर्यावरणीय दुष्प्रभाव, विद्यालयीन छात्रों में दक्षता वृद्धि हेतु सुझाव, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षक शिक्षा, परीक्षा में तनाव प्रबंधन, शैक्षिक उन्नति में शिक्षक प्रशिक्षण की उपयोगिता थी। डॉ. तृप्ती श्रीवास्तव ने किशोरावस्था की समस्याएं विषय पर, डॉ. सुचिता शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और शिक्षक शिक्षा विषय पर,? डॉ. रेखा त्रिपाठी ने तनाव प्रबंधन पर, धीरज नामदेव ने विद्यालय में शिक्षक शिक्षा के विशेष संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की एक महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि विषय पर, संध्या गौतम ने शिक्षकों की शिक्षण पद्धति विषय पर, वैष्णवी शुक्ला ने दक्षता वृद्धि का अध्ययन विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। समापन भाषण एवं आभार प्रदर्शन डॉ पी एन मिश्रा ने किया। शोध सेमिनार में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के पूर्व डीन, सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. डी एन सनसनवाल एवं म.प्र. भोज मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. आर. एस. पांडेय, शिक्षा महाविद्यालय रीवा के प्राचार्य डॉ. आर. एन पटेल, डॉ. पी.एन. मिश्र, डॉ. एस के त्रिपाठी ,डॉ. दीपा अग्निहोत्री, डॉ. हरिश्चंद्र द्विवेदी, डॉ. उमेश पाण्डेय, डॉ. संजीव तिवारी, डॉ. मनोज शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती 14 अप्रैल को प्रतिमा में माल्यर्पण कर मनायें

# 6 अप्रैल को कार्यकर्ता बूथ स्तर तक मनाएं भाजपा का स्थापना दिवस

**समय जगत, रीवा।** पार्टी कार्यालय अटल कुंज में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रम पर रीवा कार्यालय में बैठक हुई जिस बैठक में प्रमुख रूप से जिला प्रभारी शशांक श्रीवास्तव जी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने किया। बैठक मे प्रमुख रूप से मंचासीन नेताओं में पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश्वर सिंह, डॉ. अजय सिंह, विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी डॉ. अनिल पटेल, पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी, राजेन्द्र पाण्डेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री श्रीमती ममता गुप्ता ने किया एवं आभार जिला महामंत्री रामजी प्रजापति ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला प्रभारी शशांक श्रीवास्तव ने हिन्दु नव वर्ष व चैत्र नवरात्र की सभी को शुभकामनायें देते हुए कहा कि केन्द्र व राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने जो योजनायें लागू की उन्हें जनता तक प्रचार प्रसार के माध्यम से बताये ताकी पात्र हितग्राहियों को लाभ हो सके। भाजपा पहले देश की बात करती है देश सुरक्षित है तो सबकुछ ठीक है।

अयोध्या में श्रीराम मंदिर का भव्य मंदिर बन गया है पहले प्रभु श्रीराम टेंट में रहते थे यह सब भाजपा सरकार के कारण ही संभव हो सका है। भाजपा एक ऐसी पार्टी है जिसका हर एक कार्यकर्ता का सम्पर्क अभियान गांव-गांव व हर जनता से सम्पर्क बना रहता है। कार्यकर्ता 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस प्रत्येक बूथ स्तर तक मनाये। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का तीसरा कार्यकाल राष्ट्र की राजनीति और विकास पथ में परिवर्तन के एक नए युग की शुरुआत कर रहा है। एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक, वक्फ संशोधन विधेयक, एक राष्ट्र एक सब्सक्रिप्शन, आयकर छूट सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपये करने से करदाताओं को राहत जैसे कई निर्णय राजनीतिक और सामाजिक विमर्श की गतिशीलता को बदलने की क्षमता रखते हैं। हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में एनडीए की निर्णायक जीत ने पुनः स्थापित कर दिया है कि भारतीय मतदाता नकारात्मक एवं भ्रम फैलाने वालो को स्वीकार नहीं करेगा। उत्तराखंड, हरियाणा, गुजरात, छत्तीसगढ़ के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत ने साबित किया है कि लोगों की पहली प्राथमिकता विकास ही है। इसी अवधि में महाकुंभ का आदर्श आयोजन हुआ, जिसने आम भारतीय जनमानस को एक सूत्र में पिरोया और राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का एक वर्ष भी पूरा हुआ। 6 अप्रैल को पार्टी स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबडेकर जयंती को बड़े स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मनाना है।

पार्टी के सभी सभांगीय एवं जिला कार्यालयों सहित कार्यकर्ताओं के घरों पर पार्टी का झंडा फहराना है, सेल्फी लेना है और उन्हें सोशल मीडिया पर पोस्ट करना है। समस्त पार्टी कार्यालय को सजाना है और मिठाइयाँ बाँटनी हैं। जिला स्तर पर प्रदर्शनी तैयार करके उन्हें प्रदर्शित करना है। 6 अथवा 7 अप्रैल को प्रत्यके बूथ पर प्राथमिक सदस्यों को एकत्रित होना है और पार्टी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाना है। 7 से 13 अप्रैल के बीच (03 दिवस) मंडल अध्यक्ष के स्तर से ऊपर के सभी भाजपा पदाधिकारियों (पुराने और नए), जनपद पंचायत सदस्यों और पार्षदों के स्तर से ऊपर के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को ÷गाँव/बस्ती चलो अभियान÷ में भाग लेना है। 13 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमाओं की सफाई करनी है, परिसर को सजाना है और शाम को दीपोत्सव आयोजित करना है। 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करना है और मिष्ठान वितरण करना है। संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया जाना चाहिए। आंगनबाड़ी केद्रों और अनुसूचित जाति बस्तियों के स्कूलों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जाए एवं परिसर की सफाई, सामुदायिक सुविधाओं का रखरखाव किया जाए।